जबलपुर
शुक्रवार, 2 मई 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-6
- वर्ष : 20, अंक : 2
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 41
न्यूनं. 23

8 युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार



मैट्रो
14 गलत तरीके से विज्ञापन का टेंडर ...



सागर के गढ़ाकोटा में सामूहिक विवाह समारोह, 3,219 नवदंपती बंधे परिणय सूत्र में, सीएम ने दी शुभकामनाएं और आशीर्वाद

# विवाह में सिर्फ वर-वधू का विवाह नहीं बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधू का विवाह नहीं बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, जितने अच्छे से लालन-पालन किया, उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23 वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।



**समाजसेवियों से सीएम की अपील: कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करें**

**सामाजिक समरसता का महाकुंभ मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह : पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव**

### यह समारोह अंतर्जातीय विवाह को भी प्रोत्साहित करता है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणियों के पुनर्विवाह, निःशक्तजन के विवाह और सामाजिक समरसता स्थापित करने, अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड वीरों की भूमि है, बुन्देलखंड के वीरों का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री ने बुन्देलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### बुंदेली व्यंजनों से किया गया नव दंपत्तियों का स्वागत

23 वें कन्यादान विवाह निकाह समारोह में 3 हजार से अधिक नव-दंपत्तियों के साथ घराती-बरातियों का बुंदेली व्यंजनों के साथ स्वागत किया गया। कन्यादान कार्यक्रम में सभी बुंदेली व्यंजनों के साथ आम का पना, फ्रूटी, आइसक्रीम, कढ़ी-चावल, बिजोरा, रोटी, खीर, पुरी, आदि।

### पीएम मोदी ने नव दंपतियों के लिए भेजा शुभकामना संदेश

विधायक भार्गव ने कहा कि मैंने अपने इकलौते बेटे अभिषेक दीपू भार्गव का विवाह भी इसी महाकुंभ में सभी वर्गों एवं विभिन्न जातियों के जोड़ों के साथ कराया था। इसीप्रकार मैंने अपनी बेटी का विवाह भी सामूहिक विवाह समारोह में किया था। उन्होंने कहा कि सौभाग्य की बात है कि समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मिलित होकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी नव दंपत्तियों के लिए शुभकामना संदेश भेजा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
गुजरात — हैदराबाद
शाम 7.30 बजे से

आधी रात को आईएसआई प्रमुख को सौंपी एनएसए की जिम्मेदारी, बंद कर दिए एयरस्पेस

# भारत के हमले के खौफ में है पाकिस्तान सता रही कराची और लाहौर की चिंता

तीन साल में पाक को नया एनएसए नहीं मिला तो अतिरिक्त जिम्मेदारी देना पड़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की नींद उड़ी हुई है। आए दिन ऐतिहात के तौर ताबड़तोड़ हर कुछ कदम उठा रहा है। उसे सबसे ज्यादा चिंता लाहौर और कराची की है। यही वजह है कि एयरस्पेस बंद कर दिए और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। चूंकि ये दोनों शहर पाकिस्तान के हार्ट कहे जाते हैं इसलिए इनको लेकर ज्यादा चिंता बढ़ी है। इसके अलावा पाकिस्तान को लगभग तीन साल बाद एहसास हुआ कि उसके देश में कोई राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नहीं है। जल्दबाजी ने आईएसआई प्रमुख प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंप दी है। यहीं नहीं पाई पाई के लिए हैरान परेशान पाकिस्तान अन्य देशों से कर्जा लेने के लिए भी भीख मांग रहा है। भारत के हमले का खौफ इतना ज्यादा है रात दिन बैठकों को दौर चल रहा है लेकिन मतभेदों के चलते कोई ऐसा निर्णय नहीं हो पा रहा है जिससे पाकिस्तान खुद को सुरक्षित और महफूस समझ सके। पाकिस्तान में एनएसए का पद अप्रैल 2022 से रिक्त था, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सरकार को हटा दिया गया था।

1. भारतीय तटरक्षक बल ने भी गुजरात तट के पास तैनान किए जहाज
2. लाहौर और कराची पाकिस्तान के महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र हैं
3. भारत की तैयारियों से पाकिस्तान में फैली दहशत



### पाक ने एक महीने के लिए एयरस्पेस किए बंद

पाकिस्तान को लग रहा कि इस बार इंडियन एयरफोर्स फाइटर जेट लेकर शहरों पर अटैक करेगी। यही वजह है कि दोनों एयरस्पेस एक महीने के लिए बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी आर्मी का सारा फोकस अपने शहरों को बचाने पर है। अगर भारत लाहौर या कराची पर हमला करता है, तो यह बहुत गंभीर स्थिति होगी। इससे फुल वॉर शुरू हो सकता है। पाकिस्तान के लिए इसके बहुत गंभीर नतीजे हो सकते हैं। कराची पर हमला पाकिस्तान को समुद्री रूप से अलग-थलग कर सकता है।

### बैसरन घाटी पहुंचे एनआईए के डीजी सदानंद दाते

पहलगाम आतंकी हमले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद दाते गुरुवार को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम पहुंचे। यहां उन्होंने बैसरन घाटी का दौरा भी किया और सुरक्षा अधिकारियों से हमले से जुड़ी जानकारी ली। इससे पहले रविवार को एनआईए ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले को जम्मू और कश्मीर पुलिस से अपने हाथ में ले लिया और इस हमले की जांच शुरू कर दी।



### पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की मियाद बढ़ी

भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने उन्हें वाघा-अटारी बॉर्डर से वापस जाने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय ने पहले कहा था कि यह बॉर्डर 30 अप्रैल को बंद हो जाएगा। लेकिन अब इस आदेश को बदल दिया गया है। नए आदेश के अनुसार, पाकिस्तानी नागरिक अब अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान जा सकते हैं।

### भोपाल में मुस्लिम समाज ने फाड़ा पाक का झंडा, कहा सेना की तरह फ्री हैंड दो

भोपाल। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भोपाल में पाकिस्तान के खिलाफ लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम युवा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बॉर्डर पर जाकर भारतीय सेना के साथ काम करने की अनुमति मांगी। इस संबंध में जिला



कलेक्टर को समाज के लोगों के नाम और मोबाइल नंबरों की सूची भी सौंपी गई। युवाओं ने कहा कि आतंकवाद की इस कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध स्वरूप मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा फाड़कर उसे पैरों तले रौंदा। वार्ड 41 के पार्षद मोहम्मद रेहान मुस्लिम समाज के लोगों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब समय आ गया है जब देश का मुस्लिम समाज दुश्मनों को करारा जवाब दे। ज्ञापन में लिखा गया है कि हम अपने मादरे-वतन के लिए हर प्रकार के बलिदान को तैयार हैं। देश की रक्षा के लिए हम बॉर्डर पर जाकर सेना का साथ देना चाहते हैं। कृपया हमें अनुमति प्रदान की जाए। हम वचन देते हैं कि अनुशासन और समर्पण के साथ सेना के निर्देशों का पालन करेंगे।

पहलगाम से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

# क्या आप सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं, लगी फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

◆ जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा



सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है।

कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं। कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें।

### बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं

पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।

### 22 अप्रैल को हुआ था आतंकी हमला

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अनंतनाग जिले के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में एक लोकप्रिय पर्यटक स्थल बैसरन में गोलीबारी की थी, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें से अधिकतर दूसरे राज्यों से आए थे। घटना ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि आतंकी हमले करने वाले, साजिश रचने वाले और मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड स्तर पर



**नई दिल्ली।** इस साल मई का महीना शुरू होते ही अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर है। भारत का जीएसटी कलेक्शन अप्रैल में बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने के 2.10 लाख करोड़ रुपए से 12.6 फीसदी अधिक है।

### मांगे 11 लाख और कार 9 पर एफआईआर



**जबलपुर।** यहां एक सरकारी शिक्षक ने देहज में 11 लाख रुपए और लग्जरी कार की डिमांड पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़ दिया। होने वाले जमाई को मनाने पहुंचे तो दुल्हन के पिता घर से बाहर निकाला दिया। जिससे गुस्साई दुल्हन ने ससुराल पक्ष के 9 लोगों पर एफआईआर दर्ज करा दी।

### कुए की मुंडेर से टकराई बाइक, दो की मौत



**सीहोर।** मोटर साइकिल पर सवार दो लोग मुंडेर से टकराकर सूखे कुए में गिर गए। जिसके कारण दोनों की मौत हो गई। बताया कि हनीफ खां (35) निवासी फूलमोगरा और सिराज (34) निवासी फूलमोगरा के शव ग्राम फूलमोगरा के कुए में मिले हैं।

नाबालिग से स्नैपचैट पर दोस्ती

## जबलपुर की नाबालिग छात्रा से मंडला में गैंगरेप

**जबलपुर।** जिले को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया। यहां एक सातवीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दोस्ती की गई। फिर नजदीकी जिले मंडला बुलाकर उसे शिकार बनाया गया। इस मामले में जबलपुर के गढ़ा थाने में गैंगरेप की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। एडिशनल एसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि मामला गढ़ा थाना क्षेत्र का है।



- 100 किमी दूर मिलने गई थी छात्रा

सड़क दुर्घटना की आशंका

## बुधनी में एक साल के बाघ के शावक की मौत

**सीहोर।** जिले के बुधनी वन परिक्षेत्र में एक साल के बाघ के शावक की मौत हो गई है। शावक का शव ग्राम खटपुरा के दहोटा घाट में सड़क किनारे मिला। प्रारंभिक जांच में सड़क दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है। राहगीरों ने शावक को मृत अवस्था में देखा और वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। डीएफओ एस डाबर ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा।




- एक सप्ताह में वन्य प्राणी की दूसरी मौत

बाबा रामदेव को दिल्ली हाईकोर्ट की फटकार

## बोला-किसी के वश में नहीं अपनी ही दुनिया में रहते हैं

**नई दिल्ली।** रूह अफजा और हमदर्द के खिलाफ फिर से बयान देने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव को फटकार लगाई। इसके साथ ही कोर्ट ने विवादित बयान वाले वीडियो के हिस्से को 24 घंटे में सभी सोशल और मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ अपने विवादास्पद शरबत जिहाद वाले बयान को दोहराते हुए एक नया वीडियो जारी किया।



- पहले भी कोर्ट ने जताई थी नाराजगी

शादी समारोह में शामिल होने निकले थे

एक गंभीर रूप से घायल को भोपाल रेफर किया

## बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई चार लोगों की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

एक कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में शादी समारोह से लौट रहे चार युवकों की मौत हो गई, वहीं 3 युवक घायल हैं।

इनमें से एक गंभीर घायल को भोपाल रेफर किया गया है। आशंका है कि कार को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा बुधवार देर रात 2.30 बजे भदौरा के पास हुआ। शिवपुरी जिले के कोलारस में रिजौदा गांव से बारात गुना के मावन गांव में आई थी। शादी में शामिल होने के बाद कुछ युवक कार से रिजौदा जाने के लिए निकले थे। हादसे में रिजौदा गांव के रहने वाले गोविंद रघुवंशी (28) पुत्र दिनेश रघुवंशी, सोनू (35) पुत्र हरि भगवान रघुवंशी, वीरू (24) पुत्र बृजेश कुशवाह और हितेश (24) पुत्र ब्रजमोहन बैरागी की मौत हो गई।



वहीं सुदीप (24) पुत्र सुरेन्द्र रघुवंशी, सुमित (24) पुत्र जसवंत रघुवंशी, रवि (22) पुत्र वीरेंद्र रघुवंशी घायल हैं। सुदीप को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। म्याना थाना प्रभारी एसआई गोपाल चौबे ने बताया कि शिवपुरी जिले से गुना जिले में बारात आई थी।

एक विवाह ऐसा भी: अस्पताल में बारात लेकर पहुंचा दूल्हा

## गोदी में उठाकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ निभाई परंपरा, लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले ब्यावरा में अक्षय तृतीया पर एक अनोखी शादी देखने को मिली। दूल्हा बारात लेकर सीधे अस्पताल पहुंचा। यहां भर्ती अपनी मंगेतर को गोद में उठाकर सात फेरे लिए। ओपीडी वार्ड में शादी की सारी रस्में निभाई गईं। दरअसल, ब्यावरा की परम सिटी कॉलोनी में रहने वाले ठाकुर वीरेंद्र सिंह बेस के बेटे आदित्य सिंह की शादी 30 अप्रैल को कुंभराज के रहने वाले ठाकुर बलवीर सिंह सोलंकी की बेटी नंदिनी से तय थी।

- डॉक्टरों ने दुल्हन को बेड रेस्ट की दी थी सलाह

### अस्पताल में ही सजा मंडप



अस्पताल को दुल्हन के घर की तरह सजाया गया। अस्पताल के गेट पर बारात की अगवानी की गई। इसे देखने के लिए परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। रात 1 बजे ओपीडी वार्ड में मंडप सजा। रिश्तेदारों ने दोनों पर फूल बरसाए। दूल्हे आदित्य ने दुल्हन नंदिनी को गोद में उठाकर सारी रस्में निभाईं। सभी ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। बारातियों ने भी भर्ती मरीजों का पूरा ध्यान रखते हुए रस्मों को निभाया।

खत्म होगा भक्तों का इंतजार, देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालु

बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग के उखीमठ से रवाना किया था

# आज खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट 108 क्विंटल फूलों से सजाया मंदिर

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। ऐतिहासिक मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाताके कारीगर कर रहे हैं।

### ओंकारेश्वर मंदिर से इस दिन निकली थी डोली यात्रा



बाबा केदार की मूर्ति को फूलों से सजी डोली में 28 अप्रैल को रुद्रप्रयाग जिले के उखीमठ से रवाना किया गया था। डोली यात्रा की शुरुआत ओंकारेश्वर मंदिर से हुई, यह बाबा केदारनाथ का शीतकालीन पूजा स्थल है। जो लोग केदारनाथ धाम नहीं पहुंच सकते वो शीतकाल के दौरान इसी स्थान पर बाबा केदार के दर्शन कर सकते हैं।

### ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समितियां

*इस बार केदारनाथ मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। ऋषिकेश, गुजरात से आई पुष्प समिति द्वारा मंदिर को 108 क्विंटल फूलों से भव्य रूप में सजाया गया है। मंदिर की इस आकर्षक सजावट को देखने के लिए भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों की सुगंध और भव्यता मंदिर को और भी दिव्य आभा प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने कपाट खोलने के अवसर पर हर प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंदिर परिसर में पुलिस बल, आपदा राहत टीमें और मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।*

## चुनाव आयोग कर रहा बड़ा परिवर्तन मतदान करना होगा आसान

# वोटर स्लिप पर बड़े अक्षरों में लिखे होंगे सीरियल और पार्ट नंबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


अब वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया कि स्लिप पहले से कुछ अलग होगी। बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा।

मतदाता अक्सर वोटिंग के दिन अपने घर के पास बूथ की जानकारी प्राप्त करने में कंफ्यूज हो जाते हैं या फिर बूथ के अंदर वोटिंग वाले कमरे के नंबर की जानकारी नहीं मिल पाती है। अब चुनाव से पहले आपके घर पर वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया गया है।

### बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की कवायद

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### मतदानों की सहूलियत और संदेह को दूर करने ईसी ने लिया यह फैसला



### अब मृत्यु के बाद आसानी से हटेगा वोटर का नाम

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से डेथ सर्टिफिकेट यानी मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर मर चुके मतदाता के नाम को हटाने की ईसीआई प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वोटर कंफर्मेशन स्लिप को वोटर्स फ्रेंडली बनाने और बीएलओ को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है कि सीधे इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डेथ सर्टिफिकेट डेटा लिया जाएगा ताकि किसी मतदाता की मौत से जुड़ी जानकारी जल्दी चुनाव आयोग को मिले। मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मतदाता की मृत्यु को फील्ड विजिट कर बीएलओ की तरफ से वैरिफाई किया जाएगा और इसके बाद मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा।

### प्रमाणीकरण में नहीं होगी देरी

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से जानकारी मिलने से चुनाव चुनाव आयोग मृतक वोटर के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की प्रकिया फॉर्म 7 मिलने से पहले शुरू कर सकता है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदाता सूचना स्लिप को ज्यादा वोटर फ्रेंडली बनाने का फैसला किया है। आयोग ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का फैसला किया ताकि पहचान और संपर्क आसान हों।

### बीएलओ को मिलेंगे पहचान पत्र

तीसरे ऐलान के तहत अब हर बीएलओ को एक मानक फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा ताकि जब वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें तो लोग उन्हें आसानी से पहचान सकें। साथ ही भरोसे से बात कर सकें। हालांकि मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि ये सभी कदम विश्वास, पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास हैं।

---

## खबर संक्षेप

### अजमेर के होटल में आग में 4 की मौत

**अजमेर।** यहां के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह नाज होटल में 8 बजे भीषण आग लग गई।



लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं देख डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया, हालांकि वह बच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे बचा लिया।

### इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा



हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल सरकार से कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

### गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा



रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को सहूलियत होगी।

### आप नेता नरेश पर मकोका की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत



आप के पूर्व विधायक नरेश बालियान के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें नरेश के साथ ज्योति प्रकाश, साहिल, और विजय को भी आरोपी बनाया गया है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट शुक्रवार को इस संबंध में विचार करेगा।

### कोटा में खदान में मिले मां और बेटी के शव

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर से एक दर्दनाक हादसे की खबर है। बूंदी जिले के एक गांव में पानी से




भरी खदान से एक महिला और उसकी 14 महीने की बेटी के शव बरामद किए गए। पुलिस ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है। पुलिस ने बताया यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। कैलाश ने 24 अप्रैल को पत्नी विनीता और बेटी रिया की गुमशुदगी की दर्ज कराई थी।

---

## मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

### पीएम मोदी ने वेव्स को सृजनात्मकता का उत्सव बताया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

### टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

उन्होंने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि

**1,000** क्रिएटर्स

**300** से अधिक कंपनियां

**350** से अधिक स्टार्टअप

**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

### वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग,संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

**उद्योगपति अंबानी ने कहा**

### भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

**समिट में बोले रजनीकांत**

### पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

---

## हरियाणा-पंजाब में पानी पर घमासान

# भाखड़ा डैम पहुंचे मान एक बूंद पानी नहीं देंगे



एजेंसी ▶▶ नंगल

भाखड़ा डैम से हरियाणा को 8500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के आदेश के बाद जमकर विवाद बड़ा है। डैम पर ताला लगा दिया है। सीएम भगवंत मान भी भाखड़ा डैम पहुंचे। मान ने कहा कि यह बड़ा ही गंभीर मामला है। पंजाब पानी के संकट से गुजर रहा है। पंजाब के भी डैम अपने लेवल से कम चल रहे है। भाखड़ा 1566 फीट था। इस पर बार 1555 फीट था, पौंग 1325 एमएएफए था, इस बार 1293 है। रणजीत सागर 505 मीटर था, इस बार 502 मीटर है।

हमारे पास पानी की एक भी बूंद नहीं है।हमसे कोई उम्मीद न करो। उन्होंने कहा कि कोई भी पानी नहीं ले जा सकेगा। मेरे पास पानी की बूंद-बूंद का हिसाब है। । हरियाणा के लोग बेटी के घर का पानी तक नहीं पीते हैं और येनहरें मांग रहे हैं। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस वहां प्रदर्शन कर रहे वर्कर्स के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त पानी भेजने का सवाल ही नहीं उठता।

### हरियाणा को और पानी नहीं देंगे

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार हरियाणा को और पानी नहीं देने देगी। उन्होंने भाजपा पर पंजाब के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। चीमा ने यह टिप्पणी भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा यहां आयोजित बैठक में हरियाणा के लिए 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लेने के एक दिन बाद की है। हरियाणा के लिए पानी छोड़ने का निर्णय पंजाब सरकार के अधिकारियों द्वारा बीबीएमबी के कदम पर कड़ी आपत्ति जताने के बावजूद लिया गया। पंजाब के अधिकारियों का दावा था कि हरियाणा ने पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर लिया है।

### मान 'गंदी राजनीति' कर रहे : प्रवेश

नई दिल्ली। पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच जारी जुबानी जंग में भाजपा नीत दिल्ली सरकार ने आप शासित पंजाब पर दिल्ली में पानी की आपूर्ति रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आप शासित पंजाब सरकार पर हरियाणा और दिल्ली को यमुना का पानी रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। वर्मा ने कहा कि आप सरकार पूरी तरह से गलत काम करने को उतारू है।

---

## धनखड़ ने सभी को बाध्यकारी कर्तव्य की याद दिलाई

# संवैधानिक संस्थाएं अपनी सीमा में रहें तो बढ़ेगा परस्पर मान और सम्मान

### 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की सभी संवैधानिक



संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है। वे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही। उन्होंने वक्फ विधेयक को लेकर शीर्षकोर्ट के रुख का इशारा करते हुए कहा ,कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है।

### उन्होंने समन्वय और सहभागिता पर दिया जोर

धनखड़ ने कहा कि जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है।

### महिलाओं ने मुंबई कैनाल में किया प्रदर्शन



**मुंबई।** नासिक जिले के इगतपुरी में जलसंकट की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है। इस बीच गुरुवार को जल समस्या के विरोध में महिलाओं ने मुंबई कैनाल में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं वैतरणा बांध की मुंबई कैनाल में छलांग लगाई। प्रदर्शनकारी रस्सी लगा रखे थे ताकि महिलाएं बहें नहीं। अधिकारियों ने कैनाल का पानी बंद कर दिया है।


## शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

### अधिकारियों को शर्तों का अनुपालन करने को भी कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने



गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल के 5किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने कीजरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी। कि वास्तविक पेड़ों की कटाई तभी की जा सकती है, जब प्रतिपूरक वनरोपण समेत अन्य सभी शर्तों का अनुपालन किया जाए।

---

## नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद नहीं थमा बवाल

# 'कर्फ्यू' के हालात, सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

शहर में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के बाद हुआ बवाल दूसरे दिन भी नहीं थमा। सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरकर जमकर हंगामा किया। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल है। सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिसनजर आ रही है। भाजपाई, हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता व आमजन आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंप आरोपित के घर की ओर कूच करने लगे तो पुलिस ने रोक लिया। लोग कोतवाली के बाहर आरोपित को फांसी की सजा देने और उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर डटे हैं।

### सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और हंगामा किया, फांसी की मांग



### पेशी के दौरान आरोपी को पीटने दौड़े अधिवक्ता

आरोपी को पुलिस हल्द्वानी कोर्ट में पेश की तो दौरान अधिवक्ता भी उसे पीटने दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में उसे पेश किया। बुधवार रात मुस्लिम ठेकेदार 65 वर्षीय उस्मान द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बवाल हो गया था। भाजपाई और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता समेत तमाम लोगों ने रात तक जमकर हंगामा किया था। अधिवक्ताओं ने भी डांठ तिराहे में धरना प्रदर्शन कर आरोपित का केस नहीं लड़ने का ऐलान किया।

### दुकान-प्रतिष्ठान बंद पर्यटक भी नहीं

घटना के विरोध में शहर के तमाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिस कारण सड़कों पर कर्फ्यू सा माहौल रहा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस फोर्स के अलावा सड़कों पर सामान्य लोग और पर्यटक भी नजर नहीं आए।

### आरोपी के घर स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस

मामले ने तूल पकड़ा तो पालिका को भी अवैध निर्माण भी याद आ गई। पालिका ने सख्ती दिखाते हुए आरोपित के भवन को अवैध अतिक्रमण करार देकर नोटिस जारी किया है। पालिका की ओर से आरोपित के भवन में नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए है। अन्य अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किए गए है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

**कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी (म.प्र.)**

कार्यालयीन पत्र क्रमांक / 3036/ वित्त- 4 / 2025 सिवनी दिनांक 29.04.2025 के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर सिवनी के अधीनस्थ आने वाले समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं समस्त तहसील कार्यालय में शासकीय कार्य हेतु बोलेरो एवं समकक्ष एवं जिला सत्कार व्यवस्था हेतु बोलेरो, टी.यू.वी., स्कार्पियो, इनोवा क्रिस्टा, टाटा सफारी एवं समकक्ष वाहन किराये पर लिये जाने हैं।

इच्छुक वाहन मालिक / फर्म / ट्रेवल्र्स एंजेसी अपनी निविदा बंद लिफाफे कलेक्टर सिवनी के नाम से इस कार्यालय की वित्त स्थापना शाखा में निविदा जारी होने के दिनांक से दिनांक 13.05.2025 समय दोप 5.00 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाऐं, निविदाकार अपर कलेक्टर सिवनी के समक्ष दिनांक 14.05.2025 को शाम 4.00 बजे खोली जावेगी । निविदा की विस्तृत जानकारी dmseoni@nic.in पर देखी जा सकती है।

(पूर्वी तिवारी)
डिप्टी कलेक्टर
सिवनी लेक्टर जिला सिवनी

G12278/25

## खबर संक्षेप

### शांति और सौहार्द के साथ न्याय चाहिए

**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले में भारतीय नौसेना के



लेफ्टिनेंट विनय नरवाल समेत 26 निहत्थे पर्यटकों की बर्बरता से बत्या कर दी गई। इस आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने मृतकों को शहीद का दर्जा देने की मांग की है। लेफ्टिनेंट विनय की पत्नी हिमांशी नरवाल ने शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

### यूएस में रह रहा फई भगोड़ा अपराधी घोषित

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की एक एनआईए अदालत ने अमेरिका में रह रहे 'लॉबिस्ट'



गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बडगाम में एनआईए के विशेष न्यायाधीश के माध्यम से डॉ. गुलाम नबी फई को भगोड़ा अपराधी घोषित कराने में सफलता हासिल की है। वडवान निवासी फई फिलहाल अमेरिका में है और यूपीए मामले में आरोपी है।

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। हान ने कहा कि



उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। हान शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना अभियान शुरू करेंगे। उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति युन सुक येओल ने देश के दूसरे अहम पद पीएम के रूप में नियुक्त किया था।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या

**नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में विपक्षी नेता सांसद चार्ल्स वर की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर



दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस ने बताया कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे।

---

अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने दी मंजूरी

# भारत की सैन्य शक्ति होगी और मजबूत, डर से थर-थर कांपेंगे दुश्मन मिलेंगे 11.08 अरब के सैन्य हार्डवेयर, रसद आपूर्ति सहायता भी मिली

डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

**>> अमेरिका की विदेश नीति के तहत भारत एक प्रमुख रक्षा साझेदार**

**>> भारत ने 'सी-विजन सॉफ्टवेयर' और 'रिमोट सॉफ्टवेयर' भी मांगा**

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत को अमेरिका से 11.08 अरब के सैन्य हार्डवेयर मिलेंगे। अमेरिकी एजेंसी भारत को जरूरी रसद सहायता भी देगी। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन के तहत काम करने वाली एजेंसी डिफेंस सिक्युरिटी कॉर्पोरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को भी सूचित किया है। सैन्य हार्डवेयर और रसद आपूर्ति को मंजूरी ऐसे समय में मिली है, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली सरकार और अमेरिकी प्रशासन भारत को सैन्य खरीद के लिए अमेरिका से और रिश्ते बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए दूसरे देशों के सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाना और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के हितों को आगे बढ़ाना है।

#### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दिखेगा असर

*इस प्रस्तावित बिक्री से अमेरिका-भारत रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। अमेरिका अपनी विदेश नीति के तहत एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा में सुधार करने में मदद कर रहा है। बता दें कि दोनों देश हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्रों में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बने हुए हैं।*



**समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता हासिल करने का प्रयास**

विदेश विभाग ने जिस 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाले जिस प्रस्ताव को मंजूरी दी है, इससे भारत को इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके लिए अमेरिका ने संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को भी मंजूरी दी है। भारत ने समुद्री क्षेत्र में बेहतर क्षमता विकसित करने के लिए अमेरिका से सी विजन दस्तावेजों और रसद से जुड़ी दूसरी चीजों तक पहुंच सुनिश्चित कराने की अपील भी की थी।

**वर्जीनिया का ठेकेदार करेगा आपूर्ति**

*अमेरिका के मुताबिक भारत को सैन्य हार्डवेयर और रसद को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। इससे बुनियादी सैन्य संतुलन में भी कोई बदलाव नहीं होगा। अमेरिकी रक्षा तैयारियों पर भी कोई प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। आपूर्ति करने वाला मुख्य ठेकेदार वर्जीनिया के हर्नडन स्थित हॉकआई 360 होगा।*

---

भारत-पाक में तनाव के बीच यूएस विदेश मंत्री ने जयशंकर और पीएम शरीफ को किया फोन

# भारत की दो टूक, पहलगाम हमले के 'गुनहगारों' को सजा दिला कर रहेंगे

आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करेगा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिशों में जुट गया है। इसके मद्देनजर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से फोन पर बात की। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रुबियो से बात की है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर दी। पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि कल अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ पहलगाम आतंकवादी हमले पर चर्चा की। इसके अपराधियों, समर्थकों और योजनाकारों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

- यूएस रक्षा मंत्री हेगसेथ ने राजनाथ से की बात

वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ राजनाथ सिंह ने फोन पर बात की है। दोनों की बातचीत को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर समझा जाता है कि दोनों नेताओं के बीच पहलगाम आतंकी हमले से जुड़ी वार्ता हुई है। इस आतंकी वारदात के पीछे पाकिस्तान की भूमिका है।



#### मारे गए लोगों के लिए दुख जताया

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस की ओर से जारी एक बयान में इस बातचीत का विवरण दिया गया। रुबियो ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए दुख जताया। आतंकी हमले में 26 निहत्थे लोग मारे गए थे। रुबियो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ सहयोग करने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है और पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है।

#### भारत के साथ मिलकर काम करे पाक

*टैमी ब्रूस ने पाकिस्तान से हुई बातचीत का भी विवरण दिया। उन्होंने कहा कि विदेश सचिव ने दोनों देश के नेताओं ने आतंकवादियों को उनकी जघन्य हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सचिव ने इस अमानवीय हमले की जांच में पाकिस्तानी अधिकारियों से सहयोग करने को कहा। उन्होंने पाकिस्तान को तनाव कम करने, सीधे संचार को फिर से स्थापित करने और दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए भारत के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।*

#### कश्मीर फाइल्स देखने की सलाह

इस बीच, रिपब्लिकन पार्टी के अमेरिकी सांसद रिच मैक्कार्मिक ने वाशिंगटन में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आतंकवाद पर कड़ा रुख अपनाया है। रिच मैक्कार्मिक ने कहा कि अमेरिका निर्दोष लोगों के विरुद्ध इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं कर सकता। कश्मीर का इतिहास समझने के लिए उन्होंने फिल्म कश्मीर फाइल्स देखने की सलाह भी दी।

#### ब्रिटेन अपने दोस्त भारत की मदद के लिए खड़ा हो



**लंदन।** ब्रिटेन की भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और अपनी सरकार से अपील की कि ब्रिटेन को अपने दोस्त भारत के साथ इस मुश्किल समय में खड़ा होना चाहिए और दोनों देशों के आतंक के खतरे से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। प्रीति पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के पीड़ितों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। यह एक आतंकी घटना थी और हमें इसे वो ही बताना चाहिए, जो ये है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया आभार

#### पहलगाम आतंकी हमले के बाद कुवैत ने दिखाई एकजुटता

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से फोन पर बातचीत की। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद कुवैत द्वारा दिखाए गए समर्थन और एकजुटता के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। यह हमला जम्मू-कश्मीर के बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों को निशाना बनाकर किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से बात कर खुशी हुई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद उनके समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया।



फाइल फोटो

---

...अब पाकिस्तान की खैर नहीं

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और मिस्र



एजेंसी ▶▶ काहिरा

पहलगाम आतंकी हमले की दुनियाभर में निंदा की जा रही है। पाकिस्तान की लगातार मुश्किलें बढ़ रही हैं। अब भारत और मिस्र ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की तैयारी की है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।

काहिरा में आतंकवाद रोकने को लेकर भारत-मिस्र संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक में दोनों देश आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि मिस्र ने हिंसा के सभी रूपों का सामना करने में भारत के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि की। भारत और मिस्र ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों देशों ने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद का मुकाबला करने में संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने अपने-अपने देशों और क्षेत्रों में आतंकवादी खतरों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

#### नई तकनीक का उपयोग करेंगे

भारत और मिस्र ने आतंकवाद के लिए तकनीक के उपयोग और क्रिप्टोकरेंसी, मानव रहित हवाई प्रणालियों सहित आतंकवाद के वित्तपोषण और आतंकवादियों द्वारा साइबरस्पेस के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सहयोग के क्षेत्रों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों ने धन शोधन विरोधी प्रयासों, मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई।

#### रक्षा सहयोग को करेंगे मजबूत

भारत और मिस्र के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उद्देश्य से रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल काहिरा के दौरे पर है। इसमें एचएएल, बीईएल, बीडीएल के सीएमडी समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मिस्र के वायु रक्षा प्रमुख, एओआई के चेयरमैन और मिस्र की वायुसेना के चीफ ऑफ स्टाफ से मुलाकात की।

---

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर गरजा भारत

# कहा- आतंकवाद अस्वीकार्य, चाहे कुछ भी शिकायत हो, हम शांति स्थिरता चाहते

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पार्वथनेनी हरीश ने फिलिस्तीन पर एक बहस के दौरान सुरक्षा परिषद को



बताया कि भारत पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता देखना चाहता है और हम इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद अस्वीकार्य है, चाहे शिकायत कुछ भी हो, इसका समाधान केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही किया जाना चाहिए।

#### बंधकों को रिहा करें

*पी. हरीश ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से हिंसा छोड़ने, बंधकों को रिहा करने तथा वार्ता के रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान करता है, ताकि सभी लोग सामान्य जीवन जी सकें। संघर्ष को समाप्त करने के लिए वार्ता और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है तथा इजराइल और फिलिस्तीन को संप्रभु राष्ट्र के रूप में एक साथ रहने का द्वि-राज्य समाधान 'स्थायी और सतत शांति' का सूत्र है।*

---

एक ही दिन दो बड़ी नियुक्तियां

# एयर मार्शल दीक्षित ने संभाला सीआईएससी का कार्यभार, त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



आशुतोष दीक्षित



तेजिंदर सिंह

वायु सेना के वरिष्ठ फाइटर पायलट एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने गुरुवार को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर उन्हें दिल्ली के साउथ ब्लॉक लॉन्स में त्रि-सेवा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इससे पहले एयर मार्शल दीक्षित मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ थे, जहां उन्होंने उत्तर भारत और मध्य क्षेत्र में परिचालन तैयारियों को सशक्त बनाने में योगदान दिया है।

#### सिंह ने प्रशिक्षण कमान का नेतृत्व संभाला

एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने गुरुवार को भारतीय वायु सेना की प्रशिक्षण कमान के प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वायु सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पद पर तैनात थे। कार्यभार संभालने के बाद एयर मार्शल सिंह ने मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में औपचारिक सलामी गारद का निरीक्षण किया और वहां युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर मार्शल सिंह ने जून 1987 में कमीशन प्राप्त किया था करीब 4,500 घंटों से अधिक समय तक विमान उड़ाने का अनुभव है।

---

अमेरिका और यूक्रेन के बीच हुआ एमओयू

# खनिज संसाधन समझौते पर किए हस्ताक्षर निवेश और आर्थिक सुधार को मिलेगी गति

एजेंसी ▶▶ कीव

अमेरिका और यूक्रेन ने खनिज संसाधन सौदे की घोषणा की। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने इस समझौते के बारे में एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संयुक्त राज्य अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने की अनुमति देती है।



यह समझौता यूक्रेन के निवेश के माहौल को बेहतर बनाएगा और यूक्रेन की आर्थिक सुधार को गति देगा।

#### यूक्रेन पर रूस का हमला, 2 की मौत

*यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने दावा किया है कि गुरुवार सुबह रूस ने काला सागर के तटवर्ती शहर ओडेसा में ड्रोन हमले किए। इन हमलों मे दो लोगों की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने कहा कि रूस की बमबारी से कई इमारतें तबाह हो गईं। इसमें अपार्टमेंट, घर, सुपरमार्केट और एक स्कूल शामिल है।*

---

अंतरिक्ष में इतिहास रचने को तैयार भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु

# 29 मई को 14 दिन के मिशन पर जाएंगे, पूरी की ट्रेनिंग

*अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय होंगे, नासा, मस्क की स्पेसएक्स और इसरो का संयुक्त मिशन*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारतीय अंतरिक्षयात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास रचने और अपने पहले अंतरिक्ष मिशन पर जाने के लिए तैयार हैं। दरअसल शुभांशु शुक्ला समेत पूरे एक्जियोम-4 क्रू के सदस्यों ने कैलिफोर्निया में स्पेसएक्स के साथ अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। शुभांशु शुक्ला की मॉक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में उसी सूट में ट्रेनिंग हुई, जिसे पहनकर वे 29 मई 2025 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु शुक्ला, एक्जियोम स्पेस के एक निजी मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) जाएंगे।



#### रात करीब 10:33 बजे उड़ान भरेंगे

क्रू के सदस्य स्पेसएक्स के शक्तिशाली रॉकेट फाल्कन-9 रॉकेट से नासा के फ्लोरिडा स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से 29 मई की रात करीब 10.33 बजे उड़ान भरेंगे। 14 दिन के मिशन पर जाने वाले एक्जियोम-4 क्रू में नासा की अंतरिक्षयात्री कमांडर पेगी व्हिट्सन होंगी।

#### गगनयान मिशन का भी हिस्सा होंगे शुभांशु

शुक्ला को 2019 में भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था। इस मिशन पर उनके साथ ही भारत के तीन और अंतरिक्षयात्री जाने वाले हैं। शुक्ला ने रूस के यूरी गागरिन कोस्मोनोट ट्रेनिंग सेंटर और इसके बाद बेंगलुरु में इसरो के प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में एस्ट्रोनोट ट्रेनिंग पूरी की। इसरो ने कहा है कि शुभांशु शुक्ला के एक्जियोम-4 मिशन पर जाने से भारत के गगनयान मिशन के लिए समझ बेहतर होगी।

#### आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे

एक्जियोम-4 मिशन के तहत शुक्ला आईएसएस पर सात प्रयोग करेंगे। इन एक्सपेरीमेंट्स को भारतीय संस्थानों द्वारा विकसित किया गया है, जिसमें स्क्रीन के इस्तेमाल के वक्त मस्तिष्क पर पड़ने वाले कॉगनिटिव इफेक्ट का अध्ययन, माइक्रोबियल एडेप्टेशन , मसल एट्रोफी, माइक्रोग्रेविटी में फसल रेजिलिएंस का अध्ययन शामिल है।

---

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलवाद के खिलाफ बड़ा अभियान

# शान से लहराया तिरंगा, करेंगुट्टा पहाड़ी को पूरी तरह से सुरक्षा बलों ने नियंत्रण में लिया

एजेंसी ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सुरक्षा बलों ने नक्सलियों का यह किला भी ढहा दिया और करेंगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन करेंगुट्टा अभी भी जारी है। करेंगुट्टा पहाड़ी पर ही नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे हिडमा, देवा, दामोदर, आजाद



और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है। ऑपरेशन करेंगुट्टा की शुरुआत 21 अप्रैल को हुई थी। करेंगुट्टा पहाड़ी इलाका करीब 800 वर्ग किलोमीटर इलाके में फैला है।

#### अभियान में 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए

बीते 9 दिनों से ऑपरेशन करेंगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। इनमें डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ समेत राज्य पुलिस की सभी यूनिट के जवान, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवान शामिल हुए। साथ ही हेलीकॉप्टर, ड्रोन यूनिट के जरिए पूरे ऑपरेशन पर नजर रखी गई। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पूरे ऑपरेशन की मॉनीटरिंग की।



## विश्व मनोरंजन शिखर सम्मेलन कल पंचायत' ने शामिल होकर रचा इतिहास

**मुंबई।** अभिनेता जितेंद्र कुमार और अमेजन प्राइम वीडियो की सबसे चर्चित और लोकप्रिय वेब सीरीज में से एक 'पंचायत' के अब तक 3 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का खूब प्यार मिला। कुछ दिन पहले ही निर्माताओं ने 'पंचायत' के चौथे सीजन का ऐलान किया था, वहीं अब 'पंचायत' ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, यह पहले विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वेब सीरीज 'पंचायत' को विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 में शामिल कर लिया गया है। 'मेकिंग ऑफ पंचायतः ग्रासरूट स्टोरीटेलिंग' नाम के इस सेशन में सीरीज के बारे में खास बात की जाएगी।

लाइफ Style

# सायली

## मां का प्रेम सीमाओं से परे...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी शो वीर हनुमान में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे का कहना है कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है और वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। सोनी सब का शो वीर हनुमान एक भावनात्मक और प्रेरणादायक प्रस्तुति है, जो बाल मारुति के असाधारण रूपांतरण की कहानी है।

आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक मोड़ देखेंगे, जब अंजनी निःस्वार्थ भाव से अपनी आत्मा पाताल काली को समर्पित कर देती हैं। सिर्फ अपने पुत्र को उसके वास्तविक रूप में लौटाने के लिए। वह इसके लिए अपना जीवन त्यागने को तैयार हो जाती है। जब भगवान हनुमान को इस बलिदान का ज्ञात होता है, वे पाताल लोक की ओर प्रस्थान करते हैं, राक्षसों से भीषण युद्ध करते हैं, जिससे अपनी मां को बचा सकें। शो में देवी अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा कि मां का प्रेम सीमाओं से परे होता है। 'वीर हनुमान' सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे केवल सोनी सब पर प्रसारित होता है। वह जीवन और मृत्यु की रेखा तक को पार कर सकता है। जैसे अंजनी अपने प्राणों का बलिदान देने को तैयार थीं, वैसे ही हर मां में वह शक्ति होती है कि वह किस्मत को चुनौती दे, असंभव को संभव बनाए और अपने बच्चे की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सके। अंजनी ने अनजाने भविष्य की ओर कदम बढ़ाया, और उसी तरह हर मां अपने बच्चे के लिए असाधारण साहस की शक्ति पा लेती है। यही मां के प्रेम की ताकत है। वह भाग्य को मात देता है और त्याग व साहस की अपनी कहानी खुद लिखता है।




### हॉलीवुड मसाला




## एयरिन ने खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



## गेरी ने डेमी मूर से माफी मांगी

**लॉस एंजिल्स।** साल 1995 में एक हॉलीवुड फिल्म रिलीज हुई 'द स्कारलेट लेटर'। इस फिल्म में गेरी ओल्डमैन और डेमी मूर ने लीड रोल किए थे। यह फिल्म इसी नाम के चर्चित नॉवेल पर बेस्ड थी। इस फिल्म के सेट पर डेमी के साथ गेरी ओल्डमैन ने काफी खराब व्यवहार किया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में गेरी ओल्डमैन बताते हैं, 'मैं उस समय शराब का आदी था और बहुत बुरे दौर से गुजर रहा था। मैं लंच टाइम पर खूब सारी शराब पी लेता था। इसके बाद सेट पर आकर सीन शूट करता था। अगले दिन मुझे अहसास होता कि जो किया वो गलत था। ऐसे में मैंने डेमी मूर से माफी मांगी। मैंने डेमी से कहा कि शायद तुम मुझसे नफरत करती होगी, मुझे माफ कर दो। इस पर डेमी का जवाब था, 'मैं तुमसे नफरत नहीं करती हूं, बस तुम्हारी हालत देखकर निराश हूं।'



## मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसेडर बन गई हैं। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लांच किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा कि सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा।



## अक्षय की 'हाउसफुल-5' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 5' का टीजर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला की सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल की पांचवीं किस्त जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है।इस बीच मेकर्स ने हाउसफुल 5 का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म का निर्देशन तरुण मनसुखानी ने किया है। फिल्म 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। क्रूज पर गाना-बजाना चल रहा है, कि तभी अक्षय कुमार की एंट्री होती है और उनके बाद रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस,सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े,चित्रांगदा सिंह, डीनो मोरिया, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, निकितेन धीर,सौंदर्या शर्मा, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर को दिखाया जाता है।

### टीवी मसाला



## रामायण की 'सीता' को जब काम के आगे नहीं भाया घर-बार...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण भारतीय टेलीविजन का वह पौराणिक धारावाहिक है, जिसने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है। इस सीरियल के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों में इतनी शिद्दत और सच्चाई से काम किया कि आज भी उनके चेहरे लोगों की स्मृति में बसते हैं। सीता का किरदार निभाने वालीं दीपिका चिखलिया ने एक इंटरव्यू में इस शो से जुड़ी कुछ भावुक यादें साझा कीं, जिन्होंने दर्शकों को एक बार फिर उस दौर में लौटा दिया। दीपिका ने बताया कि रामायण की शूटिंग कोई आसान काम नहीं था। इसके लिए टीम को अपने परिवारों से सालों दूर रहना पड़ा. महाराष्ट्र के बॉर्डर पर स्थित एक लोकेशन पर शूटिंग चल रही थी, जो कलाकारों के घरों से काफी दूर थी। ऐसे में त्योहारों के समय भी घर जाना मुमकिन नहीं होता था।

### सेट पर ही मनाने पड़े त्योहार

दीपिका ने खुलासा किया कि इस धारावाहिक के चलते उन्होंने और बाकी कलाकारों ने लगातार चार साल तक होली-दिवाली जैसा बड़ा त्योहार भी अपने घर पर नहीं मनाया.रामायण और उसके बाद लव-कुश सीरियल की शूटिंग मिलाकर यह सिलसिला लगभग चार साल तक चला. इस दौरान सभी कलाकार त्योहारों पर भी सेट पर ही रहे और वहीं छोटी-छोटी तैयारियों के साथ जश्न मनाया।

### सेलिब्रेशन दर्शकों के लिए था, हमारे लिए तपस्या

इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'दर्शकों के लिए रामायण एक बड़ा उत्सव था, लेकिन हमारे लिए यह एक साधना थी। हमें त्योहारों की कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि हम जिस चीज के लिए काम कर रहे थे, वह बहुत खास थी। उन्होंने यह भी बताया कि शूटिंग की कठिन परिस्थितियों और निजी बलिदानों के बावजूद पूरी टीम ने दिल से काम किया, और जब यह सीरियल लोगों के दिलों में बस गया, तब उन्हें अपनी मेहनत का असली फल मिला।

### कभी नहीं खली कमी

इसी के साथ दीपिका ने कहा कि ये शो उनके और पूरी रामायण की टीम के लिए इतना खास था कि उन्हें ये बात कभी नहीं खली। उनकी मेहनत रंग लाई और आज भी ये भारत के सबसे पसंदीदा टीवी धारावाहिकों में से एक है।

## 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए निर्माता को गिरवी रखनी पड़ी संपत्ति, हुआ करोड़ों का नुकसान

*मुंबई। अक्षय कुमार की पिछले साल आई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ था। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म के जरिए निर्माताओं को करीब 250 करोड़ रुपये का तगड़ा नुकसान झेलना पड़ा था, क्योंकि फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। हाल ही में इस फिल्म के निर्माता जैकी भगनानी के बताया कि कैसे इसे बनाने के लिए उनके परिवार ने अपनी संपत्ति तक दांव पर लगा दी थी। इंडियन एक्सप्रेस से जैकी ने कहा, मेरे लिए यह एक बहुत बड़ी सीख रही है। हमने बहुत सारा पैसा निवेश किया और मुझे एहसास हुआ कि सिर्फ पैमाना या स्तर ही काफी नहीं होता। कहीं न कहीं हमें लगा कि जो कंटेंट बनाया गया था, वो दर्शकों को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जनता हमेशा सही होती है। इसके परिणाम देख मुझे अहसास हुआ कि फिर से सोचना होगा और समझना होगा कि यह कंटेंट दर्शकों को क्यों पसंद नहीं आया।*

### हमने अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी : जैकी

जैकी बोले, बड़े मियां छोटे मियां की असफलता को मैंने गंभीरता से लिया और भविष्य में कभी ऐसी गलती न करने की कसम खा ली। मुझे नहीं लगता कि कोई भी समझ सकता है कि हमा उस वक्त किस दर्द से गुजर रहे थे। एक परिवार के तौर पर हमने इस फिल्म को बनाने के लिए अपनी संपत्ति तक गिरवी रख दी थी। हालांकि, हम जानते हैं कि अब कुछ भी कहने या बोलने का कोई मतलब नहीं है।



**फिल्म ने की थी बस इतनी कमाई :** अक्षय, टाइगर और निर्माताओं के साथ ही इस फिल्म से प्रशंसकों को भी काफी उम्मीदें थीं. लेकिन जब फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सभी की उम्मीदों को गहरा झटका लगा। पहले दिन फिल्म ने करीब 16 करोड़ रुपये का कारोबार करके कुछ हद तक अच्छे संकेत दिए थे, लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई आधी हो गई।

***दो अलग-अलग पीढ़ी के कलाकार भी दर्शकों नहीं लुभा पाए :*** 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लीड रोल निभाया था। दो अलग-अलग पीढ़ी के सितारों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव हो सकता था, लेकिन ये जोड़ी दर्शकों को सिनेमाघरों में लाने में नाकाम रही। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म 11 अप्रैल 2024 को ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन फिर भी इसे त्योहार का फायदा नहीं मिल सका।

## बॉलीवुड की ये तीन हसीनाएं जब 'जीरो फिगर' को लेकर हुईं ट्रोल

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेसेज अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के दिलों पर छाई रहती हैं। अपने काम को लेकर वह जितना गंभीर रहती हैं, उतना ही गंभीर वह अपनी फिटनेस को लेकर भी हैं। 'जीरो फिगर' में ढलने और उसे बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करती हैं। लेकिन कभी-कभी इसी के चलते वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। कुछ ऐसा ही हुआ अनुष्का शर्मा, राधिका मदान और डायना हेडन के साथ... ये तीनों एक्ट्रेस ने 1 मई को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके जन्मदिन के मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि क्या हुआ जब इन तीनों को 'जीरो फिगर' के लिए खूब ट्रोल किया गया।*

### वजन कम करना राधिका के लिए बना परेशानी



साल 2014 में टीवी सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली राधिका मदान अब बड़े पर्दे पर धूम मचा रही हैं। अन्य एक्ट्रेस की तरह दिखने के लिए उन्होंने भी वजन कम किया, लेकिन ये उल्टा उन पर ही भारी पड़ गया और वह ट्रोलर्स के हत्थे चढ़ गईं।

### मिस वर्ल्ड डायना हेडन



डायना हेडन ने साल 1997 में मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया। उन्हें अपने करियर में सांवले रंग को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वह अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं, लेकिन एक वक्त ऐसा था, जब वह अपने फिगर को लेकर काफी ट्रोल हुई थीं।

### अनुष्का ने ज्यादा वजन कम कर लिया



अनुष्का शर्मा आज इंडस्ट्री का जाना-पहचाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने फिल्मों में अपनी अलग जगह बनाई है। लेकिन 'मटरू की बिजली का मंडोला' में उन्होंने परफेक्ट फिगर पाने के लिए जरूरत से ज्यादा वजन कम कर लिया था। कई लोगों को उनका ये लुक पसंद आया, तो कई लोगों ने इस पर ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा- 'इतनी पतली हो गई हो, कहीं गिर न जाओ', वहीं अन्य यूजर ने लिखा- 'बीमार तो नहीं हो आप।'

### जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए

# 'रेड 2': रितेश देशमुख जब पहली बार बने थे विलेन, सहम गए थे दर्शक

*मुंबई। बॉलीवुड में प्राण से लेकर, अमजद खान, अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर और गुलशन ग्रोवर जैसे कई सितारे रहे, जो अपनी खलनायकी से हीरो पर भी भारी पड़े। क्या आप जानते हैं कि सीधे-सादे सा दिखने वाले अभिनेता रितेश देशमुख जब पहली बार विलेन बने तो उन्होंने दर्शकों के छक्के छुड़ा दिए। यही नहीं, उनकी वो फिल्म भी जबरदस्त हिट रही। आइए 'रेड 2' में खलनायकी के लिए वाहवाही लूट रहे रितेश की उस फिल्म के बारे में जानें।*

### 'रेड 2' में भी छाए रितेश

फिलहाल रितेश 'रेड 2' के लिए खूब तारीफें लूट रहे हैं। उनकी खलनायकी को एक बार फिर सराहा जा रहा है। उन्होंने नकारात्मक भूमिका में फिर अपनी नई छवि गढ़ी है। अजय देवगन इस फिल्म के हीरो हैं और उनकी पत्नी बनी हैं वाणी कपूर।

### 'एक विलेन' थी वो फिल्म

हमेशा हीरो के साथ साइड रोल में दिखने वाले रितेश को जब पहली बार पर्दे पर खलनायक की भूमिका में देखा गया तो दर्शकों के साथ-साथ समीक्षक भी हैरान रह गए। लोगों को चेहरों पर अक्सर मुस्कान छोड़ जाने वाले रितेश ने साल 2014 में पहली बार फिल्म एक विलेन में खलनायक का किरदार निभाया और सबकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उनकी खलनायकी न सिर्फ फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा पर भारी पड़ी, बल्कि अच्छे-अच्छों सितारों के पसीने छूट गए।



### रितेश को देख कांप गई थी दर्शकों की रूह

दरअसल, फिल्म में विलेन का किरदार इतना क्रूर था, जिसमें रितेश जैसे सामान्य भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता को देखने के बारे में कोई सोच भी नहीं कर सकता था। इसमें रितेश ने 'राकेश' नाम के एक सनकी सीरियल किलर का किरदार निभाया था, जो लड़कियों को बेरहमी से मौत के घाट उतार देता है। इस रोल को रितेश ने इतनी संजीदगी से पर्दे पर उतारा कि दर्शकों की रूह कांप गई।

**कमाई के मामले में मचाया कोहराम :** एक विलेन में अपनी खलनायकी के लिए रितेश ने कई पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म के हीरो सिद्धार्थ मल्होत्रा और हीरोइन थीं श्रद्धा कपूर। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी ये फिल्म सुपरहिट रही थी। फिल्म का बजट महज 39 करोड़ रुपये था और इसने भारत में 105.76 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 100 करोड़ी बनी इस फिल्म के गाने भी लोगों को खूब पसंद आए थे। जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है।

### इन 2 फिल्मों में भी निभाई नकारात्मक भूमिका

एक विलेन के बाद रितेश ने साल 2019 में आई फिल्म 'मरजावां' में विलेन की भूमिका निभाई। इस फिल्म में उनका विलेन का किरदार जरा हटकर रहा। फिल्म में उन्होंने एक बौने का रोल किया था, जो की माफिया से जुड़ा है। इसमें सिद्धाथ मल्होत्रा और तारा सुतारिया मुख्य भूमिका में थे। साल 2014 में रितेश ने मराठी फिल्म 'लय भारी' में डबल रोल किया था। एक रोल सीधे-सादे शख्स का था, तो दूसरा किरदार उनका एक गुंडे का रहा।

### हाईकोर्ट ने कलेक्टर को पहुंच मार्ग में कोई बाधा नहीं रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा

## मौर्यकालीन बौद्ध मठ के पहुंच मार्ग में काबिज अतिक्रमण व अवैध निर्माण हटाने के निर्देश

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने लम्हेटा घाट, गोपालपुर के समीप स्थित हजारों वर्ष पुराने मौर्यकालीन बौद्ध मठ के पहुंच मार्ग में काबिज अतिक्रमण व अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए । चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कलेक्टर को कहा कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और यह सुनिश्चित करें कि पहुंच मार्ग में कोई बाधा नहीं रहे। कोर्ट ने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव, पुरातत्व विभाग, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग के सचिव, कलेक्टर, एसडीओ, भेड़ाघाट नगर पंचायत के सीएमओ व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा ।

भारतीय बौद्ध महासभा के क्षेत्रीय समन्वयक सुखलाल वर्मा और अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष बैजनाथ कुशवाहा की ओर से जनहित याचिका दायर कर बताया गया कि मुड़िया बौद्ध मठ से लगी 32 एकड़ शासकीय ज़मीन पर भूमाफियाओं ने कब्जा करके मठ आने जाने का रास्ता बंद कर दिया है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर, विनायक प्रसाद शाह, शिवांशु कोल व अन्य ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता व अन्य संगठनों ने शासन प्रशासन को अनेक बार पत्र लिखे। विगत 26 अप्रैल 2025 को व्यापक पैमाने पर सिविक सेंटर में धरना प्रदर्शन भी किया गया, फिर भी कब्जे नहीं हटाए गए। दलील दी गई कि कई लोगों ने मठ से लगी जमीन पर अवैध रूप से फॉर्महाउस व अन्य निर्माण भी कर लिए हैं। याचिका में रीता सेंगर, गुंजन नंदा, सोनिया नारंग एवं आरडीएम केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अंगददीप सिंह नारंग को भी पक्षकार बनाया गया है। सभी को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने कहा गया ।



### हत्या के प्रयास पर पांच-पांच साल की सजा

जिला अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोपित जबलपुर निवासी शैलू उर्फ शैलेंद्र विश्वकर्मा, सुंदरलाल विश्वकर्मा, जित्तू उर्फ जितेंद्र विश्वकर्मा, रश्मि विश्वकर्मा, विज्जू उर्फ विजय विश्वकर्मा, छोटी बाई को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। पंचम अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रकिशोर बारपेटे की अदालत ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजकुमार गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 26 फरवरी, 2019 को आरोपितों ने शुभम, राजेंद्र, प्रिया, विद्या, बंटी उर्फ सुनील व पूर्णिमा विश्वकर्मा पर प्राणघातक हमला किया था। तलवार, चाकू, लट्ठ से मारा गया था। यदि समय पर सभी को अस्पताल न ले जाते तो मृत्यु हो सकती थी। इसीलिए मदन महल पुलिस ने शिकायत पर मुलाहजे के बाद हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के अंतर्गत अपराध कायम किया था। अदालत ने तर्क सुनने के बाद दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

### धोखाधड़ी के आरोपित को जमानत नहीं

अपर सत्र न्यायाधीश सुमन उइके की अदालत ने धोखाधड़ी के आरोपित जबलपुर निवासी सुरेंद्र सिंह सलूजा उर्फ लकी सलूजा को जमानत नही दी। कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजन जीत सिंह पटेल व आपत्तिकर्ता कुंवरजीत कौर की ओर से अधिवक्ता अभय सिंह ठाकुर ने जमानत का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि गोरखपुर पुलिस ने प्रकरण कायम किया है। आरोप है कि सलूजा ने व्यापार में मुनाफ दिलाने के नाम पर 10 लाख ऐंठ लिए थे। उसने संग्रामपुर में फैक्ट्री होने का झांसा दिया। कुंवरजीत कौर और उनकी बड़ी बहन हरमीत कौर झांसे में आ गईं। उन्होंने रुपये निवेश कर दिए। बाद में खुद को ठगा पाया। पुलिस में शिकायत के बाद सलूजा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप लगाया गया कि सलूजा इसी तरह कई हाई प्रोफाइल लोगों को चूना लगा चुका है।

### पाटन के पवई धाम में स्वामी महेन्द्रानंद महाराज के सान्निध्य में श्री शिव समाराधन महायज्ञ प्रारंभ, पहले दिन उमड़े श्रद्धालु

## भगवान के भक्त को विपत्ति आने पर भी उसका प्रभाव छू नही पाता

**अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य इंद्रेश उपाध्याय जी ने बताया भागवत कथा का महत्व**



**पाटन, जबलपुर।** पाटन तहसील के पवई धाम में गुरुवार से स्वामी महेन्द्रानंद महाराज के सान्निध्य एवं पवई धाम सरकार के संरक्षण में शिव समाराधन महायज्ञ प्रारंभ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय वक्ता इंद्रेश उपाध्याय जी ने पहले दिन श्रीमद् भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के संत तुकाराम जी भक्ति प्रवर होकर भी संयमित व क्रोधमुक्त विवेक धारण करते थे। भगवान के भक्त को महान विपत्ति आने पर भी उसका प्रभाव छू नहीं पाता। सत्वरूप, चैतन्य स्वरूप और आनंद स्वरूप भगवान श्रीकृष्ण ही परम आराध्य और वंदनीय है। वही जगत के उत्पादक, पालक व संहारक हैं और आध्यात्मिक, आधिदैविक व आधिभौतिक तापों का नाश करने वाले हैं। श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होंगे। महाराजश्री अपने मधुर कंठ से सुमधुर भजनों का गान कर भक्तों के भक्ति भाव को और भी प्रगाढ़ किया।

रुद्राभिषेक के साथ महायज्ञ में आहुति युग विभूति विदुषी ऋचा गोस्वामी के सान्निध्य में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक शिवसमारधना के लिए 51 यजमानों द्वारा आहुति दी जाएंगी। कुण्डली परामर्श के माध्यम से लोगों की समस्याओं के निराकरण का भी प्रयास करने के लिए ऋचाजी ज्योतिष दरबार में सायं 7 बजे से 10 बजे तक जनमानस से मिलेंगी। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान श्री सर्वेश पटेल एवं यज्ञ मुख्य यजमान श्री श्याम मनोहर पचोरी जी ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया। पाटन के विधायक श्री अजय विश्नोई जी ने भी महाराज जी का सम्मान किया। श्री जितेंद्र पचौरी जी ने महाराज जी के विषय में सभी को अवगत कराया व महाराज जी का सम्मान किया। पवई धाम सेवा समिति के श्री हरकृष्ण पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, शम्भू नारायण शर्मा, मुरली मनोहर पचौरी, ब्रजेश बादल, सुरेश पचौरी,आनंद पटेल, मुकुल पचौरी, मुदित पचौरी,मदन मोहन पचौरी,देवेंद्र सिंह ठाकुर ,पंचम सिंह ठाकुर,मनोज पटेल, गोविंद सिंह ठाकुर, दीपक भुर्रक, कपिल भुर्रक, चिंटू गोटिया , ॐ नारायण तिवारी , पहलाद पटेल, गौरीशंकर तिवारी, राकेश विश्वकर्मा, गुड्डा साहू , श्याम साहू , विवेक साहू,लक्ष्यजीत पचौरी , पुष्पित पचौरी, मदन गोपाल पटेल, धीरज सिंह आदि सभी ने महाराज श्री का सम्मान किया।

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने श्रमिकों के लिए आयोजित किए शिविर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अध्यक्ष प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में श्रमिकों के लिए शिविर लगाए। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिको के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 और नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन) योजना-2015 के अंतर्गत यह कदम उठाया गया। कृषि उपज मंडी में विशेष विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर एवं श्रमिकों हेतु चिकित्सकों की उपस्थिति में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ।उक्त शिविर का उद्देश्य फैक्ट्री, विभिन्न दुकानों, वेयर हाउस आदि में कार्यरत श्रमिकों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं लाभकारी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। साथ ही श्रमिकों को गुटका एवं तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी देते हुए नशीले पदार्थो का सेवन न करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में लगभग 60 श्रमिकों ने भाग लिया। दंत परीक्षण षिविर अंतर्गत हितकारिणी डेंटल कॉलेज के चिकित्सक डा. अविनाष बोस एवं डा. नेहा राय अपनी टीम सहित उपस्थित रहे, जिनके द्वारा श्रमिको का दंत परीक्षण किया गया। मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, तहसील पाटन, जिला जबलपुर में उपस्थित महिला श्रमिकों को उनके संवैधानिक अधिकारों, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम, मातृत्व लाभ अधिनियम, श्रम कल्याण योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही है।

## सभी जिलों में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव आज

जबलपुर।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

**एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौधा रोपण**

## उत्तर मध्य विधायक कार्यालय पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो लोकसभा सांसद वी.डी. शर्मा अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान वे उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक कार्यालय सेवा सदन पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का स्वागत उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने शॉल, श्रीफल और पुष्पमाला भेंट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय मीडिया से भी चर्चा की और संगठनात्मक मुद्दों व सरकार की नीतियों पर प्रकाश डाला।श्री शर्मा ने मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन के कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी रूप से पहुंचना चाहिए।इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश यादव, शंकर श्रीवास्तव, प्रदीप ड्योढिया, निखिल देशकर, प्रताप सिंह बैस, नीतीश अग्रवाल, रमेश रैकवार, सपन यादव, पुष्पराज पाण्डेय, योगेश शर्मा, रवि वासवानी, लकी तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 5 वर्षों के लिए अयोग्य घोषित, हनुमानताल वार्ड में फिर से होगा चुनाव

## भाजपा पार्षद कविता रैकवार का निर्वाचन रद्द

जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर के वार्ड क्रमांक 24 (हनुमानताल वार्ड ) की भाजपा पार्षद कविता रैकवार का निर्वाचन रद्द कर दिया गया है। जबलपुर संभागायुक्त अर्थ वर्मा ने यह बड़ा फैसला जाति प्रमाण पत्र को फर्जी पाए जाने के बाद सुनाया। इसके साथ ही इस वार्ड की सीट को रिक्त घोषित करते हुए चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

कविता रैकवार ने पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट से पार्षद चुनाव लड़ा था। उनके खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए चुनाव लड़ने की शिकायत की गई थी। इस शिकायत की जांच उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई, जिसमें पाया गया कि 10 नवंबर 2020 को जारी जाति प्रमाण पत्र फर्जी था। समिति की रिपोर्ट के आधार पर संभागायुक्त ने 29 अप्रैल 2025 को निर्णय पारित किया।

आदेश में कहा गया है कि कविता रैकवार अब पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित सीट पर प्रतिनिधित्व की पात्र नहीं हैं। उन्हें कई अवसर दिए जाने के बावजूद वह अपना पक्ष स्पष्ट रूप से नहीं रख सकीं। इसलिए नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत उन्हें आगामी पांच वर्षों तक पार्षद पद के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। इस निर्णय से वार्ड क्रमांक 24 में नया चुनाव तय हो गया है, और निर्वाचन आयोग को जल्द प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### रिटायरमेंट के एक दिन पहले एक्शन...

यहां दिलचस्प यह है की 30 अप्रैल को संभागायुक्त अभय वर्मा को रिटायर होना था, उन्होंने 29 अप्रैल को इस लंबित मामले में एक्शन लिया. यहां कहा जा रहा है कविता रैकवार पर भाजपा के बड़े नेताओं के दबाव में कार्यवाही अटकी हुई थी.

### संजय गांधी वार्ड पार्षद भी निशाने पर ...

जहां हनुमानताल वार्ड में फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामले में बड़ा एक्शन हुआ है. वहीं अब सबकी निगाहें संजय गांधी वार्ड पर टिकी हैं. क्योंकि यहां भी पार्षद कलीम खान पर फर्जी जाती प्रमाण पत्र लगाने का आरोप है. वहीं यह मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है. माना जा रहा है की अब जब हनुमानताल वार्ड की भाजपा पार्षद एक्शन हुआ तो भाजपा अब डैमेज कंट्रोल के लिये संजय गांधी वार्ड के कांग्रेसी पार्षद के मामले में भी जांच और कार्यवाही की मांग कर सकती है.

### मदन महल रेलवे स्टेशन क्षेत्र की संपत्तियों का निरीक्षण

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के मदन महल स्टेशन परिसर की संपत्तियों का निरीक्षण करने पहुंचे नगर निगम के अमले को वरिष्ठ खंड अभियंता द्वारा नाप से रोके जाने पर नगर निगम की अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह रवैया बकाया करों की वसूली और सर्वे प्रक्रिया को प्रभावित करता है।अपर आयुक्त अंजू सिंह ने जानकारी दी कि नगर निगम का सर्वे दल दोपहर 12:40 बजे नरसिंह वार्ड स्थित स्टेशन क्षेत्र में संपत्तियों के मापन के लिए पहुंचा था, लेकिन स्टेशन परिसर के बाहर मौजूद वरिष्ठ खंड अभियंता आर.के. गुप्ता ने निगम दल को माप कार्य करने से रोक दिया। यह उस स्थिति में हुआ है जब नगर निगम और रेलवे प्रशासन के बीच इस संबंध में पत्राचार लगातार जारी है।

### मप्र में फ्यूल सरचार्ज में सबसे ज्यादा वृद्धि

## बढ़े रेट व सरचार्ज से कुल 4.81 प्रतिशत से बिजली बिलों में वसूली होगी

**जबलपुर।** अप्रैल माह में की गई फ्यूल सरचार्ज की वृद्धि देश के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा है। मार्च के 0.75 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज को अप्रैल में 3.92 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। यह 3.17 प्रतिशत की वृद्धि वर्तमान में देश में सबसे ज्यादा देखी गई है क्योंकि अन्य राज्यों में औसतन केवल 2 प्रतिशत तक ही फ्यूल सरचार्ज वृद्धि की गई है।

फ्यूल सरचार्ज में हुए वृद्धि का खामियाजा यह हुआ कि मई माह के बिलों की राशियां 4.81 प्रतिशत बढ़ोत्तरी से वसूल की जाएगी। प्रदेश में पहले से ही बिजली के रेट 3.46 प्रतिशत से बढ़ाए गए हैं। उसके साथ फ्यूल सरचार्ज की वृद्धि भी जोड़ी जाएगी।



चिंता का विषय यह है कि अब 200 से 400 यूनिट खपत करने वालें सर्वसाधारण उपभोक्ताओं को केवल 50 से 100 रुपए ही नहीं बल्कि फ्यूल सरचार्ज की 30 रुपए तक अतिरिक्त राशि भी देना पड़ेगी। नतीजन अब हजारों उपभोक्ताओं को प्रतिमाह में 80 से 130 रुपए तक अतिरिक्त राशि देना पड़ेगी।

उपभोक्ता मंच के डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, डीआर लखेरा, उमा दाहिया, माया कुशवाहा, राम मिलन शर्मा ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि वे विद्युत अधिनियम की धारा 2003 के धारा 108 का उपयोग कर यह वसूली रोके तथा उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करें।

## फांसी लगाकर 2 लोगों ने की आत्महत्या

जबलपुर।

पनागर और माढोताल थाना क्षेत्र में फांसी लगाने के दो मामलें सामने आए है। पनागर ग्राम बड़खेरी में मूंग, उड़द फसल की तकवारी करने गए एक व्यक्ति ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही माढ़ोताल में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़खेरी निवासी 54 वर्षीय मिलन श्रीपाल गत रात लगभग 9.30 बजे खाना खाकर ग्राम बड़खेरी स्थित खेत में मूंग, उड़द की फसल की तकवारी करने गए थे, जहां पर नीम के पेड़ पर बिजली के वायर से मिलन श्रीपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह लगभग 6 बजे भतीजा रेशु श्रीपाल मौके पर पहुंचा जहां पर चाचा मिलन श्रीपाल फांसी पर लटके मिले।



इसी प्रकार माढ़ोताल चंद्रनगर रिमझा निवासी 55 वर्षीय राजेश असाठी द्वारा गुरुवार की सुबह घर पर फांसी लगाने के कारण अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर सुबह लगभग 9.50 बजे राजेश असाठी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### गलगला नरघैया में बोरी में रखा 40 हजार का माल चोरी

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अतंर्गत गलगला नरघैया के पास गाड़ी में रखी सिगरेट व जीरा से भरी बोरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार द्वारकानगर लालमाटी निवासी 43 वर्षीय किराना दुकान संचालक महेश कुमार जेठवानी गत दिवस किराने का सामान लेने मुकादमगंज वासुदेव ट्रेडर्स गए थे जहां से उन्होंने 6 पुड़े गोल्ड प्रीमियम मिंट सिगरेट, 4 पुड़े फ्लेक मिंट सिगरेट, 5 किलो काका जीरा कुल कीमती 40 हजार 500 रूपये का सामान एक बोरी में पैक कराकर अपनी ई बाईक में पीछे बोरी रखकर गाड़ी में और सामान लेने प्रिंस स्ट्रीट गलगला नरघैया के पास आया दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करके सामान लेने लगे, इसी बीच उनकी गाड़ी में रखी बोरी चोर ने पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## गंदे नाले-नालियों के मिलने से मां नर्मदा का जल हो रहा दूषितः आदित्य पांडेय

जबलपुर।

मां नर्मदा में मिल रहे गंदे नाले नालियों के दूषित जल को रोकने के संबंध में मप्र सरकार से अपील।मां नर्मदा भक्त आदित्य पांडेय (फाउंडर मां नर्मदा एमपी 20) ने मां नर्मदा में मिल रहे गंदे नाले नालियों के दूषित जल को रोकने के लिए प्रदेश सरकार से अपील की हैं और वर्तमान में प्रदेश की मोहन सरकार को इस विषय को गंभीरता पूर्वक लेने का आग्रह किया है आदित्य पांडेय ने बताया की मध्य प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली मां नर्मदा के जल में गंदे नाले नालियों के मिलने से मां नर्मदा का जल दूषित होता जा रहा हैं लेकिन सरकार इस विषय पर गंभीरता पूर्वक कार्य नहीं कर रही हैं जबकि शासन में पदस्थ सारे मंत्री विधायकों को इस बात का पूर्ण ज्ञान हैं फिर भी उन्होंने न ही कभी इन मुद्दों को लोक सभा राज्य सभा अथवा विधान सभा के किसी भी सदन में नहीं उठाया, प्रदेश सरकार को नदियों की स्वक्षता पर विशेष बल देने का आग्रह किया हैं क्योंकि नदी हैं तो ही सदी हैं इस बात को प्रदेश सरकार को नहीं भूलना चाहिए,जिस प्रकार से नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए प्रतिमाओं के विसर्जन हेतू विसर्जन कुंड बनाए गए है उसी तर्ज पर गंदे नाले नालियों के दूषित जल से नदियों को बचाने हेतू नाले नालियों के जल को डायवर्ट करके किसी अन्य कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए, जिसके लिए प्रदेश सरकार को एक ठोस योजना बनानी चाहिए।। समाज के लिए यह बेहद गंभीर मुद्दे हैं और ऐसे विषयों के प्रति सामाजिक संगठनों को अपने प्रकृति पर्यावरण, नदियों को बचाने के लिए पहल करें और शैक्षिक संस्थान भी बच्चों को इन विषयों पर जागरूक कर आगे आने का सुझाव दिया हैं। आदित्य पांडेय ने बताया की अगर सरकार के पास नदियों में मिल रहे गंदे नाले नालियों को रोकने के लिए कोई पुख्ता ठोस प्लान नहीं हैं तो वह प्रदेश सरकार की मदद भी करेंगे जिससे मां नर्मदा सहित अन्य सभी पवित्र नदियां जो कि मध्य प्रदेश की भू धरा को गौरवान्वित करती हैं, एवं इस धरा पर पल रहे मानव सहित समस्त जीव जंतुओं का भरण पोषण सुनिश्चित करती हैं,वह स्वक्ष्य हो सकें। यह हम सबका संकल्प होना चाहिए।



मजदूर दिवस पर जीसीएफ व रेलवे में यूनियनों ने किए विविध आयोजन

# रैलियां निकालकर लाल झंडे को किया सलाम



जबलपुर। श्रमजीवी अवाम के अतंर्राष्ट्रीय पर्व मजदूर दिवस पर विभिन्न मजदूर संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर रैलियां निकाली और मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाकर लाल झंडे को सलाम किया और मजदूरों के हितों की रक्षा करने के लिए संकल्प लिया।

## एआईडीईएफ ने रैली निकाली

मजदूर दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन ( एआईडीईएफ) के तत्वाधान में जीसीएफ इस्टेट में वाहन रैली निकाली गई। रैली के समापन पर सतपुला मैदान में एक आम सभा को संबोधित करते हुए एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड एस एन पाठक ने एक सभा को संबोधित करते हुए मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1886 में शिकागो शहर में मजदूरों के कार्य के घंटे निर्धारित करने व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन हुआ था। उसी के बाद से लाल झंडा यह मजदूरों की पहचान बन गया। श्री पाठक ने जीसीएफ में मजदूर संघ हथौड़ा के गठन पर जानकारी देते हुए कहा कि उनके द्वारा मजदूर हित की रक्षा करने हेतु बनाए गए संगठन ने आज विशाल रूप लेकर जीसीएफ का सबसे मजबूत संगठन बन कर उभरा है।

## रेल मजदूर संघ ने मरीजो को फल बांटे



मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में 1 मई को वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने केन्द्रीय चिकित्सालय में विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजो को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के मार्ग दर्शन में संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन .शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल के नेतृत्व में फल वितरण कर मजदूरो के हितो की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान मुख्य नर्सिंग अधीक्षक श्रीमति सुषमा मसीह, संघ की महिला उपाध्यक्ष श्रीमति सविता त्रिपाठी, आर.ए. सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## मजदूरों ने मनाया 1 मई को श्रमिक दिवस



जबलपुर। कृषि उपज मंडी के सामने स्थित श्रमिक शेड में, विश्व श्रमिक दिवस एवं मई दिवस को भवन निर्माण श्रमिक संघ, कृषि उपज मंडी पल्लेदार संघ एवं अखिल भारतीय महिला सशक्तिकरण संगठन जबलपुर द्वारा बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शक्ति वर्मा (न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर) एवं सूर्यकांत सिरवैया (सहायक श्रम आयुक्त) जबलपुर संभाग रहे, विशिष्ट अतिथि रामकिशोर शिवहरे, नोखेलाल प्रज्ञा, रीतेश सिंह, रतन गर्ग, त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, अमरेश पटैल रहे। इस अवसर पर हितकारिणी डेंटल कॉलेज की टीम द्वारा दांत परीक्षण शिविर व सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय की टीम द्वारा ई-श्रमिक कार्ड शिविर का आयोजन किया गया, जिसका लाभ सैकड़ो श्रमिकों ने लिया।




# गहोई समाज में शिक्षा प्रसार के लिए समर्पित संस्था के निर्विरोध अध्यक्ष बने डॉ. अरुण सरावगी



जबलपुर। तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज के उमंग सभागार में आगामी तीन वर्ष 2025-2028 हेतु अखिल भारतीय गहोई शिक्षा प्रसार समिति के चुनाव गत दिवस चुनाव अधिकारी प्रोफेसर राजेंद्र चपरा, विजय सुहाने एवं सन्तोष सिपौलया की निगरानी में संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर डॉ अरुण सरावगी (रिटायर्ड अधिष्ठाता, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय) का निर्विरोध निर्वाचन हुआ । अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी अरुण ख़र्द, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार लोहिया, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र रावत निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम चौदहा, संतोष सुहाने, आलोक सरावगी, शिवकुमार नीखरा (गाडरवारा), श्रीमती सीता सरावगी, अनुभव मातेले एवं कृष्णकांत बरसैंया भी निर्वाचित हुए। इस अवसर पर श्रीकांत कस्तवार, एड . उत्तम चन्द्र बिलैया, कमल कान्त गुप्ता बहरे, एड.अशोक गुप्ता, शम्भू दयाल बड़ेरिया, डॉ श्रीकृष्ण बिलैया, डॉ राधेश्यामसुहाने, राम गोपाल ददरया, केसी गुप्ता, सुरेन्द्र चौदहा, कैलाश लहारिया , आरके गुप्ता, इंजी गोपाल गुप्ता आदि ने नई टीम का स्वागत किया ।

## खबर संक्षेप

### भगवान आद्य गुरु शंकराचार्य जयंती आज


जबलपुर। भगवान आद्य गुरु शंकराचार्य जी की जयंती आज शुक्रवार को बगलामुखी सिद्धीपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज के सानिध्य में मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रातः काल भगवती माता बगलामुखी का विशेष श्रृंगार कर पूजन आरती की जाएगी और सायं काल 5:00 बजे आद्य गुरु शंकराचार्य जी का पादुका पूजन, अभिषेक पूजन कर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसके बाद महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### गौतम बुद्ध की विश्व शांति धम्म यात्रा 11 मई को



जबलपुर। बोधिसत्व डॉ. बाबा भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के तत्वावधान में 11 मई को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 256वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा के अवसर पर 11 मई को गौतम बुद्ध की जयंती की पूर्व संध्या पर शाम 06 बजे से सिविक सेंटर से विश्व शांति धम्म यात्रा मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, बड़ी ओमती, घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ. भीमराव आम्बेडकर चौक तक निकाली जाएगी। विश्व शांति धम्म यात्रा में उपस्थिति की अपील समस्त बौद्ध विहारों से महिला मंडल की सदस्य छाया धाबर्डे, सविता लोखंडे, मनीष पुनवटकर, सुनीता पाटिल, सुनीता शेण्डे, पारमी बौद्ध, कृपा खरे, मनीष कोल्हेकर, नंदिता गजभिये, स्मिता बौद्ध, वंदना रामटेके, नंदनी गौरे, मीना खापर्डे, अनीता जनबंधु, कविता सहारे, स्मिता ओहल और समिति सदस्यों ने की है।

## प्रधानमंत्री जनजातीय जनकल्याण योजना के तहत रोशन हुए आदिवासियों के घर




जबलपुर। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा "प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान" (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इस योजना के तहत कंपनी को कुल 12180 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के घरों में बिजली कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसे पूर्ण कर लिया गया है। योजना का क्रियान्वयन जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, सिवनी, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर एवं शहडोल जिलों के आदिवासी क्षेत्रों में किया गया। इन जिलों के कुल 109 गांवों/ मजरे/ टोलों को विद्युत सुविधा से जोड़ा गया। इस उपलब्धि से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के बेहतर अवसर, घरेलू कामकाज में सुविधा और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। इसके अतिरिक्त पीने का पानी, सड़क, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है जिससे इन क्षेत्रों के जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है।

## गड़रिया समाज का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह संपन्न



जबलपुर। राष्ट्रीय श्रीपाल (गड़रिया) समाज कल्याण संगठन जबलपुर द्वारा 01 मई दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे से बिलहरी में छोटे लाल श्रीपाल के निवास स्थान पर संगठन का 25वां स्थापना दिवस मनाया गया। संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी छोटेलाल श्रीपाल को समाज में अच्छा कार्य करने के लिए शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.एल. श्रीपाल ने अध्यक्षीय आसंदी से कहा कि राष्ट्रीय श्रीपाल (गड़रिया) समाज कल्याण संगठन 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है, हमने समाज के उत्थान के लिए समाज के युवाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराये, गरीब बच्चों के पढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया, समाज के 1000 बच्चों को सम्मानित किया। परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक आदर्श विवाह कराये, आगे भी समाज सेवा का क्रम जारी रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव बृजलाल श्रीपाल, ओ.पी. श्रीपाल, लखनलाल श्रीपाल, गौतम प्रसाद श्रीपाल, देवलाल श्रीपाल, श्यामलाल श्रीपाल, भंगीलाल श्रीपाल, प्रमोद श्रीपाल, उपस्थित थे।

# अनुशासन की शपथ के साथ खेल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



जबलपुर। खेल भावना, नियम, अनुशासन, समय की पाबंदी, आपसी सहयोग, परस्पर मित्रवत व्यवहार और प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान के पालन की शपथ के साथ गुरुवार एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर पाण्डुताल मैदान में औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। शिविर का उद्घाटन एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक कॉमर्शियल संजीव खरे व केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल एससी घोष ने किया। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारी, विभिन्न खेलों के प्रभारी, प्रशिक्षक और शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी उपस्थित थे। संजीव खरे ने शिविर का उद्घाटन करते हुये कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ किसी खेल का प्रशिक्षण भर ही नहीं है, बल्कि प्रतिभागी बच्चों के लिए सार्वभौमिक विकास का एक नया रास्ता खोलना भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शिविर में प्रतिभागी बच्चों के व्यक्तित्व को एक नया आयाम मिलेगा। एससी घोष ने कहा कि खेल प्रशिक्षण शिविर को आयोजित करने का एक अन्य उद्देश्य सामाजिक सरोकार भी है। इस शिविर में विद्युत परिवार के अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों के बच्चे भी शामिल होंगे।

देश विदेश के विशेषज्ञ शहर में करेंगे मंथन

# हृदय रोग विशेषज्ञों की कान्फ्रेंस कल से




जबलपुर। मप्र कार्डिओलॉजिकल सोसाइटी की वार्षिक कांफ्रेंस (एमपी सीकॉन 2025) का आयोजन जबलपुर में 3 व 4 मई 2025 को आई टी सी होटल वेलकम में आयोजित की जाएगी। कांफ्रेंस का आयोजन अकादमी ऑफ़ कार्डियक साइंसेज (ऐसीएस) जबलपुर के द्वारा किया जा रहा है। आयोजक ऐसीएस जबलपुर के अध्यक्ष डॉ सुहेल सिद्दीकी और सचिव डॉ दिलीप तिवारी ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे अनुसन्धान और नई तकनीकों पर विचार विमर्श और शैक्षणिक विकास है। इस कांफ्रेंस में देश और विदेश के दिग्गज हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हो रहे है, इस आयोजन में हृदय रोगो से बचाव से लेकर हृदय की जटिल बीमारियों का इलाज, बिना सर्जरी वाल्व प्रत्यारोपण, बच्चो के हृदय की समस्या, अनियमित धड़कनो का अबलेशन से इलाज, लीडलेस पेसमेकर प्रत्यारोपण, हृदय की नली की दूरबीन से जांच, चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे। प्रेस कान्फ्रेंस में जबलपुर शहर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश अग्रवाल, डॉ अंकित अग्रवाल, डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ अखिलेश दुबे, डॉ एच पी ऐस चंदेल, डॉ नवीन शर्मा, डॉ के एल उमामहेश्वर, डॉ अनिमेष गुप्ता, डॉ विकास मिश्रा, डॉ अमित किनारे, डॉ आशीष तिवारी, डॉ शिशिर सोनी, डॉ अभिषेक गायकवाड़, डॉ एहतेशाम अंसारी, डॉ भाविक धीरावाणी और डॉ हर्षा रेड्डी उपस्थित रहे।

## साइंस ऑफ हैप्पीनेस पर एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर। श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 29 अप्रेल को रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस द्वारा साइंस ऑफ हैप्पीनेस पर एक दिवसीय कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस की फैकल्टी ईशमीत कौर एवं मुख्य वक्ता के रूप में रेखी सेंटर USA की माइंड लैब रिसर्च एण्ड इंप्लीमेंटेशन की कंसल्टेंट आर्ची बनर्जी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रवीण मानकर मंचासीन रहे। प्राचार्य ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि साइंस ऑफ हैप्पीनेस केवल एक विषय नहीं है, यह जीवन जीने की एक कला है जो हमें यह सिखाता है कि हमारी खुशी बाहरी वस्तुओं से नहीं, बल्कि हमारे दृष्टकोण, सोच और जीवनशैली से जुड़ी होती है, अतः हम सब इस वैज्ञानिक सोच को अपनाकर अपने जीवन को खुशहाल, संतुलित एवं अर्थपूर्ण बनाएं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिखा पाराशर, डॉ. शिवमणि मिश्रा, डॉ. अंजू पाठक, डॉ. विपिन राय, डॉ. संध्या कोष्टा, डॉ. शशि दुबे आदि का सहयोग रहा।

## मई दिवस पर जैन महिला परिषद ने किया आयोजन



सिहोरा। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा द्वारा 1 मई मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में काल भैरव चौक स्थित राधा कृष्ण प्रांगण में मजदूरों को इस भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पिलाया गया और साथ ही परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन के द्वारा मजदूरों को गमछे वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद की सचिव श्रीमति रानी जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमति सारिका जैन,निशा जैन,ममता जैन,संगीता सिंघई,अनिता जैन,नीतू सिंघई,अनिता जैन,रूपाली जैन का योगदान रहा।

भीषण गर्मी में पर्यटक हो रहे परेशान

# धुआंधार स्टैंड के वॉटर कूलर में नहीं रहता पानी



भेड़ाघाट। भीषण गर्मी का दौर चालू होते ही धुआंधार स्टैंड में वाटर कूलर में पानी का संकट हो रहा है। धुआंधार स्टैंड पर पानी की टंकी छोटी रखी होने के कारण ठंडा पानी पर्यटकों को नहीं मिल पा रहा है पानी सुबह भरा जाता है परन्तु इस पानी की टंकी में पानी नहीं रहता है जिससे पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद भेड़ाघाट के जिम्मेदारों को सिर्फ आय से मतलब है मूलभूत सुविधाओं से कोई सरोकार नहीं है तभी तो पानी की समास्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। संगमरमर की वादियों को निहारने देश विदेश से पयर्टक आते हैं और यहां कि अव्यवस्था को देख कर पर्यटक का मन खिन्न हो जाता है। यहां के व्यापारियों ने बताया कि अधिकारियों द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता है जिससे पर्यटकों को सुविधाओं के नाम पर कोई सुविधा नहीं है।

**इनका कहना है**

धुआंधार स्टैंड पर वाटर कूलर में पानी नहीं रहता है तो मैं निरीक्षण कर पानी की बड़ी टंकी की व्यवस्था कराई जाएगी या दिन में दो से तीन बार पानी की टंकी भरी जाएगी।

**विक्रांत सिंह झरिया**
**सी,एम,ओ, नगर परिषद**




**श्री सुदर्शन मदान**- गोरखपुर रतन कॉलोनी निवासी श्री सुदर्शन मदान (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शक्ति परियार**- रिज रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री ओम बहादुर परियार की धर्मपत्नी श्रीमती शक्ति परियार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवकी बाई कहार**- घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री हीरा कहार की धर्मपत्नी श्रीमती देवकी बाई कहार (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला देवी**- अनुश्री परिसर गली नं. 3 बिलहरी निवासी श्री प्रहलाद की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जनक नंदनी**- बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री मुरारी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती जनक नंदनी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार**- पाल कम्पाउंड नेपियर टाउन निवासी श्री अशोक कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान की निकाली रैली



सिहोरा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संयोजन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिहोरा सेक्टर 1 की संस्था संयोजन समिति के नेतृत्व में सी एम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन एवं संरक्षण अभियान के तहत श्लोगन लेखन,जल गंगा कलश सजाओ प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। तत्पश्चात छात्र छात्राओं के द्वारा जल गंगा कलश लेकर और जल बचाओ कल संवारो,जल ही जीवन है इसे व्यर्थ न बहाएं,जल है तो कल है जैसे नारों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई।इस आयोजन का समापन पर जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ सुषमा सिंह कर्चुली के द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक आशीष जैन, शाला परिवार से उप प्राचार्य शैलेंद्र कुमार मिश्रा, डॉ.मनीषा खरे, मंजू सिंह राणा, पीयूषा पांडे, आदि शिक्षक उपस्थित थे।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS PALAK I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS PALAK SUKHRAMANI W/O KARAN GOPLANI RESIDENT OF - 104, SHRADDHA SABURI APARTMENT, ADARSH NAGAR, GAURIGHAT, JABALPUR (M. P.) 482008.

## खबर संक्षेप

### टीवीएस मोटर की ब्रिकी बढ़कर 4,43,896 इकाई

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की अप्रैल में कुल बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 4,43,896 इकाई रही। कंपनी की अप्रैल 2024 में बिक्री 3,83,615 इकाई रही थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो अप्रैल 2024 में 3,74,592 इकाई से बढ़कर अप्रैल 2025 में 4,30,330 इकाई हो गई।

### महिंद्रा की बिक्री में 19 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लि. के वाहनों की बिक्री पिछले महीने अप्रैल में सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 84,170 इकाई रही। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि घरेलू बाजार में पिछले महीने उसके एसयूवी की बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 52,330 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 41,008 इकाई थी।

### टाटा मोटर्स की कुल बिक्री अप्रैल में छह प्रतिशत गिरी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की अप्रैल 2025 में कुल बिक्री 6.1 प्रतिशत घटकर 72,753 इकाई रह गई। कंपनी ने अप्रैल 2024 के दौरान कुल 77,521 वाहन बेचे थे। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल 2024 में 76,399 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने कुल घरेलू बिक्री सात प्रतिशत घटकर 70,963 इकाई रह गई।

### टोयोटा की बिक्री अप्रैल में 33 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अप्रैल में थोक बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत बढ़कर 27,324 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता की अप्रैल 2024 में थोक बिक्री 20,494 इकाई रही थी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बयान में कहा, पिछले महीने घरेलू बिक्री 24,833 इकाई रही जबकि निर्यात में 2,491 इकाई रहा।

### किआ इंडिया की घरेलू बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** किआ इंडिया की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 23,623 इकाई हो गई। कंपनी ने अप्रैल 2024 में 19,968 इकाइयां बेची थीं। अप्रैल 2024 में उसने सोनेट की 8,068 इकाइयां बेचीं, मध्यम आकार की एसयूवी सेल्टोस की 6,135 इकाइयां बेचीं। कैरेंस की 5,259 इकाई और हाल ही में पेश की गई साइरोस की 4,000 इकाइयां बेची गईं।

### वीईसीवी की बिक्री 27 फीसदी बढ़कर 6,846 इकाई रही

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स लिमिटेड की इकाई वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की कुल बिक्री अप्रैल 2025 में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 6,846 इकाई हो गई। वोल्वो समूह और आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) ने अप्रैल 2024 में 5,377 इकाइयां बेची थीं। आयशर मोटर्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, अप्रैल 2025 की बिक्री में आयशर ब्रांड की 6,717 इकाइयां और वोल्वो ब्रांड की 129 इकाइयां शामिल हैं।

# लैम्बॉर्गिनी ने भारत में लांच की अपनी सुपर कार 'टेमेरारियो', कीमत 6 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लैम्बॉर्गिनी ने अपनी नई टेमेरारियो सुपरकार को भारत में लांच कर दिया है। इसने सिर्फ 9 महीने पहले इंटरनेशनल डेब्यू किया था। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6 करोड़ (ऑप्शन्स छोड़कर) है। ये मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है। टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया है, जो अकेले ही 800एचपी की ताकत और 730एनएम टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ तीन इलेक्ट्रिक मोटर भी जोड़े गए हैं। यह कुल 920एचपी की पावर जेनरेट करने में सक्षम है। इसकी टॉप स्पीड 340+ किमी/घंटे की है। वहीं ये कार 0 से 100 किमी/घंटे की स्पीड सिर्फ 2.7 सेकंड में पकड़ लेती है। एसी चार्जिंग से 30 मिनट में चार्ज हो जाता है। लैम्बॉर्गिनी का दावा है कि ये दुनिया का सबसे ताकतवर और तेज घूमने वाला वी8 इंजन है, जो 10,000आरपीएम तक रेव कर सकता है।

- टेमेरारियो में 4.0 लीटर ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया गया

### यह कार मशहूर हरिकेन का अगला वर्जन है

#### टेक्नोलॉजी का शानदार मेल

टेमेरारियो का केबिन फाइटर जेट से इंस्पायर है। इसमें 12.3-इंच का डिजिटल क्लस्टर, 8.4-इंच फ्लोटिंग टचस्क्रीन और 9.1-इंच का पैसेंजर डिस्प्ले मौजूद है। इसमें 18-वे पावर एडजस्टेबल सीट्स (हीटिंग और वेंटिलेशन के साथ) दी गई हैं। ऑगमेंटेड रियलिटी नेविगेशन, ऑनबोर्ड टेलीमेट्री और डैशकैम दिया गया है। इसमें 6 फीट 5 इंच तक के ड्राइवर हेलमेट के साथ आराम से फिट हो सकते हैं।



#### पहली बार ड्रिफ्ट मोड के साथ

टेमेरारियो में पहली बार ड्रिफ्ट मोड दिया गया है। यानी आप इसमें कंट्रोल के साथ स्टाइलिश स्लाइड भी कर सकते हैं। इसमें चार ड्राइव मोड सिट्टा (सिर्फ इलेक्ट्रिक मोड), स्ट्राडा (सड़क के लिए), स्पोर्ट्स (तेज रफ्तार के लिए) और कोरसा (ट्रैक के लिए) दिया गया है। रेकिंग की बात करें तो टेमेरारियो में 410 एमएम के अल्युमिनियम डिस्क ब्रेक्स फ्रंट में हैं और रियर में 390एमएम के ब्रेक्स हैं। ये सिर्फ 32 मीटर में 100 से 0 किमी/घंटा की रफ्तार रोक सकती है।

#### टेमेरारियो का मुकाबला किससे?

टेमेरारियो भारत में जिन सुपरकार्स से टक्कर ले रही है, वो फेरारी 296 जीबीटी (कीमत- 5.4 करोड़) और मेकलारेन आरटुरा (कीमत- 5.1 करोड़) हैं। लेकिन, कीमत ज्यादा होने के बावजूद टेमेरारियो ज्यादा पावर, ज्यादा फीचर्स और ज्यादा स्टाइल लेकर आती है। अगर आप सिर्फ स्पीड नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, लक्जरी और एक्सक्लूसिविटी भी चाहते हैं तो लैम्बॉर्गिनी टेमेरारियो आपके लिए एक परफेक्ट सुपरकार है। 6 करोड़ की कीमत पर ये सिर्फ एक कार नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टेटमेंट है।

### व्यवस्था लागू होने के बाद दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह

# जीएसटी संग्रह अप्रैल में 12.6 फीसदी बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़कर अबतक के उच्चतम स्तर लगभग 2.37 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह मजबूत आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के मार्च के अंत में खातों के मिलान को दर्शाता है।

जीएसटी संग्रह बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। यह देश में एक जुलाई, 2017 से नई अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद का दूसरा सर्वाधिक जीएसटी संग्रह है। इससे पहले, मार्च 2025 में कर संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये था।

#### आयातित वस्तुओं से राजस्व बढ़ा

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 के दौरान घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये रहा। बीते महीने जारी किया गया 'रिफंड' 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपये पहुंच गया। इस 'रिफंड' को समायोजित करने के बाद अप्रैल महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

#### मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत

डेलॉयट इंडिया के भागीदार एम एस मणि ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध जीएसटी संग्रह पिछले वित्त वर्ष के अंतिम महीने में मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का संकेत देता है क्योंकि यह आंकड़ा मार्च 2025 में वस्तुओं एवं सेवाओं के लेनदेन से संबंधित हैं।



#### उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ हुआ कम

अग्रवाल ने कहा, "निर्यात और अन्य जीएसटी रिफंड में तेजी लाने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों ने उद्योगों पर कार्यशील पूंजी का बोझ कम कर दिया है। इसका लाभ मध्यम से लंबी अवधि में उपभोक्ताओं को मिलने की संभावना है।" उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण अगले महीने जीएसटी संग्रह में कमी आने की आशंका है लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए समग्र दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

- बीते वर्ष अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए था
- जीएसटी सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ा
- घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़ा

#### पिछले माह बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही

मणि ने कहा, "इस महीने में जीएसटी संग्रह सभी प्रमुख उत्पादक/उपभोग करने वाले राज्यों में समान रूप से अधिक रहा है। इसमें 11 प्रतिशत से लेकर 16 प्रतिशत तक की तेजी रही है। यह पिछले महीनों के उलट है जब कुछ बड़े राज्यों में वृद्धि कम रही थी।/" अप्रैल, 2025 में घरेलू लेनदेन से केंद्रीय जीएसटी संग्रह 48,634 करोड़ रुपये रहा, जबकि राज्य जीएसटी संग्रह 59,372 करोड़ रुपये रहा।

#### विकसित भारत के सपने होंगे साकार

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज एलएलपी के भागीदार विवेक जालान ने कहा, "वैश्विक शुल्क युद्ध, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले और उससे जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच, शुद्ध रूप से जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत की वृद्धि देश की इस दृढ़ इच्छा को बताती है कि वह 'विकसित भारत' के सपने को हर परिस्थिति में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

#### राजस्व में वृद्धि की असमानता

जालान ने कहा, "हालांकि, कुछ राज्यों में केंद्रीय और राज्य क्षेत्राधिकारों के जीएसटी राजस्व में वृद्धि की असमानता है। मसलन, तमिलनाडु में केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत जीएसटी राजस्व में वृद्धि 9.3 प्रतिशत है, जबकि राज्य जीएसटी के तहत यह वृद्धि 17 प्रतिशत है।

# मारुति की बिक्री में आया सात प्रतिशत का उछाल



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

- कंपनी ने अप्रैल में 1,79,791 इकाई बेची
- घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री मामूली रूप से बढ़ी

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री अप्रैल महीने में सात प्रतिशत बढ़कर 1,79,791 इकाई रही। मारुति सुजुकी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में कुल 1,68,089 वाहन बेचे थे। कंपनी ने कहा कि घरेलू यात्री वाहनों की कुल बिक्री अप्रैल में मामूली रूप से बढ़कर 1,38,704 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1,37,952 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो समेत छोटी कारों की बिक्री अप्रैल में घटकर 6,332 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 11,519 इकाई थी। हालांकि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री आलोच्य महीने में बढ़कर 61,591 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 56,953 इकाई थी।

#### अप्रैल में 11,438 ईको वैन बेचे

कंपनी ने पिछले महीने 11,438 ईको वैन की भी बिक्री की जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 12,060 इकाई थी। हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,349 इकाई रही, जबकि पिछले साल अप्रैल में यह 2,496 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि पिछले महीने उसका निर्यात 27,911 इकाई रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 22,160 इकाई था।

# कॉग्निजेंट 2025 में 20,000 नए पेशेवरों की करेगी नियुक्ती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- कंपनी प्रतिभा के ढांचे को नया आकार देना चाहती है
- एआई आधारित सॉफ्टवेयर के विकास को देगी समर्थन

अमेरिकी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कॉग्निजेंट ने 2025 में 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त करने की योजना बनाई है। इस कदम का उद्देश्य कंपनी के प्रतिभा ढांचे को नया आकार देने के साथ प्रबंधित सेवाओं और कृत्रिम मेधा आधारित सॉफ्टवेयर विकास को समर्थन देना है। हालांकि कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या पिछली तिमाही की तुलना में लगभग 3,36,300 पर स्थिर रही। कंपनी की भारत में कर्मचारियों की संख्या अच्छी-खासी है।


कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस. ने कहा, "जैसा कि हमने निवेशक दिवस पर कहा था, हम अपनी रणनीति के तहत 20,000 नए पेशेवरों को नियुक्त कर रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में दोगुने से भी अधिक है। कुमार ने बताया कि इस वर्ष कंपनी अधिक संख्या में नए स्नातकों को नियुक्त करने की योजना बना रही है, ताकि अधिक मजबूत कार्यबल ढांचे का निर्माण किया जा सके।

खासकर तब जब पिछले दो वर्षों में प्रबंधित सेवा परियोजनाओं में वृद्धि हुई है। सीईओ ने कहा कि कंपनी तीन क्षेत्रों...नए पेशेवरों (फ्रेशर्स) को काम पर रखने, कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने और मानव पूंजी लागत को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए उपयोग में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कॉग्निजेंट ने कहा कि 14,000 पूर्व कर्मचारी वापस कंपनी से जुड़े हैं।

#### कंपनी के राजस्व में वृद्धि दर्ज

न्यू जर्सी मुख्यालय वाली इस कंपनी ने 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए राजस्व में 7.45 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 5.1 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्ज की है।

# अदाणी पोर्ट्स का मुनाफा 50% बढ़ 2015 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 50 प्रतिशत बढ़कर 3,025 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में मुनाफा 2,015 करोड़ रुपये रहा था।एपीएसईजेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 7,199.94 करोड़ रुपये से बढ़कर 8,769.63 करोड़ रुपये हो गई। समीक्षाधीन अवधि के दौरान व्यय 5,382.13 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल समान तिमाही में 4,450.52 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में मुनाफा सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 11,061 करोड़ रुपये रहा।

# भारत की जीडीपी 6.7 फीसदी के बीच ही बढ़ेगी : डेलॉयट

- प्रोत्साहन से घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद
- घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ाने सरकारी प्रयास

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डेलॉयट ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि के 6.5 से 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि बजट में प्रदान किए गए कर प्रोत्साहन से अनिश्चित वैश्विक व्यापार वातावरण के बीच घरेलू मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

डेलॉयट के भारत अर्थव्यवस्था परिदृश्य में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.3-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया।



साथ ही कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक परिदृश्य उभरते व्यापार संबंधों तथा घरेलू उपभोक्ता मांग को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों के बीच एक नाजुक संतुलन पर टिका है। इसमें कहा गया, "चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दो विरोधी ताकतों पर निर्भर करेगा।"

#### भारत को नए अवसर की तलाश

*रिपोर्ट में साथ ही कहा गया कि भारत तथा अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता, वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच भारत को नए अवसर तलाशने और अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने में मदद करेगा।*

## सुजुकी मोटरसाइकिल ने अप्रैल में बेची 1,12,948 इकाई...



**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के वाहनों की बिक्री इस साल अप्रैल में 14 प्रतिशत बढ़कर 1,12,948 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 99,377 इकाई बेची थी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि समीक्षाधीन महीने में घरेलू बिक्री 95,214 इकाई रही, जो अप्रैल 2024 में बेची गई 88,067 इकाइयों से आठ प्रतिशत अधिक है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल 2025 में निर्यात 57 प्रतिशत बढ़कर 17,734 इकाई रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 11,310 इकाई था। इस वर्ष अप्रैल के दौरान, एसएमआईपीएल ने कहा कि ग्राहकों की पहुंच बढ़ाने के लिए उसने आठ भारतीय राज्यों में फ्लिपकार्ट के माध्यम से अपने उत्पादों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू की है।

# शेयर बाजार अप्रैल में चुनौतियों से आगे निकला सेंसेक्स चार फीसदी उछला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिकी सीमा शुल्क और भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीएसई सेंसेक्स में पिछले महीने करीब चार प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की वापसी, दक्षिण-पश्चिम मानसून में सामान्य से अधिक बारिश होने के अनुमान और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद ने इस सकारात्मक धारणा को बल देने का काम किया।

- घरेलू बाजार में एफआईआई की वापसी हुई
- मानसून के सामान्य रहने से सकारात्मक धारणा बनी

इसके अलावा, पिछले कुछ महीनों में बाजार में आई गिरावट के बाद शेयरों के मूल्यांकन में आई नरमी ने भी खरीदारी को नए सिरे से बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स पिछले महीने कुल 2,827.32 अंक यानी 3.65 प्रतिशत बढ़ा, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 814.85 अंक यानी 3.46 प्रतिशत चढ़ा। इस तेजी के बीच अप्रैल महीने में निवेशकों की संपत्ति 10.37 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 4,23,24,763.25 करोड़ रुपये (4.98 लाख करोड़ डॉलर) हो गई। यह लगातार दूसरा महीना है जब सेंसेक्स एवं निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए हैं।

मार्च के महीने में भी सेंसेक्स में 4,216.82 अंक यानी 5.76 प्रतिशत और निफ्टी में 1,394.65 अंक यानी 6.30 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। एक विशेषज्ञ ने कहा कि अमेरिकी सीमा शुल्क से जुड़े जोखिम में कमी आने, संभावित अमेरिका-भारत व्यापार समझौते और मजबूत एफआईआई प्रवाह के कारण पिछले महीने बाजारों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

#### आरबीआई के रुख से बाजार की धारणा बदली

सिंघानिया ने कहा कि रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने और नीतिगत रुख को 'तटस्थ' से 'उदार' में बदलने से भी बाजार की धारणा को बल मिला। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, /"बाजार का आश्चर्यजनक तरीके से लचीलापन दिखना अहम है।

### सेबी प्रमुख पांडेय ने योग्यता परीक्षण की संभावना को किया खारिज

# वायदा कारोबार में निवेशकों के लिए योग्यता का प्रस्ताव नहीं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय ने वायदा और विकल्प (एफएंडओ) खंड में भाग लेने के इच्छुक खुदरा कारोबारियों के लिए योग्यता परीक्षण की संभावना को खारिज कर दिया है। खुदरा निवेशकों की योग्यता को परखने की बात अव्यावहारिक है और यह नियामकीय अतिक्रमण भी कर सकती है। बाजार नियामक सेबी ने पिछले साल नवंबर में डेरिवेटिव यानी वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों में अत्यधिक अटकलबाजी को रोकने के लिए कदम उठाए थे।

- खुदरा निवेशकों की योग्यता को परखने की बात अव्यावहारिक है

#### उद्योग के सुझाव पर विचार नहीं

सेबी ने ये कदम अपने एक अध्ययन के बाद उठाए थे जिसमें पता चला कि 10 में से नौ खुदरा निवेशक एफएंडओ साधनों में लेनदेन के दौरान नुकसान उठाते हैं। खुदरा निवेशकों को डेरिवेटिव उत्पादों में कारोबार की मंजूरी देने से पहले उनके लिए योग्यता परीक्षण शुरू करने के बारे में उद्योग के सुझाव पर पांडेय ने कहा, /"फिलहाल हम इनमें से किसी भी बात पर विचार नहीं कर रहे हैं।/"



**लोग अपने पैसा के उपयोग का निर्णय लेने स्वतंत्र**

सेबी प्रमुख ने व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन में व्यक्तिगत पसंद की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि लोगों को अपने पैसे के उपयोग का निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने जोखिम लेने की प्रवृत्ति की तुलना सिगरेट पीने की लत से करते हुए कहा कि अगर 'ट्रेडिंग' लत बन जाती है, तो यह नशे से मुक्ति का मामला हो जाता है।

#### सेबी के पास प्रमाणन व्यवस्था मौजूद

पांडेय ने बातचीत में ऐसे प्रस्तावों के पीछे व्यावहारिकता और प्रभावशीलता से जुड़ी चिंताओं को रखा। सेबी प्रमुख ने कहा, /"सबसे पहले, हमें यह भी देखना होगा कि क्या ऐसा करना नियामकीय अतिक्रमण होगा? क्या आप इसे प्रभावी ढंग से कर पाएंगे?/"उन्होंने स्पष्ट किया कि सेबी के पास पहले से ही विशिष्ट बाजार प्रतिभागियों के लिए प्रमाणन व्यवस्था मौजूद है।

#### लागू करना एक चुनौती होगी

सेबी प्रमुख ने कहा, /"हमारे पास विशिष्ट प्रतिभागियों के लिए व्यवस्था मौजूद है। मसलन, एनआईएसएम प्रमाणन कई लोगों के लिए है। जैसे कि आप एक पंजीकृत सलाहकार या आईए या आरए हैं। लेकिन इसे लाखों खुदरा कारोबारियों पर लागू करना पूरी तरह से एक अलग चुनौती होगी।/"

## चिंतन

# भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।


## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक

भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया।



सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार

इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिज़र्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी




भी आर्थिक झटके का सामना करते हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है। 9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित

## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है

पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

– प्रकाश गुप्ता, भाटापारा

## ट्रेंड

### महाराष्ट्र दिवस



भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'जातीय जनगणना' सही



देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र


### क्या यही है लोकतंत्र



सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज़ को कुचलना है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### सार्थक तरीका अपनाएं




शासन का मतलब सिर्फ़ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।

-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

## करंट अफेयर


# रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।

## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### कोतवाली परिसर में वॉटर कूलर किया गया स्थापित

**कटनी।** बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा इस वर्ष की भीष्म गर्मी में लोगों को शीतल पेय जल उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मुख्य आतिथ्य में कोतवाली परिसर में वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय बहादुर सिंह डीएसपी एवं संस्था के सदस्य श्रीमती काशी विश्वकर्मा, रविकांत राय, राजेश चौधरी, माया गुप्ता, संगीता बर्मन, कार्यक्रम अधिकारी शिवकुमार चौधरी सहितrराधा विश्वकर्मा सहित समस्त सदस्यों की उपस्थिति रही।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से किशोरी की मौत

**कटनी।** जहरीले पदार्थ का सेवन कर लेने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए जब अस्पताल लेकर जा रहे थे तो रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत धरवारा ग्राम की है। बताया जाता है कि कक्षा किशोरी ने बुधवार को अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिवार के लोग उसे पहले शासकीय जिला चिकित्सालय ले गए, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने के कारण प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने उसे जबलपुर रिफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही खुशी नें दम तोड़ दिया। किशोरी के पिता नें बताया कि वह 9वीं कक्षा में पढ़ाई पास करके 10वी कक्षा में गईं थी। इस तरह का गंभीर कदम उठाए जाने का अंदेशा भी परिवार को नहीं था, खुशी ने अज्ञात कारणों के चलते इतना बड़ा कदम उठा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिवार को सौंप दिया। परिवार इस घटना से गहरे सदमे में है और उनके घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और परिवार के बयान दर्ज होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया।

### मजदूरों को मिठाई वितरण कर मनाया मजदूर दिवस

**कटनी।** आम आदमी पार्टी द्वारा मजदूर दिवस पर गल्ला मंडी व बस स्टैंड मे कार्यरत श्रमिकों के मध्य पहुँचकर मिठाई वितरण कर मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दी। व देश के विकास मे श्रमिकों के योगदान हेतु आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर दवारा व्यक्त किया गया कि मजदूरों के बिना किसी भी देश के विकसित राष्ट्र बनने की कल्पना कोर कागज के समान है। देश की सुरक्षा मे जितना सहयोग सेना का है। उतना ही देश के नवनिर्माण मे मजदूरों का सहयोग है। कार्यक्रम के दोरान जिलाध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, शिवप्रताप सिंह परमार, करण दहिया, काशी पटेल, अर्जुन कुशवाह, सूर्य प्रकाश पटेल आदि साथी उपस्थिति रहे।

### एमजीएम में मुंह के कैंसर का सफल ऑपरेशन व इलाज

**कटनी।** एम.जी.एम. अस्पताल के मैक्सिलोफेशियल हेड एण्ड नेक विभाग में मरीज भूरिया प्रसाद चौधरी 38 वर्ष ने जॉच करवाई। जॉच में मुंह का कैंसर पाया गया जो काफी आगे की स्टेज में पहुँच गया था। कैंसर में आधे से ज्यादा निचला जबड़ा और होंठ शामिल थे। मरीज कई महीनों से जबलपुर में भटकता रहा क्योंकि उसको एडवांस स्टेज कैंसर की सर्जरी के लिए मना कर दिया गया था। मरीज को बीमारी और इलाज के बारे में विस्तार से बताया गया और कई डॉक्टरों की टीम ने एक बड़ी सर्जरी की जिसमें निचले जबड़े के साथ कैंसर को हटा दिया गया और चेस्ट फ्लैप से सर्जरी करके उसका पुनर्निमाण किया गया।
आयुष्मान योजना के तहत पूरी सर्जरी पूरी तरह से मुफ्त की गई। मरीज अब ठीक हो रहा है और रेडियोथेरेपी की योजना बनाई जा रही है।

## बार बार बदल रहे मौसम से हालत हो रही खराब, मरीजों की बढ़ी तादाद

# अजब गजब मौसमः चिलचिलाती धूप तो कभी हल्की बारिश बढ़ा रही उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आज कल मौसम का हर रोज अपना रंग बदल रहा है। कभी चिलचिलाती धूप तो कभी बादल छा जाते हैं तो कभी आंधी तूफान कहर मचाता है। अजब गजब मौसम के बीच लोगों की हालत पतली हो रही है। बादल छा जाने एवं हल्की बारिश के बाद मौसम में थोड़ी के लिए राहत तो मिलती है लेकिन उमस भरी गर्मी बेचैन कर देती है। जैसे ही मौसम साफ होता है तेज धूप और उमस के बीच घर के अंदर एवं बाहर सुकून नहीं मिलता। गुरूवार सुबह तेज धूप रही, दोपहर तक आसमान पर बादल छा गए और बूंदाबांदी हुई। इस बीच उमस वाली गर्मी ने आमजन को परेशान कर दिया। यह सिलसिला बीते एक हफ्ते से चल रहा है। गुरूवार की दोपहर सूरज और बादल के बीच लुका-छिपी का खेल शुरू हुआ और दोपहर में हल्की बारिश हुई। बारिश के बाद और उमस बढ़ गई है। हालांकि बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन उमस से राहत नहीं मिल रही। गुरूवार को हुई बारिश से लोग उमस और चिपचिपाहट से परेशान दिखे। गर्मी के साथ उमस ने लोगों की मुश्किल को और बढ़ा दिया है। उमस के आगे पंखा और कूलर की हवा भी फेल होती दिखी। मौसम की तल्खी को देखकर लोगों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। घने बादलों को देखकर लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि अच्छी बारिश होगी तो काफी हद तक राहत मिलेगी, लेकिन हल्की बारिश ने उमस और बढ़ा दी। जिले में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रहा। अगर बीच बीच में हल्की बारिश होती रही तो इससे चिपचिपाती गर्मी से और परेशानी बढ़ जाएगी।

मौसम को देखते हुए डाक्टरों का कहना है कि इस दौरान सावधानियां बरतने आवश्यक है वरना मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। विशेषकर बच्चों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले व्यक्तियों के लिए, गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बन सकती हैं। इन स्थितियों का सही ढंग से प्रबंधन करने से न केवल मरीज की स्थिति में सुधार होता है, बल्कि अन्य जटिलताओं से भी बचा जा सकता है। उल्टी और दस्त के विभिन्न कारण हो सकते हैं। इनमें संक्रमण, विषाक्त भोजन, दवाओं के साइड इफेक्ट्स, और अन्य मेडिकल स्थितियाँ शामिल हैं। पेट के अंदर जीवाणु, वायरस या परजीवी हो सकते हैं जो पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं और उल्टी और दस्त का कारण बनते हैं।

डाक्टरों का कहनाहै कि लोगों को उल्टी दस्त की बीमारी से नहीं घबराने और उपचार का परामर्श दिया है। जब दस्त होता है, तो यह महत्वपूर्ण है कि उसे तुरंत रोकने की कोशिश न की जाए। दस्त शरीर का प्राकृतिक तरीका है जिससे यह संक्रमण या विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। अगर आप दस्त को विशेष दवाओं के माध्यम से तुरंत रोकने की कोशिश करते हैं, तो पेट में मौजूद जीवाणु या विषाणु की संख्या बढ़ सकती है। यह अंततः आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है और अधिक गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकता है। उल्टी को नियंत्रित करने के लिए कुछ घरेलू उपाय और मेडिकल उपचार होते हैं। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि उल्टी दस्त का कारण क्या है।



# काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन के आह्वान पर गुरूवार को बैंक मित्रो ने काली पट्टी बांधकर कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह बैंक मित्र कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित हुए इसके बाद कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बैंक मित्रों ने भोपाल आरबीआई कार्यालय को भेजकर बैंकों पर लक्ष्य पूरा करने के संबंध में दबाव दिए जाने का आरोप लगाते हुए ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में बताया गया था कि 1 मई को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बैंक मित्रों को समाजिक सुख, बीमा योजनाओं के नाम पर कंपनियों और बैंकों द्वारा बनाए जा रहे अनावश्यक दबाव व आईडी बंद करने की धमकियों के खिलाफ यह विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं को कराने के लिए बैंक मित्रों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। यदि लक्ष्य पूरे नहीं होते तो आईडी बंद करने की धमकी दी जाती है। बैंक मित्रों ने कहा कि में इन योजनाओं के महत्व को भलीभांति समझते हैं लेकिन यदि किसी खाताधारक पास पहले से ही किसी अन्य बैंक के माध्यम से बीमा योजना है तो उसे दोबारा बीमा कराना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि बिना खाताधारक की सहमति के बीमा कराना भी नियम विरुद्ध है। इसके बावजूद बैंक प्रतिदिन लक्ष्य देकर दबाव बना रही हैं, इसे रोका जाना चाहिए।

*रीठी थाना क्षेत्र में तीन साल पहले हुई थी वारदात*

# हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या के एक मामले में न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। रीठी थाना क्षेत्र के प्रकरण में हत्या करने वाले आरोपी ज्ञान सिंह गौंड, भारत सिंह गौंड एवं नारायण सिंह गौंड को धारा 302/34 भादवि में आजीवन कारावास एवं दोदो हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुरेंद्र कुमार गर्ग द्वारा की गई।

मीडिया सेल प्रभारी ने बताया गया कि 3 जुलाई 22 को थाना रीठी में अज्ञात मर्ग की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना स्थल ग्राम इमलिया में मृतक मदन सिंह गौड़ निवासी ग्राम इमलिया का शव पाया। मृतक के पुत्र पुष्पेन्द सिंह से पूछताछ की गई जो बताया कि 2 जुलाई 22 के सुबह करीबन 10 बजे मदन सिंह गौड गांव के ज्ञान सिंह गौड की कार गाडी मे बैठकर गांव के अन्य लोगों के साथ गांव की अनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह दोपत्ती के प्रचार कार्य करने के लिए गया था। 3 जुलाई को सुबह 6 बजे प्रार्थी को गांव के ही अर्जुन सिंह गोंड द्वारा उसके पिता मदन सिह गोड का शव गोकुल सिंह गोंड के घर की सार के पास आम रोड पर पडा होने की जानकारी दी।

रीठी पुलिस ने ने कार्रवाई शुरू की। 5 जुलाई को मृतक मदन सिंह गौड के 2 जुलाई को गांव की अनीता चौधरी के प्रचार कार्य मे साथ जाने वाले संदिग्धों से - पूछताछ की गई। जो दौरान पूंछताछ - ग्राम इमलिया निवासी ज्ञान सिंह गोंड, - नारायण सिंह गोंड, भारत सिंह गोंड - के द्वारा मृतक मदन सिंह गोंड से - जमीन संबंधी विवाद एवं ज्ञान सिंह - गोंड के द्वारा दिए गए दो हजार वापिस - मागने की बात को लेकर हुए विवाद - के कारण उक्त तीनों आरोपियों द्वारा - मृतक की हत्या करना स्वीकार - किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

जांच में साक्षियों के कथन - लेखबद्ध किए गए। जिन्होंने अपने कथनों मे मृतक मदन सिंह गोड़ एवं आरोपी ज्ञान सिंह गोड़ के बीच पुराने - जमीनी विवाद का होना बताए। एवं - ज्ञान सिंह के द्वारा मृतक को पैसे देने की बात बताई। उक्त जमीनी विवाद के संबंध मै आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य संकलित करते हुए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से 5 दस्तावेज प्राप्त किया गया, जिससे प्रमाणित हुआ कि वर्ष 2017 मे मृतक मदन सिंह गोंड एवं आरोपी भारत सिंह गोंड के पिता मस्तराम ड सिंह गोंड निवासी इमलिया के मध्य जमीन बटवारे संबंधी विवाद था। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपीगण ज्ञान सिंह गौंड, भारत सिंह एवं नारायण सिंह द्वारा अपराध घटित करना प्रमाणित पाए जाने से आरोपीगण के विरुद्ध अभियोग पत्र र तैयार किया जाकर न्यायालय में प्रेषित किया गया।

## बरही में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा




बरही बाबा विजयनाथ धाम की नगरी बरही में अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम तहसील ब्राह्मण समाज बरही द्वारा मनाया गया जिसमें बरही एवं आसपास के गांव जिसमे छिंदहाई पिपरिया ,नदावन, पिपरिया कला, सलैया सिहोरा, कुआं, गैरतलाई, इटौरा समेत कई गांवों से सैकड़ों विप्रजन और माताओं और बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुरुआत में कन्या पूजन के बाद, भगवान परशुराम का पूजन अर्चन के बाद संगठन के महत्व और विश्व कल्याण के लिए ब्राह्मणों के योगदान पर विभिन्न वक्ताओं ने प्रकाश डाला कार्यक्रम का सफल संचालन नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रवीण त्रिवेदी डब्बू ने किया।। इसके बाद शोभा यात्रा राम मंदिर से बाजार होते हुए विजयनाथ धाम तक निकाली गई।

# माता पिता का साया छिनने के बाद संबल योजना बनी नन्हीं आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जीवन में कई बार विपरीत परिस्थितियाँ आकर हमें तोड़ने की कोशिश करती हैं, लेकिन सही समय पर मिला सहारा नई राह दिखा सकता है। ऐसी ही एक कहानी है, आशियाना की। आशियाना जिले के पिलौंजी गांव की रहने वाली 11 वर्ष की बच्ची है। जिसके सिर से मां-बाप का साया छिनने के बाद मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना ने न केवल सहारा दिया, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित किया।

आशियाना अपने माता-पिता की संतानों में बड़ी बेटी है। उसकी एक छोटी बहन भी है। खेलने-कूदने और पढ़ने की उम्र में आशियाना के जीवन में पहली चुनौती तब आई जब उसकी मां का साया उसके सिर से छिन गया। जैसे-तैसे उसके पिता अवधेश प्रसाद अवर्स्थी अपनी दोनों बच्चियों का लालन-पालन कर रहे थे। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। एक दिन अचानक अवधेश की तबियत बिगड़ गई। उन्हेंछ उल्टीी-दस्तथ होने लगे। आनन-फानन में उन्हें। कटनी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उनकी तबियत में खास सुधार नहीं हुआ। आराम न मिलने पर उन्हें जबलपुर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान अवधेश ने दम तोड़ दिया। इस घटना ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक रूप से तोड़ दिया।

अवधेश अवस्थी् का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना 2.0 में पंजीकृत था। उनकी मृत्यु के बाद योजना के तहत मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 2 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि आशियाना अवस्थीह के खाते में जमा कराई। इस राशि से दोनों बच्चियों के भविष्य को संवारने में मदद मिलेगी। आशियाना के दादाजी सुरेन्द्रो प्रसाद अवस्थीर कहते हैं कि ''पहले बहू फिर बेटे की मृत्यु के बाद हम टूट चुके थे। मुझे इन बच्चियों के भविष्य। की चिंता खाये जा रही थी। यह राशि हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब मैं दोनो बच्चियों की पढ़ाई को बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकता हूँ। यह सहायता हमें फिर से जीने की ताकत दे रही है।₹ उन्हों ने आगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उनके जैसे कई असहाय परिवारों को फिर से अपने पैरों पर खड़े होने का मौका दिया है। संबल योजना से न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि एक टूटे हुए परिवार को फिर से खड़ा करने में मददगार बनी।

*श्रमिकों को मिलने वाली निःशुल्क सहायता योजना की दी गई जानकारी*

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई को महाकौशल फैक्ट्री कटायघाट वरगबां में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने शिविर में उपस्थित मजदूरों को संबोधित करते हुये प्रत्येक मजदूर से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आव्हान किया। उन्होंमने कहा कि यदि उन्हें अपने अधिकारों को संरक्षित करने में किसी प्रकार की समस्या आती है तो वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं। उन्हो्ंने श्रमिकों को टोल फ्री नं. 15100 के बारे में बताते हुये म.प्र. शासन द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हौंने श्रमिकों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने के लिये भी कहा। उन्होंयने यह भी कहा कि यदि रजिस्ट्रेशन कराने में किसी श्रमिक को कोई समस्या आती है, तो वे श्रम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा श्रमिकों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी गई और बताया गया कि पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक प्राप्त है। इस अवसर पर श्रम अधिकारी केबी मिश्रा, लेबर ऑफीसर एसपी सिंह, आराधना तिवारी पैरालीगल वालेंटियर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने बरनमहगवां पहुंच कर, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को हटाने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विकासखण्डर बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंच कर, ग्रामीणों की समस्याोयें सुनी। यहां 91 आवेदकों ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी समस्यामयें सुनाईं, जिस पर कलेक्टंर ने अधिकारियों को इनके निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलाई, तहसीलदार बरही नितिन पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसुनवाई के दौरान बड़वारा विधायक ने माध्य मिक शाला रूपौंद में पदस्थ प्राथमिक शिक्षिका की ओर से कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि शिक्षिका श्रीमती नीलम मिश्रा ने अपने एनपीएस खाते से आंशिक निकासी हेतु 17 मार्च 2025 को आवेदन किया था। परंतु राशि एनपीएस खाते से तो कट गई परंतु बैंक खाते में नहीं आई। कोषालय कार्यालय कटनी में भी कई बार संपर्क करने पर कार्यालय द्वारा इस ओर ध्या न नहीं दिया गया। इस पर कलेक्टुर श्री यादव ने जिला कोषालय अधिकारी को शिकायत के उचित निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत हदरहटा निवासी रामस्वंरूप काछी पिता जगदीश प्रसाद काछी ने कलेक्टेर श्री यादव को आवेदन देते हुये कहा कि मेरी भूमि जिसका खसरा नं. 479/2 है। इस भूमि में विगत 10 वर्षों से 50 यूके लिप्टिस के पेड़ मौजूद है, जो कि वर्तमान खसरे में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। इन्हेंष खसरे में प्रदर्शित करवाना चाहता हूँ। इस पर कलेक्टरर श्री यादव ने एसडीएम को मौके का निरीक्षण करवाकर स्थिति अनुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरही कम्प्यूटर साइंस एण्ड जर्नलिज्मन इंस्टीनट्यूट के छात्र- छात्राओं ने कलेक्टजर श्री यादव को आवेदन देते हुये कॉलेज के पास संचालित हो रही शराब दुकान को वहां से दूर हटवाने की मांग की। जिस पर कलेक्ट्र श्री यादव ने जिला आबकारी अधिकारी को शिकायत पर निर्धारित समयावधि में शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बरनमहगवां निवासी जानकी बाई पति स्वा. दनई राम ने आवेदन देते हुये कहा कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छीं नहीं है एवं मेरी आजीविका का साधन पेंशन है। मेरे घर में औसत से अधिक बिजली का बिल आ रहा है इसलिए मेरा बिल माफ करवायें। जिस पर कलेक्टनर श्री यादव ने बिजली विभाग को निश्चित समय-सीमा मे नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक अन्य आवेदक बरनमहगवां निवासी फूल सिंह गोड़ ने भी बिजली का बिल माफ करने हेतु कलेक्ट र श्री यादव को आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टुर श्री यादव ने बिजली विभाग को समय-सीमा में उचित निराकरण के निर्देश दिए।

ग्राम खन्नाा निवासी 48 वर्षीय हैरिसन जूलियस ने आवेदन देते हुये कलेक्टरर श्री यादव को बताया कि मैं दोनों कानो से श्रवण बाधित विकलांग हूँ। मैं लोगों के घरों से जहरीले जीव-जन्तु पकड़कर लोगों की जान बचाता हूँ एवं बदले में जो राशि मुझे मिलती है मैं इसी से अपना एवं भांजे का जीवनयापन करता हूँ।

पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा जहरीले सांप, अजगर एवं बंदर आदि पकड़ने के लिए मुझे रखा गया था। परंतु मुझे अचानक निकाल दिया गया है। जिससे जीवनयापन कठिन हो गया है। मुझे इस कार्य के अतिरिक्तद अन्यह कोई कार्य नहीं आता। इसलिए मुझे वापस वन विभाग में रखवायें। जिस पर कलेक्ट र श्री यादव ने वनमंडलाधिकारी को निश्चित समय-सीमा में समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए।

### भगवान की प्रतिमा ही चोरी कर ले गए चोर

**कटनी।** चोर बदमाश घर, दुकान, प्रतिष्ठान, स्कूलों के साथ अब मंदिरों को भी निशाना बना रहे हैं। उमरियापान गांव में भगवान विष्णु की दुर्लभ मूर्ति चोरी हो गई है। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जनपद सदस्य शैलेंद्र पौराणिक ने बताया कि दो साल पहले तालाब खुदाई के दौरान दुर्लभ भगवान विष्णु की प्रतिमा निकली थी। बीती रात अज्ञात कुछ बदमाशों ने चोरी कर लिया। घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने आगे बताया कि गांव में लगातार घरों और दुकानों में चोरी की वारदात होती रही है। लेकिन अब तो चोरों ने मंदिर तक को नहीं छोड़ा और भगवान की प्रतिमा चोरी कर ली। पुलिस प्रशासन ने अगर जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि चोरी का मुकदमा दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

# सबसे लंबे वेडिंग गाउन से लेकर सबसे लंबे फैशन-शो तक, फैशन से जुड़े अनोखे विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** हर व्यक्ति चाहता है कि उसका फैशन और स्टाइल सबसे अलग और खास हो। इसके लिए कुछ लोग इंटरनेट का सहारा लेते हैं तो कुछ खुद ही अपने स्टाइल को रूप देते हैं। कई बार यही फैशन उन्हें ऐसी ऊंचाइयों पर ले जाता है कि वे पूरी दुनिया में नाम कमा लेते हैं। आज हम आपको फैशन से जुड़े कुछ अनोखे विश्व रिकॉर्ड के बारे में बताएंगे, जिनके बारे में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।



### सबसे लंबे वेडिंग गाउन का रिकॉर्ड

*9 दिसंबर, 2017 को फ्रांस में दुनिया का सबसे लंबा वेडिंग गाउन बनाया गया था, जिसका नाम गिनीज बुक में शामिल किया गया है। इस गाउन की टेल यानि घेर की लंबाई करीब 8,095.40 मीटर है और इसे डायनामिक प्रोजेक्ट्स नामक दुकान ने बनाया था। 15 लोगों ने दान में मिले कपड़ों को एक साथ जोड़कर टेल बनाने में 2 महीने का समय लगाया था। इसके बाद इसे बेल्ट में लगाकर ड्रेस के साथ जोड़ दिया गया था।*



### सबसे लंबे फैशन शो का रिकॉर्ड

फैशन शो आम तौर पर कुछ घंटों तक चलते हैं, जिसके दौरान अलग-अलग डिजाइनर अपने बनाए हुए कपड़ों को दिखाते हैं। पेशेवर मॉडल्स ये कपड़े पहनती हैं और दर्शकों के बीच रैंप वाक करती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया का सबसे लंबा फैशन शो 30 घंटे तक चला था। इसे यूनाइटेड किंगडम की ब्लॉसम चैरिटी ने इप्सविच में आयोजित किया था, जो 13 से 14 अक्टूबर, 2017 तक तक चला था।

### सबसे जल्दी कपड़े पहनने का रिकॉर्ड

आम तौर पर महिलाएं तैयार होने में घंटों लगा देती हैं। हालांकि, एक महिला ने कुछ सेकंड में कपड़े बदलकर अपना नाम गिनीज बुक में शामिल कर लिया है। सबसे जल्दी राजकुमारी की तरह कपड़े पहनने का गिनीज विश्व रिकॉर्ड 17.28 सेकंड का है। यह रिकॉर्ड शेरी शेफर्ड नामक महिला के नाम दर्ज है, जिसे उन्होंने 14 नवंबर, 2024 को बनाया था। बता दें कि यह रिकॉर्ड न्यूयॉर्क में पूरा किया गया था।



### एक फैशन शो में सबसे ज्यादा मॉडल का रिकॉर्ड

औसतन एक फैशन शो में करीब 20 से 40 मॉडल्स शामिल की जाती हैं। शो की भव्यता और दायरे के आधार पर यह संख्या अलग-अलग हो सकती है। हालांकि, न्यू ऑरलियन्स के लुइसियाना में एक ऐसा फैशन शो करवाया गया, जिसमें कुल 430 मॉडल शामिल हुई थीं। यह शो 'यू नाईट इवेंट्स', 'पॉजिटिव इमेज मॉडलिंग' और 'शीक नॉवेल वर्ल्डवाइड मॉडल मैनेजमेंट' ने मिलकर आयोजित किया था। इसे 'रिबन रॉक द रनवे' नाम दिया गया था।

## रोचक खबरें

### दुनिया का एकमात्र मंदिर जहां गिलहरी के रूप में विराजित हैं हनुमानजी

**अलीगढ़।** देश के कोने-कोने में हनुमानजी के लाखों मंदिर हैं। हर मंदिर का एक विशेष महत्व होता है। इन सभी मंदिरों में हनुमानजी की पूजा अलग-अलग तरीके से की जाती है। हनुमानजी का एक ऐसा



अनोखा मंदिर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में है जो पूरी दुनिया में मशहूर है। क्योंकि इस मंदिर में हनुमानजी महाराज गिलहरी के रूप में विराजमान हैं। इस मंदिर को गिलहराज हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां लगातार 41 दिनों तक पूजा करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। गिलहराज हनुमान मंदिर उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अचल ताल झील के तट पर स्थित है। यह मंदिर कितना पुराना है यह कोई नहीं जानता। ऐसा माना जाता है कि यह भारत का एकमात्र मंदिर है जहां भगवान हनुमान की गिलहरी के रूप में पूजा की जाती है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, जब भगवान राम राम सेतु का निर्माण कर रहे थे, तब भगवान राम ने हनुमानजी को कुछ देर आराम करने के लिए कहा, लेकिन हनुमानजी ने आराम नहीं किया। उन्होंने गिलहरी का रूप धारण किया और पुल बनाने में रामसेना की मदद की। भगवान राम ने गिलहरी के रूप में हनुमानजी को देखा और उन पर अपना हाथ फेर दिया, जिसके बाद गिलहरी की पीठ पर भगवान के हाथ की वही रेखा बन गई, जिसे आज भी देखा जा सकता है। गिलहराज मंदिर के महंत कैलाश नाथ ने बताया कि श्री महेंद्रनाथ योगीजी महाराज हनुमानजी को स्वप्न में मिले और कहा कि मैं अचल ताल पर हूं, वहीं मेरी पूजा करो। जब उन्होंने वहां जाकर खोजबीन की तो उन्हें मिट्टी के ढेर पर बहुत सारी गिलहरियाँ मिलीं, जब उन्होंने उसे खोदा तो उन्हें वह मूर्ति मिली। यह मूर्ति गिलहरी के रूप में हनुमानजी की थी। तभी से यह मूर्ति मंदिर में स्थापित कर पूजा की जाने लगी।

### पेरिस में होने वाली है फ्रांस के सम्राट नेपोलियन की बेशकीमती तलवार की नीलामी

**पेरिस।** नेपोलियन बोनापार्ट का नाम फ्रांस के इतिहास में बेहद अहम है, क्यूंकि वह फ्रांसीसी सेना के सबसे सफल जनरलों में से एक थे। उन्होंने 1804-15 में फ्रांस के सम्राट के रूप में गद्दी संभाली थी। उन्हें



इतिहास के सबसे महान सैन्य नेताओं में से एक माना जाता है, क्यूंकि उन्होंने अनेक लड़ाइयों में फ्रांसीसी सेना को विजय दिलाई थी। अब पेरिस में उनकी एक बेशकीमती तलवार नीलाम होने वाली है, जो आज भी उनके सैन्य कौशल की गाथा कहती है। इस तलवार को नीलाम करने का फैसला 'द गिक्वेलो ऑक्शन फर्म' नामक नीलामीघर ने किया है, जो पेरिस में स्थित है। उनके आधिकारिक बयान के मुताबिक, इसकी नीलामी अगले महीने आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 22 मई की तारीख तय हुई है। नीलामी घर का अनुमान है कि इस नायाब तलवार की कीमत 6.82 करोड़ से लेकर 9.38 करोड़ रुपये के बीच लग सकती है। देखा जाए तो यह नीलामी इतिहास में दिलचस्पी रखने वालों के लिए बहुत अहम होगी। इस तलवार को खास तौर से नेपोलियन के लिए ही बनवाया गया था। उन्होंने 1802 में इस तलवार को आर्डर किया था और अपने पूरे शासनकाल में इसे अपने पास ही रखा था। उन्होंने 1815 में यह तलवार अपने करीबी सहयोगी इमैनुएल डी ग्राउची को सौंप दी थी और उन्हें अपने साम्राज्य का अंतिम मार्शल नामित किया था।

### टाइटैनिक हादसे में बचने वाले व्यक्ति का पत्र हुआ नीलाम, 3 करोड़ से ज्यादा लगी कीमत

**नई दिल्ली।** 15 अप्रैल, 1912 की काली तारीख को याद करके आज भी रूह कांप जाती है। इस दिन विशालकाय टाइटैनिक जहाज डूबा था और उसमें सवार 1,496 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, कई लोगों की किस्मत ने उनका साथ



दिया और भगवान उनपर मेहरबान हुए, जिस कारण उनकी जान बच गई। अब टाइटैनिक हादसे में बचने वाले एक व्यक्ति का पत्र नीलाम हुआ है, जिसकी कीमत करोड़ों में लगाई गई है। यह पत्र प्रथम श्रेणी के यात्री कर्नल आर्चीबाल्ड ग्रेसी का है, जिन्होनें इसमें टाइटैनिक की त्रासदी का वर्णन किया है। पत्र पर 10 अप्रैल, 1912 की तारीख लिखी हुई है, जिस दिन वह जहाज पर चढ़े थे। ग्रेसी ने पत्र टाइटैनिक के केबिन सी51 से लिखा था। यह पत्र 11 अप्रैल, 1912 को आयरलैंड के क्वीन्सटाउन में जहाज के रोके जाने पर पोस्ट किया गया था। इस पर 12 अप्रैल की तारीख के साथ लंदन का पोस्टकार्ड भी चिपका था। इस पत्र की नीलामी का आयोजन रविवार को इंग्लैंड स्थित विल्टशायर के हेनरी एल्ड्रिज एंड सन नामक नीलामीघर ने किया था। इसे एक अज्ञात व्यक्ति ने खरीदा है और इसकी कीमत अनुमानित कीमत से 5 गुना ज्यादा लगी है। नीलामीघर ने इसकी कीमत 68 लाख रुपये तय की थी, लेकिन यह 3.41 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है। नीलामीकर्ता ने बताया कि इस पत्र की कीमत टाइटैनिक जहाज पर लिखे गए किसी भी अन्य पत्र से अधिक है। इस पत्र को इससे पहले कभी बाजार में नहीं लाया गया था।

# कहीं मादा की दादागिरी, तो कोई लिंग बदलने में माहिर! दिमाग हिला देंगे जानवरों के ये सीक्रेट

**नई दिल्ली।** जंगली जानवरों की दुनिया में नर और मादा के बीच अंतर साफ दिखाई देता है। लेकिन, प्रकृति के नियम इतने आसान नहीं हैं। जानवरों के बारे में वैज्ञानिक लगातार रिसर्च कर रहे हैं और पता चल रहा है कि सेक्स और लिंग के मामले में इनके बीच कई तरह के अपवाद हैं। उदाहरण के तौर पर समुद्री घोड़ों में नर गर्भवती होता है और बच्चे को जन्म देता है। आपको ये बात सुनकर भले ही हैरानी हो, लेकिन इस तरह के कुछ अपवाद और भी हैं। आइए, आपको ऐसे ही सात जानवरों के बारे में बताते हैं।



### लकड़बग्घा

अफ्रीका के जंगलों में एक हैरान कर देने वाला जानवर रहता है- चित्तीदार लकड़बग्घा। इनकी दुनिया में मादाओं का राज चलता है। यहां शिकार से लेकर बच्चों की परवरिश तक, सब कुछ मादाएं ही करती हैं। नर लकड़बग्घों से मादा कहीं ज्यादा मजबूत और ताकतवर होती हैं। इनके शरीर में टेस्टोस्टेरोन का स्तर भी ज्यादा होता है। यहां तक कि सबसे कमजोर मादा लकड़बग्घा भी सबसे ताकतवर नर से ज्यादा शक्तिशाली होती है।

### सफेद गर्दन वाला जैकोबिन



सेंट्रल अमेरिका के सफेद गर्दन वाले जैकोबिन चिड़ियों पर एक नया अध्ययन हुआ है। इसमें पाया गया है कि लगभग 20 फीसदी मादा जैकोबिन चिड़ियों में चमकीले नीले और हरे रंग के पंख होते हैं। ये रंग नर जैकोबिन चिड़ियों जैसे ही होते हैं। इसके बावजूद उन्हें नर जैसा दिखने का फायदा मिलता है। दरअसल, नर जैकोबिन इस तरह की मादा चिड़ियों से दूर ही रहते हैं। वे सजावटी पंखों वाली मादाओं के पास जाने से बचते हैं और इसी वजह से इन मादा चिड़ियों को आसानी से अपना भोजन मिल जाता है।

### मल्लार्ड (जंगली बत्तख)



एक और उदाहरण है मल्लार्ड, जिसे नीलसर या जंगली बत्तख भी कहा जाता है। इनमें मादाओं के पंखों का रंग भूरा होता है, जो प्रकृति ने इन्हें खास मकसद से दिया है। दरअसल, इस रंग की वजह से ये बत्तख शिकारियों की नजर से छिप जाती हैं। हालांकि, नर मल्लार्ड के पंख चमकीले नीले और हरे होते हैं, लेकिन यही उनके आकर्षण को बढ़ाते हैं। मादाएं उनके पंखों के आधार पर 'सबसे कामुक' नर को चुनती हैं।



### एशियाई शीप्सहेड रैसे

जानवरों की दुनिया में विपरीत लिंग जैसा दिखने के कई फायदे होते हैं। एशियन शीप्सहेड व्रैसे जैसी कुछ मछली प्रजातियां तो अपने जीवनकाल में ही लिंग बदल लेती हैं। द कन्वर्सेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, इसे सीक्वेंशियल हेर्मैफ्रोडिटिज्म कहते हैं, जहां सबसे बड़ी मादा मछली नर में बदल जाती है। हार्मोन के स्तर में बदलाव से उनके अंडाशय, वृषण में बदल जाते हैं, जिससे वे अपने जीवनकाल में और भी बच्चे पैदा कर पाती हैं।

### समुद्र का गेंडा नरवाल



नरवाल, जिसे समुद्र का गेंडा भी कहते हैं। आर्कटिक क्षेत्र में पाए जाने वाले नर नरवाल में तीन मीटर तक लंबा एक घुमावदार दांत होता है। मादाओं को आकर्षित करने और प्रतिद्वंद्वी नरों को चेतावनी देने के लिए नर इस दांत का इस्तेमाल करते हैं। जिस नर का दांत सबसे बड़ा होता है, वही सबसे प्रभावशाली होता है और उसे प्रजनन के सबसे अधिक मौके मिलते हैं। हालांकि, कुछ मादा नरवाल में भी दांत पाए जाते हैं।

### बार्ड बटनक्वेल बच्चों को पालता है



दक्षिण एशिया में पाए जाने वाले बटेर की एक प्रजाति है- बार्ड बटनक्वेल। इनमें नर और मादा की भूमिकाएं पूरी तरह से उल्टी हैं। मादा बटेर नर से बड़ी होती हैं और उनके गले और छाती पर काला धब्बा होता, जो नर में नहीं होता। मादा बटेर जोर से आवाज निकालकर नर को आकर्षित करती हैं और अपने लिए साथी पाने के लिए लड़ती हैं। सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि एक बार संबंध बनाने के बाद, मादा बटेर दूसरा साथी ढूंढने निकल जाती है।

### मादा रूप धारण कर लेता है रफ पक्षी



जीवों के बीच रफ पक्षी एक ऐसा उदाहरण है, जो दिखाता है कि फायदे के लिए किस तरह नर पक्षी भी मादा रूप धारण कर सकते हैं। कुछ नर पक्षी प्रजनन के मौसम में मादा पक्षियों की नकल करते हैं, ताकि वे मादाओं के पास जा सकें और चुपके से प्रजनन कर सकें। यह रणनीति उन्हें प्रजनन का अवसर तो देती ही है, साथ ही वे शक्तिशाली नर पक्षियों को भी चकमा देते हैं।

# सांप से कम जहरीले नहीं हैं ये जानवर, जहर से करते हैं अपनी हिफाजत...छुआ भी तो आ जाएगी शामत

**नई दिल्ली।** देशभर में मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। और इसके साथ ही रिहायशी इलाकों में सांपों के निकलने की खबरें भी आने लगी हैं। दरअसल, बरसात की वजह से सांपों के बिल में पानी भर जाता है, जिसके चलते अक्सर सांप बाहर निकलकर रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं। हालांकि, डरने की जरूरत केवल सांपों से ही नहीं है, बल्कि कुछ और जानवर भी ऐसे हैं, जिनके अंदर जहर भरा होता है। अपने इस जहर का इस्तेमाल ये जानवर खुद की हिफाजत और शिकार के लिए करते हैं। आइए, आपको ऐसे ही पांच जानवरों के बारे में बताते हैं।

### ब्लू-रिंग ऑक्टोपस

धरती पर मौजूद सबसे जहरीले जानवरों में ब्लू-रिंग ऑक्टोपस का नाम शामिल है। इसका जहर इतना खतरनाक होता है कि उसके असर से इंसान को लकवा तक मार सकता है। कई बार इंसान मर भी जाता है। हालांकि ये अपने जहर का इस्तेमाल ज्यादातर तभी करते हैं, जब इन्हें किसी से खतरा महसूस होता है।





### बिच्छू

जहरीले जीवों में बिच्छू भी शामिल है। ये अपनी पूंछ के जहरीले सिरे को आगे की ओर घुमाकर अपने शिकार को डंक मारते हैं। बिच्छू अपने जहर का इस्तेमाल शिकार को मारने और शिकारियों से बचने के लिए करते हैं। बताया जाता है कि धरती पर बिच्छू डायनासोर के युग से भी पहले से मौजूद हैं। हालांकि, दुनिया में मौजूद बिच्छुओं की केवल 30 या 40 प्रजातियों में ही इतना जहर मिलता है कि वे किसी इंसान को मार सकें।

### डार्ट मेंढक



पीले, नारंगी, लाल, हरे और नीले रंग वाले ये मेंढक जहर से भरे होते हैं। इनके शरीर पर बना रंगीन डिजाइन ही शिकारियों को बताने के लिए काफी होता है कि ये मेंढक जहरीला है। आपको जानकर हैरानी होगी कि एक डार्ट मेंढक के भीतर इतना जहर होता है कि वो 20 हजार चूहों को मारने के लिए काफी है।

### बुलेट चींटी



पूरी दुनिया में मौजूद चींटियों की 12 हजार से भी ज्यादा प्रजातियों में बुलेट चींटी सबसे खतरनाक होती है। इसका जहर इतना खतरनाक होता है कि अगर ये डंक मार दे तो 24 घंटों तक असहनीय दर्द रहता है। लाल भूरे रंग की ये चींटी आकार में करीब 2.5 सेमी तक होती है। इसके जबड़े काफी बड़े होते हैं और देखने में ऐसे ततैया की तरह नजर आती हैं, जिसके पंख ना हों।



### स्टोनफिश

स्टोनफिश एक ऐसी मछली है, जो अपनी हिफाजत के लिए धोखा देने में माहिर होती है। स्टोनफिश सबसे जहरीली मछली है, जो इंसानों के लिए बेहद खतरनाक होती है। छोटी-छोटी आंखों और बडे सिर वाली ये मछली चट्टानों के बीच कीचड़ और मुहाने में छिपकर रहती हैं। इन्हें आंखों से देखना मुश्किल होता है, लेकिन अगर गलती से इनके ऊपर पैर पड़ जाए, तो ये तुरंत अपने पंख की रीढ़ में बने खांचे के जरिए जहर को इंजेक्ट कर देती हैं।

### दुनिया के सबसे लंबे कुत्ते की लंबाई फुट में तो सबसे छोटे कुत्ते की इंच में



नई दिल्ली। अमेरिका के रहने वाले दुनिया के सबसे लंबे और सबसे छोटे कुत्तों के बीच लगभग 3 फीट का अंतर है और दोनों का एक दूसरे से मिलना काफी सुर्खियां बटोर रहा है। इससे दोनों ने यह साबित कर दिया कि सच्ची दोस्ती के लिए आकार मायने नहीं रखता है।गिनीज बुक के अनुसार, दुनिया का सबसे लंबा कुत्ता रेजिनाल्ड है, जिसकी लंबाई 3 फीट 4 इंच है, जबकि दुनिया के सबसे छोटे कुत्ते पर्ल की लंबाई 3.59 इंच है। सबसे बड़ा कुत्ता रेजिनाल्ड ग्रेट डेन नस्ल का 7 वर्षीय कुत्ता है। रेजिनाल्ड को उसके मालिक सैम एक पपी के तौर पर अपने घर में लाए थे और धीरे-धीरे उसकी लंबाई इतनी बढ़ गई कि आज उसका नाम गिनीक बुक में दर्ज है। सैम का कहना है, जब से मैंने उसे पाला है, तब से लेकर लगभग डेढ़ साल तक वो बढ़ता चला गया, लेकिन वह अभी भी दिल से एक छोटा पपी है और एक मानव बच्चे की तरह व्यवहार करता है। पर्ल चिहुआहुआ नस्ल का कुत्ता है, जो 4 साल का है। पर्ल को पहली बार इटली के शहर मिलान में टीवी शो 'लो शो देई रिकॉर्ड' के एक एपिसोड के दौरान दुनिया को दिखाया गया था। उसे अंडे के आकार की सीट पर मंच पर लाया गया था। पर्ल की मालकिन वेनेसा सेमलर ने बताया कि उनके पर्ल का स्वभाव बाकी चिहुआहुआ के मुकाबल बहुत शांत है और उनके पास तीन और कुत्ते हैं, लेकिन पर्ल ही बहुत छोटा है। वेनेसा ने बताया कि हाल ही में दोनों कुत्तों की मुलाकात को लेकर हम लोग काफी उत्सुक थे और पर्ल भी बड़े कुत्तों के साथ खुश रहता है। उन्होंने आगे बताया, जब दोनों कुत्ते मिले तो ऐसा लगा ही नहीं कि दोनों पहली बार मिले हो, सच में ये एक यादगार दिन रहा।

# 4 साल से कार में रह रहा यह सॉफ्टवेयर डेवलपर

**बीजिंग।** लोग अपनी मेहनत की कमाई लगाकर घर बनाते हैं, ताकि उनका जीवन आराम से बीते। हालांकि, क्या हो अगर आपको किसी कारण के चलते अपने शिद्दत से बनाए हुए घर को छोड़कर कार में जीवन बिताना पड़े? ऐसा ही कुछ चीन के रहने वाले एक सॉफ्टवेयर डेवलपर के साथ हुआ, जो अपने 4 मंजिला घर को छोड़कर 4 साल से अपनी कार के अंदर रह रहे हैं। हालांकि, उनकी असामान्य जीवनशैली का चयन पैसा बचाने के लिए नहीं है।

दक्षिणी चीन स्थित गुआंगडोंग प्रांत के यांगजियांग के रहने वाले झांग युनलाई 6 साल पहले शेनझेन चले गए थे। वह पेशे से एक सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं और अपने गृहनगर में 4 मंजिला मकान के मालिक हैं। आलीशान घर होने के बावजूद वह पिछले 4 साल से अपनी कार में ही सोते हैं, खाते हैं और रहते हैं। इसका कारण कोई आर्थिक परेशानी नहीं है, बल्कि वह सिर्फ इसलिए ऐसा करते हैं, क्योंकि उन्हें इस तरह से रहना अच्छा लगता है।

### कैसे शुरू हुआ कार में सोने का सिलसिला?

काम के शुरूआती महीनों में वह रोजाना अपने फ्लैट से ऑफिस जाया करते थे, जिसका किराया 29,225 रुपये था। एक बार वह पार्क में कैम्पिंग करने गए, जिस अनुभव ने उन्हें जीवन जीने का एक नया तरीका अपनाने के लिए प्रेरित किया। झांग ने 4 साल पहले एक इलेक्ट्रिक कार खरीदी थी, जिसकी पिछली सीट पर गद्दा आसानी से रखा जा सकता था। तभी से वह ऑफिस से आने के बाद रोजाना रात को उसी में सोने लगे।



### बहुत कम हो गया है झांग का खर्चा

झांग ने बताया कि इस तरह की जीवनशैली अपनाने से उनका दैनिक खर्च लगभग 1,168 रुपये हो गया है, जिसमें खाना और अन्य चीजें शामिल हैं। पार्किंग के लिए हर रात उन्हें 70 रुपये देने होते हैं और ऑफिस में प्रतिदिन 233 रुपये का अतिरिक्त पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। झांग इस बात पर जोर देते हैं कि उन्होंने ऐसी जीवनशैली केवल इसलिए अपनाई, क्योंकि उन्हें इससे खुशी मिलती है और यह स्वतंत्र और आरामदायक महसूस करते हैं।

### कुछ ऐसी है झांग की दिनचर्या

काम के दिनों के दौरान वह कंपनी के कैफेटेरिया में खाना खाते हैं, जिम में नहाते हैं और अपनी कार को चार्ज करने के लिए चार्जिंग स्टेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद वह किसी पार्क में एक शांत जगह ढूंढते हैं, वाहन की पिछली सीटों को मोड़ देते हैं और उनपर गद्दा बिछाकर सो जाते हैं। पार्क में एक सार्वजनिक शौचालय है, जहां वह नहा-धो लेते हैं। सप्ताहांत में वह अपने कपड़े घर ले जा कर धोते हैं।

### छुट्टी होने पर चले जाते हैं घर

झांग वीकेंड पर 300 किलोमीटर की यात्रा करके अपने घर जाते हैं और परिवार संग समय बिताते हैं। वह हफ्ते में 3 दिन घर पर रहते हैं और इसी समय अपने कपड़े आदि भी धो लेते हैं।

## बैंकिंग सिस्टम को आसान बनाएगा भरुवा

# आईटी के ईआरपी, डीएसएम, एचआईएमएस के बाद अब बैंकिंग के लिए भरुवा सॉल्यूशंस

भाषा, बुद्धिमत्ता और नवाचार के माध्यम से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पतंजलि समूह की प्रौद्योगिकी शाखा भरुवा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने एआई-संचालित, बहुभाषी (द्विभाषी) 360 बैंकिंग ईआरपी सिस्टम के शुभारंभ के साथ भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में अपने रणनीतिक प्रवेश की घोषणा की।

यह अगली पीढ़ी का प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्रीय, सहकारी और छोटे वित्तीय संस्थानों को बुद्धिमान, समावेशी और अनुपालन तकनीक के साथ सशक्त बनाकर डिजिटल बैंकिंग में क्रांति लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। भरुवा का अत्याधुनिक सीबीएस प्लेटफॉर्म (बी-बैंकिंग) चार महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से बनाया गया है, जो लंबे समय से भारत के बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार और समावेशिता में बाधा बन रही हैं।

### भाषा की समावेशिता




भारत की भाषाई विविधता के साथ, अधिकांश बैंकिंग सेवाएँ अंग्रेजी तक ही सीमित हैं। बीएसपीएल का द्विभाषी समाधान बैंकों को अंग्रेजी और उनकी स्थानीय भाषा दोनों में ग्राहकों की सेवा करने की सुविधा प्रदान करता है, उदाहरण के लिए, गुजरात में गुजराती, पंजाब में पंजाबी - सभी नागरिकों के लिए पहुँच और उपयोग में आसानी सुनिश्चित करता है। ज्यादा सुरक्षाः प्लेटफ़ॉर्म में डेटा, लेन-देन और डिजिटल इंटरैक्शन के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक एआई और साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल हैं।


### बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन

**प्रक्रिया दक्षताः** इस बैंकिंग सिस्टम को एंड-टू-एंड बैंकिंग परिवर्तन के लिए डिज़ाइन किया गया है, सिस्टम में एपीआई बैंकिंग, एमआईएस एचआरएमएस , ईआरपी मॉड्यूल, एएमएल टूल और निर्बाध संचालन और अनुपालन के लिए वर्कफ़्लो ऑटोमेशन सहित मजबूत क्षमताएँ हैं। विनियामक अनुपालनः आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1963 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के साथ पूरी तरह से संरेखित, यह समाधान वित्तीय संस्थानों में द्विभाषी सॉफ़्टवेयर के लिए सरकारी आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करता है। पतंजलि समूह के संस्थापक और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण जी ने तकनीकी समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कई भाषाओं वाला देश है, फिर भी हमारा बैंकिंग बुनियादी ढांचा मुख्य रूप से अंग्रेजी में संचालित होता है जिससे बहुसंख्यक अलग-थलग पड़ जाते हैं।

## सुंदरम फास्टनर्स का शुद्ध लाभ 134.37 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** मोटर वाहन घटक बनाने वाली सुंदरम फास्टनर्स लिमिटेड का जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 134.37 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को पिछले साल इसी अवधि में 132.54 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में एकल कुल आय 1,362.09 करोड़ रुपये रही। उसका राजस्व 5,983.74 करोड़ रुपये और कर पूर्व आय 972.46 करोड़ रुपये रही। घरेलू बिक्री 900.42 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 846.26 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 409.62 करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 385.28 करोड़ रुपये था।

## चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए




# अडाणी पावर ने चौथी तिमाही में 102 बिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अडाणी पावर लिमिटेड, अडाणी पोर्टफोलियो कंपनियों का एक हिस्से ने 31 मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, अडाणी पावर लिमिटेड के सीईओ, एस बी ख्यालिया ने कहा, अडाणी पावर ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अब तक का सबसे बेहतर परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है, जो अडाणी पोर्टफोलियो कंपनियों की ताकत और लचीलेपन को सही ढंग से प्रदर्शित करता है। जैसे-जैसे हम क्षमता विस्तार के अगले चरण में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हम अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को तेज करने और प्रमुख मापदंडों में अपने क्षेत्रीय नेतृत्व का विस्तार करने के लिए पूंजी और लागत दक्षता को प्राथमिकता दे रहे हैं। लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देना जारी रखा जा सके। स्थिरता के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता, जिसने हमें कई मामलों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ थर्मल पावर उत्पादकों में शुमार किया है, हमारी विकास यात्रा में हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी। एपीएल ने ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के मिश्रण के माध्यम से 2030 तक अपनी मौजूदा क्षमताओं को 17,550 मेगावाट से बढ़ाकर 30,670 मेगावाट करने का काम शुरू किया है। यह वर्तमान में मध्य प्रदेश के सिंगरौली (महान) और रायपुर और रायगढ़ में अपने मौजूदा बिजली संयंत्र स्थानों पर 1,600 मेगावाट की तीन ब्राउनफील्ड परियोजनाओं का निर्माण कर रहा है।

# भारतमाला घोटाले में सील दशमेश के ऑफिस में ईओडब्लू की पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले सप्ताह भारतमाला परियोजना घोटाले में छापे की कार्रवाई के बाद सील किए गए दशमेश इंस्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड के ऑफिस में बुधवार को ईओडब्लू की टीम पुनः जांच करने पहुंची। इसका संचालक घोटाले का मास्टर माइंड हरमीत सिंह खनूजा है। हरमीत सिंह सहित तीन अन्य दो मई तक ईओडब्लू की हिरासत में हैं। ईओडब्लू के अफसर उनसे घोटाले को लेकर पूछताछ कर रहे हैं। भारतमाला परियोजना भू-अर्जन मुआवजा राशि घोटाला मामले में हरमीत ने जमीन दलाल तथा मेवा कारोबारी विजय जैन, उमा देवी (फर्जी नाम) उसके पति केदार तिवारी के साथ मिलकर घोटाला किया है।

हरिभूमि फॉलोअप

### पार्टनरशिप में खोली कंपनी

हरमीत ने पूर्व में निलंबित तहसीलदार शशिकांत कुर्रे की पत्नी भावना कुर्रे के साथ पार्टनरशिप में दशमेश इंस्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड, दशमेश डेवलपर, शुभ लक्ष्मी वेंचर्स जैसी 13 कंपनी खोली। यह बाहर से देखने में टूर एंड ट्रैवल एजेंसी दिखती है, लेकिन वहां जमीन खरीदी बिक्री का कारोबार होता रहा। ईओडब्लू जहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची, उसी परिसर से सभी 13 फर्मों का भी काम होता था।

### छापे की भनक लगते ही फरार

छह दिन पूर्व भारतमाला प्रोजेक्ट को लेकर ईओडब्लू के छापे की भनक लगते ही आरआई रोशन वर्मा तथा कुछ पटवारी गायब हो गए। रोशन पर भारतमाला प्रोजेक्ट में लाखों रुपए की गड़बड़ी कर सड्डू के राजधानी विहार में 45 लाख रुपए का मकान खरीदने का आरोप है। रोशन ने तीन से चार वर्ष पूर्व कलेक्टोरेट से अपना स्थानांतरण अभनपुर कराया था। रोशन ने गिरफ्तारी से बचने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका लगाई है।

## संग्राहकों की कमाई के सपने पर लगाया ग्रहण

# बेमौसम बारिश, आंधी व ओले गिरने से खराब हो रहा हरा सोना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की माने तो आने वाले दिनों मौसम सही रहा तो नुकसान की भरपाई हो सकता है। एक सप्ताह से हो रहे लगातार बारिश ने यहां के तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासियों के माथे में चिंता की लकीर खींच दी है। दिन भर बदली और धूप के बाद शाम को होने वाले बारिश की वजह से तेंदूपत्ता के संग्रहण पर असर डाल रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस साल तय लक्ष्य से तेंदूपत्ता की खरीदी कम हो सकती है, जिससे वन विभाग को मिला लक्ष्य पूरा होने में संदेह है। वन विभाग के अनुसार अभी बस्तर में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया है, लेकिन बेमौसम बारिश का सिलसिला जारी रहा तो इसके संग्रहण और खरीदी प्रभावित होने वाली है। बताया जा रहा है कि 6 दिनों में सुकमा जिले में 14, दंतेवाड़ा जिले में 10 एवं बस्तर जिले में एक मानक बोरा का संग्रहण किया और बीजापुर जिले में अब तक संग्रहण नहीं किया गया।



### क्वालिटी पर पड़ रहा असर

तेंदूपत्ता निकलने के दौरान पत्ता कोमल होता है, जिस पर पानी गिरने के बाद दाने के रूप में गांठ बनने की आशंका बढ़ जाती है। इसके साथ ही कई जगह पत्तों में छेद होने का खतरा बना रहता है, ऐसे में सभी पत्ते उपयोग के लिए तोड़े नहीं जा सकते हैं। शुरूआती गर्मी में पत्ते अच्छे निकल रहे थे, लेकिन बेमौसम बारिश ने ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। यदि मौसम ऐसा ही चलता रहा तो तेंदूपत्ता की गुणवत्ता के साथ-साथ संग्रहण लक्ष्य प्राप्त करने में भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### तेंदूपत्ता की खरीदी का मिला लक्ष्य

वन विभाग बस्तर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने बताया कि बस्तर वृत्त में सुकमा और बीजापुर जिले में सबसे अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण होता है। इसी तरह लगातार बारिश और ओले गिरने का सिलसिला जारी रहा तो क्वालिटी और क्वांटिटी में फर्क आ सकता है। बार-बार मौसम खराब होने की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य का संचालन पर असर पड़ेगा। बस्तर वन वृत्त के अंतर्गत 2 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी का लक्ष्य मिला है। इसके लिए वन विभाग 75 समिति और 1710 फड़ तैयार किया गया है, जहां संग्रहण किया जा रहा है।

# बिजली की खपत अप्रैल में 2.2 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में बिजली खपत अप्रैल में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 147.48 अरब यूनिट रही। पिछले साल इसी महीने में यह 144.28 अरब यूनिट थी। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए) भी पिछले महीने बढ़कर 235.19 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जो अप्रैल 2024 में 224.05 गीगावाट थी। बिजली की अधिकतम मांग मई 2024 में अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट पर पहुंच गयी। इससे पहले, सितंबर 2023 में 243.27 गीगावाट की अधिकतम मांग दर्ज की गयी थी। सरकारी अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2025 की गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 277 गीगावाट पर पहुंचने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि मई में बिजली की मांग और खपत बढ़ने की संभावना है। इस कारण यह माह सामान्य से अधिक गर्म रह सकता है।मौसम विभाग के अनुसार, भारत में अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक तापमान रहने की उम्मीद है, मध्य और पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में लू चलने वाले अधिक दिन होंगे। विभाग ने कहा है कि उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व में कुछ स्थानों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

## रामलला का दर्शन करने राम मंदिर पहुंचे महंत

# अयोध्या हनुमानगढ़ी में टूटी 121 साल पुरानी परंपरा

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए बुधवार को हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने 121 साल पुरानी परंपरा को संतों की सहमति मिलने के बाद तोड़ दिया। इसके साथ ही हनुमान गढ़ी का कोई गद्दीनशीन महंत 1904 के बाद पहली बार 52 बीघे की परिधि से बाहर निकला है। महंत प्रेमदास ने न सिर्फ रामलला का दर्शन किया बल्कि राम मंदिर की अंतरगृही परिक्रमा का भी शुभारम्भ किया है। राम मंदिर के निर्माण के बाद पहली बार वीवीआईपी के लिए



सात घंटे चला कार्यक्रम

हनुमान गढ़ी और राम मंदिर के बीच की दूरी केवल एक किलोमीटर है। लेकिन, हनुमान गढ़ी से सुबह 6 बजे शुरू हुआ जुलूस सबसे पहले दो किलोमीटर दूर सरयू नदी के तट पर पहुंचा । निर्वाणी अखाड़े के प्रमुख महंत रामकुमार दास ने बताया कि सरयू नदी पर पीठासीन महंत और दूसरे नागा साधुओं ने सरयू नदी के तट पर स्नान किया। इसके बाद जुलूस राम मंदिर की ओर बढ़ा। दोपहर करीब 1 बजे जुलूस राम मंदिर से हनुमान गढ़ी वापस लौटा।

### गाजा-बाजा के साथ महंत की शोभायात्रा

तय कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को अखाड़े के निशान के साथ गाजा-बाजा के साथ महंत की शोभायात्रा राम मंदिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान अखाड़े के नागा संत व शिष्य श्रद्धालु भी शामिल रहे। हनुमानगढ़ी से शोभायात्रा पहले सरयू तट पहुंचीं।

### सिविल कोर्ट भी करता रहा है मर्यादा का पालन

हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत के 52 बीघे वाले परिसर से बाहर नहीं निकलने की नियमावली की इस शर्त की मर्यादा का पालन सिविल कोर्ट भी करता है। किसी सिविल मुकदमे में गद्दीनशीन के बजाय अखाड़े के मुख्तार ही पैरोकार के रूप में अदालत में हाजिर होते हैं। यदि जरूरत पड़ी तो कोर्ट स्वयं हनुमानगढ़ी आकर गद्दी नशीन का बयान दर्ज करती रही है। यह परम्परा 1904 से चली आ रही है।

# इरेडा के चेयरमैन दास का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इरेडा के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास का कार्यकाल अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) ने बृहस्पतिवार शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दास पांच मई, 2025 को कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।इरेडा ने कहा, ''नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सूचित किया है कि प्रदीप कुमार दास पांच मई, 2025 से अगले आदेश तक पद पर बने रहेंगे।'' दास ने छह मई, 2020 को इरेडा के सीएमडी के रूप में पदभार ग्रहण किया था। इरेडा एमएनआरई के तहत आने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाई है। कंपनी में शामिल होने से पहले दास, भारतीय पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (आईटीडीसी) में निदेशक (वित्त) और मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आरईसी, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), भारत हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स लिमिटेड (बीएचपीवी) और कुसुम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (केपीएल) जैसी कंपनियों में भी विभिन्न भूमिकाओं में काम किया है।




हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# विपिन को मलखान के किरदार में देख शो के कलाकार हुए भावुक

**मुंबई।** मलखान का किरदार निभाने की चुनौती पर 'भाबीजी घर पर हैं' में अब उस भूमिका को निभाने जा रहे विपिन हीरो ने कहा कि मलखान आम किरदार नहीं है; वह एक विरासत लेकर आता है। लेकिन इस सफर को आसान बनाने में मेरी को-एक्टर्स का हाथ है। सबने प्यार और धैर्य से उस किरदार के हर पहलू को समझने में मदद की, चाहे वो उसके पंचलाइन बोलने का तरीका हो या उसकी शरारत भरी बॉडी लैंग्वेज। शो में ऐसा लगता है जैसे एक परिवार हो, और उनकी मदद ने मुझे इस रोल में पूरी तरह डूबने और उसकी भावनात्मक अहमियत को समझने का आत्मविश्वास दिया। वे आगे बताते है कि मलखान सिंह का किरदार निभाना सिर्फ एक मौका नहीं,



बल्कि एक खास एहसास है। दीपेशजी ने इस किरदार के जरिए स्टैंडर्ड सेट किया था, और अब उसकी जगह लेना जैसे किस्मत का खेल हो। जब मैं पहली बार मलखान के रूप में सेट पर पहुंचा, तो वहां एक अजीब सी चुप्पी थी। मुझे लगता था जैसे पुरानी यादें मेरे आसपास घूम रही थीं। वैभव माथुर (टीका), सलीम जैदी (टीलू), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी) और सोमा राठौड़ जी (अम्माजी) ने कुछ पल के लिए मुझे देखा, और उनकी आंखों में गहरी भावना थी। मुझे देखकर उन्हें दीपेश की याद आती है, न सिर्फ शक्ल से बल्कि मेरी एनर्जी और स्पिरिट से भी।

विपिन बताते है कि फैमिली सहित वे 'भाबीजी घर पर हैं' शो के शुरु से फैन रहे हैं। अब जब भी मैं सेट पर जाता हूँ, तो आभार और जिम्मेदारी का एहसास करता हूँ। बतौर विपिन संगीत, लेखन और अभिनय सभी भावनाओं की अभिव्यक्तियाँ हैं। गाने और संगीत रचना का अनुभव भावनाओं को गहरे से महसूस करने और असलियत में व्यक्त करने में मदद करता है। इससे रिदम और टाइमिंग समझने में मदद मिलती है, खासकर कॉमेडी में, जहां हर बीट और विराम का अहम रोल होता है। चूंकि हर कला एक दूसरे को पूरा करती है, जो किसी को ज्यादा गहरा और असरदार अभिनेता बनाती है। विपिन बताते है कि कॉमेडी सांस लेने की तरह है। यह वो जगह है जहां जीने का एहसास होता है और लोगों से जुड़ा हुआ महसूस होता है। किसी को हंसाना एक तोहफा है, और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। खासकर 'भाबीजी घर पर हैं' जैसे शो के जरिए, जो हर घर में खुशियाँ फैलाता है, यह संतोषजनक लगता है। मलखान का किरदार निभाने से मुझे वो खूबसूरत मौका मिलता है, जो मैं ज्यादा पसंद है और वो है लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 5854



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5853 का हल



## सूडोकु नवताल - 5864

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5863 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग

रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

### आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



### लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-


- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

### भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



### रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

### मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

### बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

### दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

### बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152

1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।

**-संजय, रोहतक**

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।

**-अभिषेक, बेमेतरा**

**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजाते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।

**-सुमन, भोपाल**

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।

**-कुणाल, महासमुंद**



गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर

हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: रेड बैलूंस-19, यलो बैलूंस-20




# गुजरात को प्लेऑफ के लिए जीत जरूरी, हैदराबाद के लिए आज करो या मरो मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले मैच में मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

गुजरात टाइटंस इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके।



**फार्म में गुजराती खिलाड़ी**

गुजरात के साइ सुदर्शन पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है। स्पिनरों में राशिद खान ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ फॉर्म में लौटकर 25 रन देकर दो विकेट लिए जबकि वॉशिंगटन सुंदर से उन्हें अच्छा सहयोग मिला।

## हार से सनराइजर्स दौड़ से होगा बाहर

सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवे स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। शीर्षक्रम की नाकामी से मध्यक्रम पर दबाव बना जिसमें हेनरिक क्लासेन, नीतिश कुमार रेड्डी और ईशान किशन फॉर्म में नहीं हैं। पिछले दो मैचों में अभिषेक दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके जबकि हेड ने आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक लगाया है।

## अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का भारी जुर्माना

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया, 'यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवरगति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'



अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

खास खबर

## बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विक और चिराग को मिला खेल रत्न



**नई दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा।

## भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते दो कांस्य



**लीमा।** भारत ने आईडब्लूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत करते हुए दो कांस्य पदक जीते। ज्योशना साबार ने लड़कियों के 40 किलो वर्ग में कुल 129 किलो (56 और 72) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बुधवार को क्लीन और जर्क में रजत पदक जीता था। युवा लड़कों के 49 किलो वर्ग में हर्षवर्धन साहू ने 197 किलो वजन (87 और 110) उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लीन और जर्क में भी कांस्य जीता था। विश्व चैंपियनशिप में स्नैच, क्लीन और जर्क और कुल तीन पदक दिए जाते हैं।

## चेलसी ने लगातार छठी बार जीता महिला सुपर लीग खिताब




**मैनचेस्टर।** चेलसी ने लगातार छठी बार महिला सुपर लीग फुटबॉल खिताब जीत लिया जो इस सत्र का उनका दूसरा खिताब है। दूसरे स्थान पर काबिज आर्सनल के एस्टोन विला के हाथों 5-2 से हारने के बाद चेलसी ने मैनचेस्टर युनाइटेड को 1-0 से हराकर नौ अंक की अजेय बढ़त बना ली। अभी दो मुकाबले खेले जाने बाकी हैं। चेलसी ने इस सत्र में लीग कप पहले ही जीत लिया है और एफए कप फाइनल में पहुंच गई है जहां उसका सामना 18 मई को वेम्बली स्टेडियम में मैनचेस्टर युनाइटेड से होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप




साई सुदर्शन
456 रन
गुजरात

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप



## वेव्स चैंपियनशिप में खेलेंगे डेनियल, तेजस

**मुंबई।** भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ द्वारा आयोजित की जा रही वेव्स ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप में डेनियल पटेल और तेजसकुमार भोई भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप के भारत चरण में विजेता बनने के बाद अंतरराष्ट्रीय चरण में पटेल और भोई पांच अन्य देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत चरण में कुल 35,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें से ईफुटबॉल और विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 दो खिताबों के लिए शीर्ष आठ प्रतिभागियों में से क्रमशः पटेल और भोई विजेता बने। ईफुटबॉल के विजेता पटेल का सामना मलेशिया, लाओस और थाईलैंड जबकि भोई का सामना नेपाल, श्रीलंका के प्रतिद्वंद्वियों से होगा।

## मुनोज आई-लीग सत्र के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** श्रीनिधि डेक्कन एफसी के शानदार स्ट्राइकर डेविड कास्टानेडा मुनोज को गुरुवार को आई लीग सत्र 2024-25 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। श्रीनिधि डेक्कन एफसी ने भले ही नौवें स्थान पर लीग का समापन किया लेकिन मुनोज ने 22 मैच में 17 गोल करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। इंडियन वुमैन्स लीग में गोकुलम केरल एफसी की फजीला इक्वापुट लगातार दूसरे सत्र में शीर्ष स्कोरर रहीं और उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर का पुरस्कार मिला। फजीला ने 24 गोल किए जिससे केरल की टीम 14 मैच में 29 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाली ईस्ट बंगाल (37 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर रही।



## पथिराना की गेंदों को भांपने लगे हैं बल्लेबाज

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहे मथीषा पथिराना का बचाव करते हुए कहा है कि विरोधी बल्लेबाज अब उनकी गेंदों को समझने लगे हैं और उसे बेहतर खेल पा रहे हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई बुधवार को पंजाब सुपर किंग्स से मिली हार के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।



### चहल ने चेन्नई के खिलाफ हैट्रिक सहित लिए चार विकेट

# रोहित के नाम भी है हैट्रिक, आईपीएल में अब तक 23..., चहल ने रचा इतिहास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल ने बुधवार को चेन्नई के खिलाफ मैच में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह आईपीएल में सीएसके के खिलाफ हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। चहल की यह दूसरी हैट्रिक थी। अब तक आईपीएल में 23 हैट्रिक लग चुकी हैं। किस सीजन में सबसे ज्यादा हैट्रिक लगीं, कब-कब सूखा रहा, देखिए दिलचस्प आंकड़े।

भारतीय टीम के कप्तान और मुंबई के खिलाड़ी रोहित शर्मा अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली और लंबे-लंबे छक्कों के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आईपीएल में वह बतौर गेंदबाज ऐसा करिश्मा कर चुके हैं, जिसके लिए अच्छे-अच्छे तरसते हैं। उन्होंने 6 मई 2009 को डेक्कन चार्जर्स की तरफ से खेलते हुए अपनी मौजूदा टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ हैट्रिक लिया था। इसके अलावा उन्होंने 38 रन भी बनाए थे। मैच में डेक्कन चार्जर्स जीती थी और रोहित शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे।



### बालाजी के नाम पहली हैट्रिक

आईपीएल में सबसे पहली हैट्रिक का रिकॉर्ड लक्ष्मीपति बालाजी के नाम पर है। 10 मई 2008 को उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पंजाब किंग्स के खिलाफ हैट्रिक ली थी।

### तीन सत्र में 3-3 बार हैट्रिक

आईपीएल का यह 18वां सीजन चल रहा है। अब तक 3 सीजन में सबसे ज्यादा 3-3 हैट्रिक लग चुकी हैं। पहले ही सीजन 2008 में सबसे पहले लक्ष्मीपति बालाजी, फिर अमित मिश्रा और बाद में मखाया एन्टिनी ने हैट्रिक ली थी। इसी तरह 2009 में भी 3 बार हैट्रिक लगी जिसमें दो बार तो यह कारनामा पंजाब किंग्स के लिए युवराज सिंह ने किया था। उनके अलावा रोहित शर्मा ने भी हैट्रिक ली थी। इसी तरह 2017 के सीजन में भी एस बद्री, एजे टाय और जयदेव उनादकट ने हैट्रिक ली थी।


### 3 सीजन में 2-2 हैट्रिक

आईपीएल में अब तक 3 सीजन ऐसे रहे हैं जब 2-2 हैट्रिक लगी हैं। 2013, 2014 और 2019 में ऐसा हुआ है। ने 2019 में पंजाब किंग्स की तरफ से हैट्रिक ली थी। उस सीजन में दो गेंदबाजों ने हैट्रिक ली थी।

### सीजन में नहीं बना रिकॉर्ड

आईपीएल में अब तक 4 सीजन ऐसे रहे हैं जब एक भी हैट्रिक नहीं लग पाई। ये सीजन थे- 2015, 2018, 2020 और 2024। इनके अलावा बाकी सभी 14 सीजन में कम से कम एक हैट्रिक तो जरूर लगी है।

### अमित मिश्रा के नाम तीन रिकॉर्ड



आईपीएल में सबसे ज्यादा बार हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो अमित मिश्रा टॉप पर हैं। उनके नाम सबसे ज्यादा 3 हैट्रिक हैं। खास बात ये है कि मिश्रा ने ये तीनों ही हैट्रिक अलग-अलग टीमों की तरफ से खेलते हुए लगाई हैं। उनके अलावा युवराज सिंह और युजवेंद्र चहल ने भी 2-2 बार हैट्रिक ली है।

### एक ही सीजन में 2 बार हैट्रिक लेने वाला इकलौता गेंदबाज

आईपीएल के इतिहास में किसी एक ही सीजन में दो बार हैट्रिक लेने का कारनामा युवराज सिंह ने किया है। ऐसा करने वाले वह इकलौते गेंदबाज हैं। 2009 में उन्होंने पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए यह कारनामा किया था। 17 साल से उनका यह रिकॉर्ड अब तक नहीं टूटा है।

महिला टी-20 वर्ल्ड कप

## लॉर्डस पर होगा फाइनल 12 टीमें खेलेंगी 33 मैच




एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लाडर्स क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बारह टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉर्डस पर होगा जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लाडर्स के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे।

टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जाएगा जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा, 'ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लाडर्स पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। हम टूर्नामेंट की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे है। हमें यकीन है कि रोमांचक टी20 क्रिकेट न केवल यहां प्रशंसकों को लुभाएगा बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में ओलंपिक मंच पर क्रिकेट की वापसी के लिए 'शोकेस' भी होगा।'

### मैने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की : चहल

**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले युजवेंद्र चहल ने कहा कि उन्होंने अपने कौशल पर भरोसा रखते हुए हालात के अनुरुप अपनी लाइन में बदलाव करके गेंदबाजी की। पहले दो ओवर में 23 रन देने वाले चहल ने पहले महेंद्र सिंह धोनी (11) को आउट किया। इसके बाद दीपक हुड्डा (2), अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) को पवेलियन भेजकर आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक बनाई। उन्होंने आईपीएल की वेबसाइड पर डाले गए एक वीडियो में कप्तान श्रेयस अय्यर से बातचीत में कहा, 'मुझे पता था कि माही भाई (धोनी) और दुबे (शिवम) हैं। लेकिन मुझे यह भी लगा था कि इस ओवर में विकेट मिलेगा। मैने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा कि वे मुझे छक्का लगा देंगे। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की कोशिश की और अपनी लाइन बदलता रहा।'



## स्वियाटेक का सेमीफाइनल में गाफ से होगा सामना

**मैड्रिड।** दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने मेडिसन कीस को 0-6, 6-3, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक का सामना अब सेमीफाइनल में कोको गाफ से होगा जिन्होंने मिर्रा आंद्रीवा को सीधे सेटों में 7-5, 6-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एरिना सबालेंका का सामना एलिना स्वितोलिना से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने मार्ता कोस्तियुक को 7-6, 7-6 से मात दी जबकि स्वितोलिना ने मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष वर्ग में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 7-5 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने टॉमी पॉल को 6-2, 6-2 से हराया।



## भारतीय मुक्केबाजों ने जीते चार और स्वर्ण

### एशियाई अंडर-15, अंडर-17 चैंपियनशिप में रहे तीसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| अम्मान

भारतीय मुक्केबाजों ने पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के आखिरी दिन चार और स्वर्ण पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। भारत ने कुल 15 स्वर्ण, छह रजत और 22 कांस्य पदक जीते और कजाखस्तान तथा उजबेकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अंडर 17 दल ने चार स्वर्ण पदक जीते और चारों पदक लड़कियों को मिले। खुशी चंद (46 किलो) ने मंगोलिया की अल्तांजुल अल्तांगादास को 3-2 से हराया जबकि आहना शर्मा (50 किलो) और जन्नत (54 किलो) ने उजबेक प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। अंशिका ने 80 प्लस किलोवर्ग में जोर्डन की जाना अलालावनेह को हराकर भारत को एक और स्वर्ण दिलाया।लड़कों के अंडर 17 वर्ग में देवांश (80 किलो) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा जिन्हें फाइनल में कजाखस्तान के मुखामेदाली रुस्तेमबेक ने 5-0 से हराया। भारतीय अंडर 17 लड़कों की टीम ने एक रजत और छह कांस्य पदक जीते।



## सुपरबेट शतरंज में तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

एजेंसी ▶▶| वारसॉ

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले।



### चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ सूर्यांश शेडगे ने खेला मैच

# पंजाब के चोटिल मैक्सवेल आईपीएल से बाहर

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली।पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, 'ग्लेन मैक्सवेल ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'मैक्सवेल के साथी आस्ट्रेलियाई और पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले 'जियोस्टार' से कहा था, 'बदकिस्मती से मैक्सवेल की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया है। उसे लगा नहीं था कि चोट इतनी गंभीर होगी लेकिन यह है।

### विग्नेश पुथुर बाहर रघु होंगे विकल्प

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने लेग स्पिनर रघु शर्मा को चोटिल विग्नेश पुथुर की जगह टीम में शामिल किया। पुथुर मौजूदा सत्र के बाकी मैच नहीं खेल सकेंगे। केरल के बाएं हाथ के स्पिनर पुथुर दोनों पिंडलियों में हड्डी के तनाव के कारण बाहर हो गए हैं। 31 वर्ष के शर्मा मुंबई की सहयोगी गेंदबाजी ईकाई का हिस्सा हैं जो अब मुख्य टीम से जुड़ेंगे। वह घरेलू क्रिकेट में पंजाब और पुडुच्चेरी के लिए खेल चुके हैं।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग परियोजना खण्ड, कटनी**
Email:- mp.eephedkat@gmail.com Phone no. 07622-225752

कमांक 1585 / का.यं./ निप्रको. / लो.स्वा.या.परि.खण्ड / 2025 / कटनी दिनांक 29.04.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना** क्रमांक 101 / 25-26

ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptender.gov.in पर जिले के बहोरीबंद विकासखंड के सिंहुडी (बाकल) ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना अंतर्गत कार्य पंप हाउस/सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य घर घ्र कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन-संधरण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा कमांक | विकासखण्ड | ग्राम की संख्या | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/25-26 | 2023-PHED_413983_1 | BAHORIBAND | 1 | 119.34 | 119340 | 12500 | 6 माह |

ऑन लाईन निविदा कय एवं बिड की अंतिम तिथी - 13.05.2025 18:00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथी - 15.05.2025 12:00 बजे

निविदा फार्म ऊपर दर्शित बेबसाईट पर (Online System) केडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर कय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई बेबसाईट पर देखे।

कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी (07622-225752)

G-12260/25 "स्वच्छता ही सेवा"

हाईकोर्ट का लोकायुक्त डीजी को निर्देश

# गलत तरीके से विज्ञापन का टेंडर आवंटित कर करोड़ों रुपए के भुगतान की करो जांच

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जनसंपर्क विभाग में गलत तरीके से विज्ञापन का टेंडर आवंटित कर करोड़ों रुपए के भुगतान को चुनौती के मामले में लोकायुक्त डीजी को जांच के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने इसके लिए दो माह का समय दिया। जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए।



बालाघाट के पूर्व विधायक किशोर समरीते की ओर से अधिवक्ता शिवेन्द्र पांडे एवं सुयश प्यासी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क विभाग ने 2018 में विज्ञापन का टेंडर निकाला। कम रेट कोट करने वालों को विज्ञापन नहीं देकर 2016 के टेंडर के आधार पर अधिक रेट पर 6 कंपनियों को टेंडर आवंटित कर दिए। इसके लिए विभाग ने 3240 करोड़ रुपए का गलत तरीके से भुगतान किया है। आरोप लगाया गया कि उक्त कंपनियों को लगातार कई वर्षों से टेंडर आवंटित किया जा रहा है। नियमों को ताक पर रखते हुए टेंडर आवंटन के खिलाफ याचिकाकर्ता ने लोकायुक्त, सीबीआई, सेंट्रल विजिलेंस कमीशन में शिकायतें की। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई।

## आईटी पार्क में आवंटित पट्टा वापस लेने के आदेश पर यथास्थिति के निर्देश

**हाईकोर्ट ने किया जवाब तलब**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर के बरगी हिल्स स्थित आईटी पार्क में आवंटित पट्टा वापस लेने के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने विज्ञान एवं तकनीकी विभाग के प्रमुख सचिव और मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के एमडी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। मेसर्स टीएसडी कॉर्पोरेशन ने वर्ष 2019 में आईटी यूनिट संचालन के लिए भूमि आवंटित करने आवेदन किया था। मध्य प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम ने आवेदक को प्लॉट क्रमांक-एक आवंटित किया था। प्लॉट पथरीला एवं समतल नहीं थी, परंतु कंपनी द्वारा अपने प्रयासों से प्लॉट में कार्य शुरू किया। नजदीकी प्लॉट मालिक से सीमा संबंधी विवाद होने पर मामला सिवल कोर्ट चला गया।निगम ने 10 जनवरी 2025 को याचिकाकर्ता की लीज निरस्त कर दी। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे एवं अक्षय खण्डेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि लीज निरस्त करने से पहले याचिकाकर्ता का पक्ष भी नहीं सुना गया।

# कॉलेज में कम से कम छह घंटे रुकना होगा प्रोफेसर्स को

## नॉन टीचिंग स्टाफ की अटेंडेंस पर भी विभाग सख्त

जबलपुर।

सरकारी महाविद्यालयों में पदस्थ प्रोफेसर अगर छह घंटे से कम अवधि तक कॉलेज में रुकते हैं तो उनके वेतन में कटौती की जाएगी। प्रोफेसर और अन्य स्टाफ का वेतन कटने की स्थिति में उन्हें अवकाश दिया जा सकेगा जिसे लीव मैनेजमेंट सिस्टम में अपडेट किया जाएगा। दरअसल सरकार के पास शिकायतें पहुंच रही थी कि प्रोफेसर्स और अन्य प्राध्यापकों व स्टाफ कॉलेज में कुछ घंटों के लिए चेहरा दिखाकर चले जाते हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग ने तय किया है कि अब कॉलेज में कम से कम छह घंटे रुकने पर ही पूरे दिन का वेतन जनरेट किया जाएगा।

**उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देश**

उच्च शिक्षा विभाग ने प्रोफेसर्स के साथ एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी, अतिथि शिक्षक और जनभागीदारी समिति व गैर शैक्षणिक स्टफ के लिए दैनिक और मासिक उपस्थिति के आधार पर वेतन जारी करने के निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने सभी शासकीय महाविद्यालय और अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों, डीडीओ को जारी निर्देश में कहा है कि मार्च माह में हुई बैठक में मंत्री इंदर सिंह परमार ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए थे। इसके पहले विभाग द्वारा फरवरी में दो अलग-अलग पत्र लिखकर वेतन का भुगतान सार्थक एप पर उपस्थिति के आधार पर जारी करने के निर्देश दिए गए थे।

### सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार वेतन

निर्देश में कहा गया है कि मार्च माह के वेतन का भुगतान भी सार्थक एप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर किया जाना था। सार्थक एनालिटिकल डैश बोर्ड के द्वारा सभी शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक वर्ग के लिए इसे लागू किया गया है। इनकी दैनिक और मासिक उपस्थिति की रिपोर्ट एप के डेटा के आधार पर प्राचार्यों को उपलब्ध कराई जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग के संचालक वित्त द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि प्राचार्य डीडीओ हर शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक संवर्ग का वेतन हर माह की 30 तारीख को बनाएंगे। इसमें सार्थक एप पर दर्ज की गई उपस्थिति तथा हर वर्किंग डे में कम से कम छह घंटे की उपस्थिति को देखा जाएगा। सभी संवर्ग के स्टाफ की अनुपस्थिति को प्राचार्य उनके अवकाश के साथ समायोजित कर सकते हैं, जिसे ईएचआरएमएस के लीव मैनेजमेंट सिस्टम में दर्शाया जाएगा। इसके लिए लीव मैनेजमेंट सिस्टम का माड्यूल विकसित किया जा रहा है। इस मामले में निर्देशों के उल्लंघन में किसी भी तरह की लापरवाही के लिए प्राचार्य और डीडीओ ही जिम्मेदार माने जाएंगे।

# कार और 11 लाख नहीं मिलने पर सगाई के बाद तोड़ दिया रिश्ता

**हरिभूमि, जबलपुर।** शादी का रिश्ता तय होने के बाद सगाई हो जाने के उपरांत दहेज लोभियों ने 11 लाख रुपए नगद की डिमांड रख दी, लड़की वालों के हाथ पैर ढीले पड़ गए। परिवार ने अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाने के लिए लड़कों वालों के हाथ पैर जोड़े तमाम कोशिशे की, लेकिन कोशिशे नाकाम रहीं। अंत में हार कर लड़की ने गोहलपुर थाने में मामलें की शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने जांच के बाद दहेज लोभियों पर मामला दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि इसी माह 6 मई को शादी होने वाली थी इसके पहले लड़के वालों ने मांग पूरी नहीं होने पर रिश्ता तोड़ दिया। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर थाना क्षेत्र निवासी एक 22 वर्षीय युवती की शादी कृष्णा कलोनी निवासी शैलेंद्र झारिया के साथ हुई थी1 27 अप्रैल को लगुन व सगाई का कार्यक्रम गुलजार होटल में संपन्न हो गया था। 6 मई को शादी होनी थी। सगाई में लड़की वालों ने 2 लाख रुपए नगद और सवा लाख कीमती सोने की अंगूठी व 60 हजार रुपए के कपड़े नेग दस्तूर में दिए थे। 29 अप्रैल की शाम लड़के की मां का फोन लड़की के पिता के पास आया जिसमें उन्होंने कहा कि जिसमें

**6 मई को होना था विवाह, दहेज लोभियों पर मामला दर्ज**

उन्होंने 11 लाख रूपये नगद एवं कार की मांग की। ऐसा न करने पर शादी नहीं करने का फैसला भी सुना दिया। लड़की पक्ष के लोग शैलेंद्र झारिया के घर पहुंचे और बातचीत कर समझाने का प्रयास किया। यहां पर मौजूद शैलेन्द्र झारिया एवं उनकी मां सरोज झारिया , पिता भगवत झारिया, बहन शिल्पी झारिया, भाई पवन राज, आस्था झारिया, शुभम झारिया, चंद्रिका मेहरा, उमा झारिया सभी मिलकर बोले यदि दहेज में 11 लाख रूपये नगद तथा कार नहीं दोगे तो हम लोग शादी नहीं करेगें, लड़की पक्ष ने असमर्थता व्यक्त की तो लड़के पक्ष ने उसके पिताजी एवं रिश्तेदारों ने बात की और कहा कि हम लोग इतना दहेज तथा नगद देने में असमर्थ हैं तो उन सभी लोगों ने रिश्ता तोड़ कर शादी करने से इंकार कर दिया। लड़की पक्ष द्वारा शादी के लिए अग्रवाल बारात घर, टेंट हाउस, केटरिंग , बेंड, कैमरे की एडवांस बुकिंग की जा चुकी है जिसमें लाखों रुपए खर्च हो चुके है शादी के कार्ड भी बट चुके है। रिश्ता टूटने पर मानसिक, आर्थिक व सामाजिक स्थिति का नुकसान भी हो गया। परिवार परेशानी में आ गया। लड़की की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 3, 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम तथा 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## ओवरटेक करके बाईक ने टक्कर मारी, 2 घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत जुझारी तिराहा के पास एनएच 30 रोड में पीछे से ओवरटेक करते हुए एक बाईक ने दूसरी बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार दो युवक घायल हो गए। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नुन्जी नुन्जा निवासी 26 वर्षीय बढ़ई जितेंद्र लोहार अपनी नई बाईक से अपने साथी रवि कोल के साथ जबलपुर से घर जा रहा था, शाम लगभग 7 बजे जैसे ही जुझारी तिराहा के पास एनएच 30 रोड में पहुंचे तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एमएम 1245 के चालक ने तेजी से चलाते हुये ओवर टेक करने के चक्कर मे उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे जितेंद और रवि कोल मोटर सायकल सहित गिर गये और दोनों को हाथ पैर एंव शरीर में चोटे आ गई है।।

# बहन की शादी की तैयारी में जुटे भाई को ट्रक ने रौंदा

## आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रक में लगाई आग, किया पथराव

हरिभूमि, जबलपुर।

कटंगी के ग्राम गुबरा में देर रात बहन की बारात की स्वागत व्यवस्था में लगे भाई 18 वर्षीय सौरभ मेहरा को बेलगाम भाग रहे ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हसी खुशी का माहौल शोक में बदल गया। बताया गया है कि मृतक सौरभ की बहन की बरात आ चुकी थी। तैयारियों में सौरभ भी लगा हुआ था। जिस सड़क पर घटना हुई उसके एक तरफ वधु पक्ष का घर तो दूसरी तरफ जयमाला के लिए टेंट लगा था। सौरभ कुछ सामान लेने सड़क पार कर रहा था। तभी हादसा हो गया। गुस्से में आए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी, और





वाहन में पथराव किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया और फायर बिग्रेड ने वाहन में लगी आग बुझाई।घटना के संबंध में पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात कटंगी के ग्राम गुबरा में बेलगाम भागते एक ट्रक ने 18 वर्षीय सौरभ मेहरा को रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। बताया गया है कि उसकी बहन की शादी थी जो शादी की तैयारियों में जुटा था। इस घटना के बाद गुस्साएं लोगों ने ट्रक में आग लगा दी और पथराव किया, जिससे एक फायर बिग्रेड कर्मी घायल हो गया। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाईश दी तब जाकर रात 1 बजे यातायात बहाल हो सका। ट्रक में आग लगाने के बाद टायर धमाकों के साथ फटे। इससे पूरा क्षेत्र दहल उठा। एक-एक करके टायर फटने से दहशत फैल गई।

# दिनभर तेज धूप के बाद शाम को पड़ी तेज बौछारें

## गर्मी, हवा के बीच बिगड़े मौसम के मिजाज

हरिभूमि, जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से गर्मी के मौसम में बारिश और हवा के गठजोड़ से मौसम के मिजाज बदल गये हैं। दिनभर मौसम खुला रहा। तेज धूप रही पारा भी 40 डिग्री के पास रहा, लेकिन शाम 5.30 बजे के बाद अचानक बादल छाए और बारिश होने लगी। लगभग 5 मिनिट तेज बारिश के बाद मौसम खुलते ही उमस ने हमला कर दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिनों तक मौसम के मिजाज ऐसे ही रहेंगे। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा के कम दवाब का क्षेत्र बन गया है और हवा में नमी बन गई है रविवार को भी दोपहर व रात में आंधी पानी की स्थिति बनी रही और दोपहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में हुई बारिश के बाद पश्चिमी-



विक्षोभ ने मध्यप्रदेश को अपने घेरे में ले लिया है। खासकर पूर्वी मध्यप्रदेश में वायुमण्डल पर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 40.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 25.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 53 प्रतिशत और सायंकाल 29 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.0 और न्यूनतम तापमान 23.06 दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे अधिक 43.4 डिग्री तापमान खरगौन में दर्ज किया गया। सूर्योदय 5.36 पर और सूर्य अस्त 6.38 पर हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 6 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकतीं हैं।

## पिकअप वाहन की टक्कर से बाईक सवार 3 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत बरेला बायपास नर्मदा ढाबा के आगे पुल के पास एक पिकअप वाहन ने एक बाईक में टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार तीन युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोतीनाला बरियातले हनुमानताल निवासी शादाब अंसारी अपने कर्मचारी मोहम्मद असलम अंसारी, दिवाकर यादव और प्रिंस चौधरी के साथ दोस्त की शादी में ग्राम उदयपुर गया था, वहां से आते समय रात लगभग 10 बजे बरेला वायपास नर्मदा ढाबा के आगे पुल के पास पहुंचे तभी पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड एन 7848 के चालक ने मोहम्मद असलम की मोटर सायकल में टक्कर मार दी।

**नशीले इंजैक्शनों की खेप जब्त**

# नशे का सौदागर पुलिस के हाथ लगा

हरिभूमि, जबलपुर।

क्राईम ब्रांच और हनुमानताल पुलिस ने रविदास नगर काली मंदिर के पास नशीले इंजेक्शन के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 200 नग नशीले इंजेक्शन, 1 मोबाइल तथा नगदी 7 हजार रूपये जप्त किए है। हनुमानताल थाना प्रभारी धीरज राज ने बताया कि गत दिवस क्राईम ब्रांच और हनुमानताल पुलिस की टीम ने रविदासनगर काली मंदिर के पास नशीले इंजेक्शन बेच रहा करमेता माढ़ोताल निवासी 32 वर्षीय रामगोपाल चड़ार को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर पेंट के जेबों में नगद सात हजार



रूपये, सेमसंग कम्पनी का मोबाइल और थैले में 8 कार्टून मेंफेनरामाईन मैलेट इंजैक्शन की 200 शीशियां जब्त कर ली है। उक्त नशीले इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर सागर निवासी ब्रजेश यादव द्वारा इंजेक्शन देने पर फुटकर ग्राहकों को बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध 5/13 म.प्र.ड्रग कंट्रोल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया।

# इस हफ्ते आएगा एमपी बोर्ड का रिजल्ट

जबलपुर।

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों का छात्र बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आपको बता दें कि अब यह इंतजार जल्द ही पूरा होने वाला है। मई के पहले सप्ताह में रिजल्ट जारी होने वाला है। इस बात का निर्देश खुद राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को दिए हैं।

**सीएम ने दिए समय पर रिजल्ट के निर्देश, मूल्यांकन कार्य तय समय से पहले पूरा**

मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। बता दें कि इस बार मूल्यांकन केंद्र मालव कन्या उमावि में 10वीं और 12वीं की कुल 3 लाख 4 हजार 511 कॉपियां जांच के लिए अन्य जिलों से आई थीं। 13 मार्च 2025 से परीक्षा मूल्यांकन का कार्य शुरू हुआ था। इस बार मूल्यांकन कार्य 25 अप्रैल तक पूरा होना था, जिसको चार दिन पहले ही पूरा कर लिया। राज्य शिक्षा केंद्र ने निर्देश जारी किए कि अगर संशोधित प्राप्तांकों की एंट्री पोर्टल पर अपलोड नहीं की तो मूल्यांकन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम पूरा

अधिकारियों ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं को जांचने का काम पूरा हो गया है। सभी जिलों में समन्वयक केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभाग के अधिकारियों को परीक्षा परिणाम मई के पहले सप्ताह में जारी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं निर्देश के अनुसार 5वीं और 8वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद तीन अप्रैल से परीक्षा पोर्टल पर पुनर्गणना की सुविधा लाइव की जा चुकी है। पुनर्गणना के लिए विद्यालय के माध्यम से विद्यार्थियों के पुनर्गणना के आवेदन पोर्टल पर पंजीकृत किए जा रहे हैं। विद्यालयों से कहा गया है कि पोर्टल पर लाग इन कर पुनर्गणना विंडो को ओपन कर 5वीं और 8वीं का चयन किया जा सकता है।

कार्गो कम्पनी का अधिकारी बनकर की ठगी

# इंजीनियरिंग छात्र को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख हड़पे

हरिभूमि, जबलपुर।

जालसाज किस तरह पढ़े लिखे नौजवानों को अच्छे पैकेज की नौकरी का झांसा दकर उनके खाते खाली करवाकर लाखों रूपए हड़प रहे हैं। इसकी वानगी आधारताल थानान्तर्गत न्यू रामनगर कालोनी में सामने आयी जहां एक जालसाज ने बीई के एक छात्र के मोबाईल पर मैसेज भेजकर एक ग्लोबल कार्गो कम्पनी में नौकरी लगाने के नाम पर धीरे-धीरे कर अपने खाते में लाखों रूपए ट्रांसफर कर लियो। इंजीनियरिंग छात्र की शिकायत पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का दर्ज कर विवेचना में लिया है।

आधारताल पुलिस ने बताया कि न्यू रामनगर निवासी प्रियांश शर्मा बीई की पढ़ाई कर रह है गत 4 मई 2022 को प्रियांश के पिता मुकेश शर्मा के मोबाईल पर एक मैसेज आया



जिसमें लिखाथा जॉब एट इंम्पोर्ट ग्राउण्ड स्टाफ, सुपरवाई, चैकर, लोडर, डाईवर,गार्ड एवं हेल्पर 10 वी और 12 वीं सैलरी 25 हजार , 60 हजार प्लस बोनस तो प्रियांश ने उस मोबाईल नबर पर कॉल किया उन्होंने प्रियांश का रिज्यूम मांगा प्रियांश ने गत 5 मई 2022 को व्हाटसअप के माध्यम से अपना रिज्यूम उसी नंबर पर सेंड कर दिया तो उसे बताया गया कि उनके पास ग्लोबल कार्गो कम्पनी के अधिकार हैं और उसकी नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया गया प्रियांश को बताया गया कि यह ग्लोबल कम्पनी का आफिसियल नंबर है यह मोबाईल नंबर कार्गो कम्पनी के अधिकारियों धीरज दास तथा विपुल गुप्ता ने अपडेट किया है। प्रियांश के दस्तावेज भिजने के बाद उसे ग्लोबल कार्गो कम्पनी के एकाउंट सेक्सन से निरंजन ठकारिया का फोन आया । उन्होंने 1950 रूपए एप्लिकेशन फार्म के मांगे। प्रियांश ने 1950 रूपए गत 5 जुलाई 2022 को ऑनलाईन पेमेंट कर दिए इसके बाद जालसाजों ने प्रियांश को अपने जाल में फंसाकर धीरे-धीरे कर अलग-अलग तिथियों में 2 लाख रूपए ट्रांसफर करा लिये इसके बाद जालसाजों ने प्रियांश से 50 हजार रूपए और मांगे तो उसे शंका हुई कि उसके साथ नौकरी का झांसा देकर 2 लाख रूपए की धोखाधड़ी अज्ञात जालसाजों ने की है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240